Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-246
रायपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज़

### सरकार ने लगाया पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध



**नयी दिल्ली।** सरकार ने भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेन्सियों के बारे में भड़काऊ, झूठे, भ्रामक और सांप्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने वाली सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण करने वाले पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि यह प्रतिबंध केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लगाया गया है। जिन यूट्यूब चैनलों प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें डॉन न्यूज, समा टीवी , ऐरे न्यूज और जियो न्यूज प्रमुख हैं। ये चैनल पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजी तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर भ्रामक और सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण कर रहे हैं।

### तहव्वुर राणा अभी और 12 दिन रहेगा एनआईए की हिरासत में



**नयी दिल्ली।** दिल्ली में पटियाला हाउस कोर्ट की एक विशेष अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी की अर्जी पर मुंबई में आतंकवादी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की हिरासत की अवधि 12 दिन के लिए बढ़ा दी। मुंबई में 26 नवंबर के भयावह आतंकवादी हमलों की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार राणा को इससे पहले अदलात ने 18 दिन की रिमांड पर एनआईए को सौंपा था। राणा को भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत अदालत की अनुमति से इसी माह विशेष विमान से नयी दिल्ली लाया गया था।

### शिवराज ने किया देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों से संवाद



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ की बुआई से पहले किसान जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान करते हुए कहा है कि प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया जाना चाहिए। चौहान ने यहां देशभर के सभी 731 कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) से ऑनलाइन संवाद करते हुए कहा कि खरीफ की बुआई से पहले सभी केंद्रों और संबंधित संस्थानों को राज्य सरकारों के साथ मिलकर किसान जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और उत्पादकता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

## नक्सल उन्मूलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के भविष्य को सुरक्षित करने का मिशन : मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में छत्तीसगढ में नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा की। बैठक में गृह मंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम, विशेष डीजी नक्सल ऑपरेशंस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक का मुख्य फोकस प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा स्थिति और नक्सल उन्मूलन अभियानों की प्रगति रहा। मुख्यमंत्री साय ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सलमुक्त बनाने के संकल्प के साथ दृढ़ता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद का समूल उन्मूलन करना हमारा लक्ष्य है और इस दिशा में हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों के अधिकारियों और जवानों के अदम्य साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बहादुरी के कारण प्रदेश के कई क्षेत्र नक्सल प्रभाव से मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों के मनोबल को और ऊंचा बनाए रखने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अंतिम सफलता अब बहुत निकट है। मुख्यमंत्री साय ने विशेष रूप से यह निर्देश दिया कि नक्सल विरोधी अभियानों में आपसी समन्वय और सूचना संकलन तंत्र को मजबूत किया करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नक्सल उन्मूलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के भविष्य को सुरक्षित करने का मिशन है, जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जैसे जिलों में सुरक्षा और विकास दोनों को साथ लेकर चलना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतने के लिए संवाद बढ़ाया जाए और क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को यह महसूस होना चाहिए कि सरकार उनके लिए समर्पित है और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहती है। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब निर्णायक मोड़ पर है। उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा, सजगता और प्रतिबद्धता के साथ इस ऐतिहासिक लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभाएँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त और विकासोन्मुख प्रदेश के रूप में पूरे देश में एक नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सुरक्षा बल, प्रशासनिक अमला और प्रदेशवासी एकजुट होकर इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करेंगे और 'विकसित छत्तीसगढ़' के सपने को साकार करेंगे।

### नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों को मिला नया संबल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने जानकारी दी कि नियद नेल्लानार योजना के तहत ग्राम पंचायतों में मनरेगा के अंतर्गत 6,324 नए जॉब कार्ड बनाए गए हैं। बस्तर संभाग की 4 ग्राम पंचायतों के 8 गांवों में पहली बार योजना के अंतर्गत कार्य प्रारंभ हुए हैं। साथ ही 913 जॉब कार्डधारी परिवारों के 3,134 सदस्यों को पहली बार मनरेगा में रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री साय ने स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के माध्यम से नियद नेल्लानार योजना में शामिल गांवों के युवाओं के लिए प्राथमिकता से भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने पर अपनी खुशी जाहिर की और इसे निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।

## मिट्टी का टीला ढहने से 5 मौत, दो घायल

पायनियर संवाददाता ◄ कौशांबी
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र में मिट्टी की टीला ढहने से उसमें दब कर दो किशोरियों समेत पांच महिलाओं की मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नगर पालिका परिषद भरवारी के टीकरडीह गांव की महिलाएं चूल्हा एवं घर पोताई के लिए तालाब से मिट्टी खोद कर निकाल रहे थी कि इस दौरान अचानक मिट्टी का टीला टूटकर गिर गया। मिट्टी के मलबे में दब कर संगीता (35),ममता (32), कछरहि (32),उमा उर्फ सुमन (14) और खुशी (16) की मौके पर मृत्यु हो गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके में आए और सूचना देकर जेसीबी बुलाई गई जिसकी सहायता से मिट्टी हटाने एवं बचाव कार्य शुरू हुआ। मृतक महिलाओं के शवों को बाहर निकाल लिया गया है। हादसे में सपना (15) व मैना (23) गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

## केरल मुख्यमंत्री कार्यालय, क्लिफ हाउस, राजभवन यातायात आयुक्त कार्यालय को बम मारने की धमकी

वार्ता ◄ तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com



केरल की राजधानी में कई स्थानों पर बम मारने की धमकी का हवाला देते हुए राज्य पुलिस ने सरकारी सचिवालय में मुख्यमंत्री कार्यालय उनके आधिकारिक निवास 'क्लिफ हाउस', राजभवन और शहर यातायात आयुक्त के कार्यालय में सुरक्षा उपाय कड़े कर दिए। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह मुख्यमंत्री कार्यालय को कई स्थानों पर बम मारने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने इन सभी स्थानों पर निरीक्षण किया। ईमेल में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से ड्रग माफिया के खिलाफ अपनी सरकार के अभियान को रोकने की मांग की गई थी, जिसमें कहा गया था कि इन सभी स्थानों पर अपराह्न दो बजे से पहले बम फटेंगे। इस बीच, आज सुबह कोच्चि में कोचीन हवाई अड्डा प्राधिकरण को एक और बम की धमकी मिली, जिससे एजेंसियों को यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा कड़ी करनी पड़ी। तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन को भी रविवार को इसी तरह की बम धमकियाँ मिली थीं। हालाँकि पुलिस ने घटनाओं की जाँच शुरू कर दी है, लेकिन धमकी का स्रोत नहीं मिल पाया है। पिछले कई दिनों से राज्य को अज्ञात स्रोतों से कई बम धमकियाँ मिल चुकी हैं, लेकिन हाल ही में मिली बम धमकियाँ दो मई को विझिनजम बंदरगाह का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री की राज्य की राजधानी की यात्रा से पहले मिली थीं। इससे पहले, इस शहर के कई होटलों में बम धमकियाँ मिली थीं, जिनमें हिल्टन गार्डन होटल, साउथ पार्क और अक्कुलम में गोकुलम ग्रैंड होटल शामिल हैं। तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पलक्कड़ और कोट्टायम जिलों सहित कई कलेक्ट्रेट को भी बम धमकियाँ मिली थीं।

## भारत और फांस ने 26 राफेल मरीन विमानों के खरीद सौदे पर मुहर लगायी

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच भारत और फ्रांस की सरकारों ने यहां फ्रांस के साथ 63 हजार करोड़ रूपये की लागत से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद के अंतर सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किये। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के रक्षा मंत्री सेबास्टियन लेकोर्नु ने इस सौदे पर हस्ताक्षर किये। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में भारत और फ्रांस के अधिकारियों ने यहां नौसेना भवन में इस सौदे, विमान पैकेज आपूर्ति प्रोटोकाल, और हथियार पैकेज आपूर्ति प्रोटोकाल की हस्ताक्षरित प्रतियों का आदान प्रदान किया गया। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल सीट वाले और चार दो सीट वाले विमान मिलेंगे। इन विमानों की आपूर्ति पांच वर्ष यानी 2030 में पूरी होगी और भारत को पहला राफेल मरीन विमान 2028 में मिलने की संभावना है। इन विमानों के लिए चालक दल को प्रशिक्षण भारत और फ्रांस में दिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इस सौदे को हाल ही में मंजूरी दी थी। इससे पहले जुलाई 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद ने नौसेना के लिए 26 राफेल मरीन विमानों की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इन विमानों को मुख्य रूप से देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर तैनात करने के लिए खरीदा जा रहा है। इन विमानों के नौसेना के बेड़े में शामिल होने के बाद हिन्द महासागर में नौसेना की ताकत कई गुना बढ जायेगी। इस सौदे में विमानों के साथ संबंधित उपकरण, हथियार प्रणाली, सिमुलेटर और प्रशिक्षण साजो सामान भी शामिल है। इस समझौते में सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल पर जोर के अनुरूप स्वदेशी हथियारों के एकीकरण के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण शामिल है। इसमें राफेल फ्यूज़लेज के लिए विनिर्माण सुविधा की स्थापना के साथ-साथ भारत में विमान इंजन, सेंसर और हथियारों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल सुविधाएं भी शामिल हैं।

## बड़े पैमाने पर आईएफएस अफसरों के तबादले

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्य सरकार ने सोमवार को बड़े पैमाने पर आईएफएस अफसरों के तबादले किए है। जिसमें 35 अफसरों के प्रभार बदले गए है। उपवन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी वनमंडल खैरागढ़ से मुख्य वन संरक्षक, अरण्य भवन नवा रायपुर में पदस्थ किया गया है। वहीं सतोविशा समाजदार को वन संरक्षक वन्यप्राणी उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर में पदस्थ किया गया है। प्रियंका पाण्डेय वनमंडलाधिकारी जांजगीर-चांपा से प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरण्य भवन रायपुर में पदस्थ किया गया है। गणवीर धम्मशील सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर को बलौदाबाजार वनमंडलाधिकारी बनाया गया है। वन मंडल महासमुंद से पंकज राजपूत को खैरागढ़ वनमंडल में पदस्थ किया गया है। वनमंडलाधिकारी कोरबा वनमंडल से अरविंद पी एम को रायगढ़ वनमंडल में पदस्थ किया गया है। संयुक्त सचिव छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्रालय से प्रतिनियुक्ति पर मयंक पाण्डेय को वनमंडलाधिकारी महासमुंद में पदस्थ किया गया है।

## इंद्रावती नदी बचाने के लिए बस्तर में अभियान शुरू पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज तीन दिन करेंगे पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



इंद्रावती बचाव अभियान का आगाज करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह पदयात्रा जल-जंगल-जमीन के अधिकार के लिए है। इंद्रावती हमारे बस्तर के लिये प्राणदायक नदी है। बीजापुर से जगदलपुर जहां इंद्रावती नदी बहती है वहां अब सरकार की उपेक्षा और बदइंतजामी के चलते पूरी तरह सूख चुकी है, जिसे बचाने के लिये बस्तरवासी पूरे तरीके से संघर्षरत हैं, लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है। यहीं हालात रहा तो आने वाले समय में इंद्रावती नदी का अस्तित्व बस्तर से समाप्त हो जायेगा। चित्रकूट विश्व का प्रमुख पर्यटन स्थल है, उसका भी अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। यहां हजारो पर्यटक घूमने आते है, लाखो लोगो को रोजगार मिलता है। इंद्रावती नदी से किसानों को सिंचाई के लिये पानी मिलता है। इस नदी से गांवो के लोगों को पानी मिलता है और जब नदी नहीं रहेगा तो लोगो को और किसानों को पानी कहां से मिलेगा? इंद्रावती नदी का जल स्तर गिरते जा रहा है। आने वाले समय में इंद्रावती नदी और बस्तर को बचाने के लिये लंबी लड़ाई लड़नी होगी। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार और उड़ीसा में भी भाजपा की सरकार है, तब भी यहां के लोगो को पानी क्यों नहीं मिल रहा है? सरकार इस मामले में बिल्कुल गंभीर नहीं है। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा जल समझौते के अनुसार दोनो राज्यो को 50-50 प्रतिशत पानी मिलना है, लेकिन साय सरकार के निकम्मेपन के चलते उड़ीसा को 80 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ को 20 प्रतिशत पानी मिल रहा है। क्या 20 प्रतिशत पानी बस्तर के लिये पर्याप्त है? इसलिये इंद्रावती नदी को बचाने के लिये हम बड़ी लड़ाई लड़ेंगे, इन्हीं मुददों को लेकर हम पदयात्रा के रूप में सड़क की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब हमारी सरकार थी तो हमने प्रस्वात रखा था की बैराज बने, इस मामले में डबल इंजन की सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। अगर सरकार बैराज बनाती है तो आने वाले सालों तक बस्तर में पानी की कमी नहीं होगी। कांग्रेस पार्टी ने जब आंदोलन किया तब सरकार हरकत में आयी और शासन और प्रशासन ने पानी छोड़ने का काम किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह हमारे बस्तर की अस्मिता का सवाल है।

**समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ , पीएम नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे**

## राष्ट्रपति ने 71 पद्म पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 71 व्यक्तियों को राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुर्मु ने पहले चरण के अलंकरण समारोह में 04 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म पुरस्कार प्रदान किए। पद्म पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की गयी थी। पद्म विभूषण से सम्मानित किए जाने वालों में सर्वश्री एम. टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत), साहित्य और शिक्षा, डॉ. दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी , मेडिसिन डॉ. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम ,कला और जापान से ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत), व्यापार और उद्योग शामिल हैं। पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने वालों में सर्वश्री नंदमुरी बालकृष्ण ,कला, विनोद कुमार धाम , विज्ञान और इंजीनियरिंग, सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत), सार्वजनिक मामले और शेखर कपूर, कला प्रमुख हैं। इसके अलावा सर्वश्री डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल , कला, डॉ. के. ओमानकुट्टी अम्मा , कला, मिरियाला अप्पाराव (मरणोपरांत), कला, रविचंद्रन अश्विन, खेल और जोयनाचरण बाथरी आदि की कला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पद्म पुरस्कार विजेता आज सुबह राष्ट्रीय समर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पद्म पुरस्कार विजेता राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण भी करेंगे। समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और पर्यावरण एव वन मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## काजी, शरिया अदालत भारतीय कानून के तहत मान्यता प्राप्त नहीं : सुप्रीम कोर्ट

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने दोहराया कि 'काजी अदालत', 'दारुल कजा', 'शरिया अदालत' या इसी तरह के किसी भी निकाय को भारतीय कानून के तहत मान्यता प्राप्त नहीं है और उनके फैसले कानूनी रूप से लागू नहीं होते हैं। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने विश्व लोचन मदन बनाम भारत संघ में 2014 की मिसाल का उल्लेख किया जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि शरीयत अदालतों और फतवों को कोई कानूनी मंजूरी नहीं है। न्यायालय एक महिला द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा एक पारिवारिक न्यायालय के फैसले की पुष्टि को चुनौती दी गई थी जिसमें उसे भरण-पोषण देने से इनकार किया गया था। पारिवारिक न्यायालय ने अपने निष्कर्षों को आंशिक रूप से, 'काजी कोर्ट' के समक्ष प्रस्तुत किए गए समझौते पर आधारित किया था। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने टिप्पणी की , 'काजी की अदालत', 'दारुल कजा' या 'शरिया अदालत' के रूप में पहचाने जाने वाले निकायों का, चाहे उनका लेबल कुछ भी हो, कोई कानूनी दर्जा नहीं है। जैसा कि विश्व लोचन मदन में पहले कहा गया था, उनके द्वारा जारी कोई भी आदेश या निर्देश बाध्यकारी नहीं है न ही इसे बलपूर्वक लागू किया जा सकता है। ऐसे निर्णय केवल तभी प्रासंगिक हो सकते हैं जब पक्षकार स्वेच्छा से उन्हें स्वीकार करें और तब भी केवल तब तक जब तक कि वे किसी मौजूदा कानून का उल्लंघन न करें।' इस मामले में अपीलकर्ता-पत्नी और प्रतिवादी-पति दोनों ने इस्लामी रीति-रिवाजों का पालन करते हुए 24 सितंबर, 2002 को अपना दूसरी विवाह किया।

## पहलगाम आतंकवादी हमले में 'गंभीर सुरक्षा चूक' के लिए केन्द्र जिम्मेदार : सिद्दारमैया

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में कर्नाटक के तीन लोगों सहित 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के मामले में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को गंभीर सुरक्षा चूक के लिए जिम्मेदार ठहराया। केंद्र की मूल्य वृद्धि और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिद्धारमैया ने सवाल किया, जब कश्मीर में भारतीयों की हत्या की जाती है, तो क्या सरकार द्वारा अपने नागरिकों की सुरक्षा में विफलता पर सवाल उठाना गलत है? अगर हम ऐसा करते हैं, तो क्या आप हमारे कार्यक्रमों को बाधित करेंगे? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कथित तौर पर कांग्रेस के एक कार्यक्रम को बाधित करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि पार्टी भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (भाजपा-आरएसएस) की खुली धमकियों के आगे नहीं झुकेगी। उन्होंने कहा, मेरे पास आप सभी से सार्वजनिक रूप से भिड़ने की ताकत है, और ऐसा हमारे कार्यकर्ता करते हैं। केंद्र पर लोगों को धोखा देने का आरोप लगाते हुए सिद्दारमैया ने कहा कि पिछले दशक में इसने केवल कीमतें बढ़ाई, भारतीय समाज को विभाजित किया और आम आदमी का जीवन दयनीय बना दिया। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान संघ परिवार की अनुपस्थिति को लेकर उस पर हमला बोलते हुए पूछा, जब भारतीयों ने अपने प्राणों की आहुति दी, तब आप क्या कर रहे थे?

# धार्मिक व पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाय : धामी

एजेंसी ➤ देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि धार्मिक और पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाए। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत भी सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाय। धामी ने कहा कि जिलाधिकारियों द्वारा अपने जनपदों में इसकी नियमित निगरानी की जाए। चारधाम यात्रा के दौरान और अन्य महत्वपूर्ण मामलों में विभिन्न माध्यमों से फेक न्यूज चलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाय और जिलाधिकारियों द्वारा सही जानकारी नियमित रूप से विभिन्न माध्यमों से साझा की जाए। धामी ने अपने आवास से वर्चुअल बैठक के दौरान जिलाधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में किरायेदारों का सत्यापन न कराने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। ठेली, फड़ और झुग्गी झोपडियों में रहने वालों का भी सत्यापन किया जाए। राशन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली के कनेक्शन आयुष्मान कार्ड और अन्य दस्तावेज अपात्र लोगों को देने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। धामी ने निर्देश दिए कि जनपदों में जिलाधिकारियों द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी सत्यापन के लिए लगाई जाए। उन्होंने वनाग्नि प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के साथ ही वनाग्नि की घटनाओं में संलिप्त पाये जाने वालों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि नियमित फ ॉगिंग के साथ ही डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने अस्पताओं में बिजली की रोस्टिंग न करने और ग्रीष्मकाल में प्रदेश में बिजली और पानी की सुचारू आपूर्ति रखने के निर्देश भी दिये हैं। प्रदेश में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी कैंचीधाम वार्षिकोत्सव के दृष्टिगत, सड़कों की बेहतर स्थिति के साथ पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे समय-समय पर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें। जिससे व्यवस्थाएं भी सही बनी रहेंगी और जन समस्याओं का समाधान भी तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि बहुद्देशीय शिविरों, तहसील दिवस और बीडीसी की बैठकें नियमित की जाए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए। विद्युत बिल की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए।

# विश्वविद्यालय के विकास में अपनी भूमिका निभाएं एलुमनाई एसोसिएशन: कुलपति

एजेंसी ➤ दरभंगा
www.dailypioneer.com

बिहार के प्रतिष्ठित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने पूर्ववर्ती छात्रों से विश्वविद्यालय की विकासात्मक यात्रा में योगदान देने की अपील करते हुए आज कहा कि एलुमनाई एसोसिएशन (पूर्ववर्ती छात्र संगठन) विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका निभा सकता है। प्रो. चौधरी ने एलुमनाई एसोसिएशन के नरगौना परिसर स्थित जुबली हॉल में आयोजित वार्षिक मिलन समारोह-2025 को संबोधित करते हुए कहा कि अलमुनाई एसोसिएशन बदलते शैक्षणिक वातावरण में प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए अपरिहार्य बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को बहुविषयक अनुसंधान विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त होने से यहां एलुमनाई एसोसिएशन की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। विशिष्ठ अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के एलुमनाई और संदीप विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समीर कुमार वर्मा ने अपने छात्र जीवन के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से सब एकजुट रहकर इस विश्वविद्यालय को उत्तम शिखर पर पहुंचाएँ। उन्होंने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विकास कार्य में संदीप विश्वविद्यालय के साथ विभिन्न क्षेत्रों में विशेषकर प्रबंधन के क्षेत्र में एमओयू करने की प्रबल इच्छा अभिव्यक्त की। समारोह में बतौर अतिथि विश्वविद्यालय के एलुमनाई और बिहार स्टेट बायोडायवर्सिटी बोर्ड के तत्कालीन उप- निदेशक मिहिर कुमार झा ने विश्वविद्यालय और एलुमनाई एसोसिएशन को बायोडायवर्सिटी बोर्ड से जुड़ने की अपील की। एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. शिशिर कुमार वर्मा ने समारोह की अध्यक्षता की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने एसोसिएशन के उद्देश्यों के प्रति समर्पण और भविष्य में अनुसंधानपरक गुणवत्ता में सक्रिय भागीदारी की सिद्धि के लिए संकल्प लेने और इस बाबत कार्य योजना के स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत एसोसिएशन के सचिव डॉ. दिवाकर झा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अजय नाथ झा ने किया।कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. पारूल बनर्जी ने किया। उल्लेखनीय है कि एलुमनाई एसोसिएशन ने पहली बार विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर पर विज्ञान, कला और वाणिज्य के फैकेल्टी टॉपर तथा ओवरऑल टॉपर को गोल्ड मेडल तथा प्रमाण - पत्र देने की परंपरा का शुभारंभ भी किया।

# हार्डकोर महिला नक्सली सुनीता मुर्मू ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी ➤ बोकारो
www.dailypioneer.com



झारखण्ड के बोकारो जिला प्रशासन के समक्ष प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी से जुड़ी हार्डकोर नक्सली सुनीता मुर्मू उर्फ लीलमुनि मुर्मू ने आत्मसमर्पण कर दिया। बोकारो के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गयारी एवं अधिकारियों के समक्ष भाकपा माओवादी की सक्रिय सदस्य सुनीता मुर्मू उर्फ लीलमुनि मुर्मू ने आत्मसमर्पण किया। इस मौके पर स्वर्गयारी ने कहा कि 21 अप्रैल 2025 को बोकारो जिले के अति नक्सल प्रभावित लुगू पहाड़ के इलाके में नक्सलियों के विरुद्ध सघन अभियान एवं चलाया गया। झारखण्ड पुलिस, जगुआर, 209 कोबरा पुलिस एवं सीआरपीएफ बटालियन के जवानों का संयुक्त अभियान में पुलिस एवं इनामी नक्सली प्रयाग मांझी के दस्ते के बीच मुठभेड़ में भाकपा माओवादी का शीर्ष नेता केंद्रीय कमिटी सदस्य और एक करोड़ रुपए के इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक मांझी, सहदेव सोरेन समेत 8 हार्डकोर नक्सली मारे गए। इस दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोली तथा दैनिक समान बरामद किए गए थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शीर्ष कई नक्सलियों के मारे जाने के भय एव झारखण्ड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर सुनीता ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सली सुनीता मुर्मू महुआटांड़ थाना (बोकारो) एवं खुखरा थाना क्षेत्र में कई नक्सली कांड में शामिल रहीं है जो दुमका निवासी है। सुनीता पूर्व में गिरिडीह जेल में तीन वर्ष तक बंद रही है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में नक्सली सुनीता मुर्मू ने स्वीकार किया है कि लुगू पहाड़ के जंगल में पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में वह शामिल थी

# बद्रीनाथ हेमकुंड यात्रा मार्ग पर 158 स्थानों पर तीसरी आंख की नजर

एजेंसी ➤ चमोली
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। चमोली जिले में यात्रा मार्ग पर जहां अतिरिक्त, पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं पुलिस की ओर से इस वर्ष यात्रा मार्ग के 158 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। पुलिस की ओर से जिले में प्रवेश करने वाले स्थानों पर निरीक्षण की व्यवस्था भी की गई है। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि बद्रीनाथ यात्रा मार्ग को 19 सेक्टरों में बांटते हुए सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिनकी ओर से बाइक के माध्यम से यात्रा मार्ग की निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए गौचर, लंगासू, पीपलकोटी और गोविंदघाट में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही यात्रा मार्ग के गौचर, कर्णप्रयाग, नंदप्रयाग, चमोली, पीपलकोटी, जोशीमठ सहित अन्य 31 स्थानों पर सभी सीमित संख्या में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पंवार ने बताया कि जनपद में यातायात के सुचारु संचालन के लिए पुलिस की ओर से तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए जहां पुलिस अधिकारी और जवानों के साथ चार एसडीआरएफ, दो एनडीआरएफ और चार डीडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। वहीं दो जल पुलिस की टीमें भी यात्रा मार्ग पर तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान जनपद में जहां 121 आउट डोर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, वहीं बद्रीनाथ यात्रा मार्ग पर वर्तमान तक 93 सीसीटीवी कैमरे स्टॉल कर दिए गए हैं जबकि 65 अन्य कैमरे लगाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रशासन की ओर से चिन्हित नौ भूस्खलन क्षेत्रों पर सुरक्षा और सुगम यातयात व्यवस्था के लिए पुलिस के जवानों की तैनाती के साथ ही 18 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिसे भूस्खलन जोन की यात्रा के दौरान लगातार निगरानी की जाएगी।

वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए बद्रीनाथ और गौचर में ड्रोन टीम की तैनाती की गई है।

जिनके माध्यम से ट्रैफिक की निगरानी की

# तेंदुए ने फिर किया गांव में घुसकर शिकार

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के बागौर थाना क्षेत्र में गांव में घुसे तेंदुए ने एक बछड़ी के शिकार करने से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कापड़िया गांव में सोहन दास के बाड़े में बंधे बछड़ी का तेंदुए ने शिकार किया और उसे खा गया। रात में इसकी किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह सोहनदास बाड़े में आया तो उसे बछड़ी का शव मिला, जिसे तेंदुए ने आधा खा लिया था। इससे ग्रामीण चिंतित हो गये हैं। हालांकि वन विभाग ने दो पिंजरे लगा दिये हैं। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीण मौके पर जुट गये। पुलिस भी वहां पहुंच गयी। वन विभाग के दल को भी मौके पर बुलवा लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह तेंदुआ कापड़िया के बाशिंदों में आतंक का पर्याय बना हुआ है। सबसे पहले इसने एक महिला और उसके मासूम दोहिते के साथ ही एक ग्रामीण पर हमला किया था। इसके बाद अब तक यह तीन पशुओं को शिकार बना चुका है। उधर वन विभाग ने गांव में तालाब सहित दो स्थानों पर दो पिंजरे भी लगाये हैं, लेकिन तेंदुआ पिंजरे में कैद नहीं हो रहा है।

# जलूस में गोली से मृत युवक के परिजनों से मिले जीतू पटवारी

एजेंसी ➤ मुरैना
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी यहां जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित ग्राम हिंगोना खुर्द में अंबेडकर जयंती के जलूस के दौरान गोलीबारी में मारे गए युवक संजय सेमिल के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और शांति बनाए रखने की सलाह दी। पटवारी ने कहा कि इस दुखद घड़ी में कांग्रेस पार्टी उनके साथ है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि घटना के चौदह दिनों बाद भी पुलिस सभी अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही है। यह एक चिंता का विषय है। वे इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत खराब है, खासकर मुरैना में स्थिति बहुत ही खराब है। यहां सरेआम एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने मृतक संजय सेमिल के परिजनों को शासन की तरफ से आर्थिक मदद के रूप में चार लाख 12 हजार रुपए का चेक सुपुर्द किया।

# विभिन्न मामलों में पांच सौ वांछित अपराधी गिरफ्तार

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर पुलिस रेंज के पांच जिलों में दो दिवसीय एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत कारवाई करते हुए पुलिस ने 500 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश ने बताया कि अभियान के तहत 1361 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के 322 दलों ने 1504 से अधिक स्थानों पर दबिश दी। उन्होंने बताया कि रेंज के भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर एवं डीग जिलों में विशेष अधिनियम के तहत 171 अपराधियों को नवीन मामलों में गिरफ्तार किया किया गया। उन्होंने बताया कि महिला अत्याचार के मामलों में वांछित आठ, स्थाई वारन्टी, अपराधी और गिरफ्तारी वारंट में वांछित 45, जघन्य अपराधों में वांछित 12, सामान्य अपराधों में वांछित 45, एक इनामी, आर्म्स एक्ट और मादक द्रव्य एवं मनोत्तेजक पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के मामलों में वांछित छह अपराधियों के साथ ही 276 व्यक्तियों को धारा 170, 107 अपराधियों को गिरफ्तारी वारंट, 171 व्यक्तियों को नवीन दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया। राहुल प्रकाश ने बताया कि पांच अपराधियों से पांच देशी कट्टा मय तीन कारतूस 315 बोर बरामद किये गए। अवैध शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 60 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनसे 4017 देशी पव्वा, 101 लीटर हथकड़ शराब, 120 बीयर बोतल, 48 अंग्रेजी शराब पव्वा, 30 लीटर स्प्रिट, 93 केन बीयर, 16 बीयर बोतल बरामद किये गये।



# भजनलाल ने आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

एजेंसी ➤ हैदराबाद
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनसुनवाई करते हुए आमजन की परिवेदनाओं को सुना और अधिकारियों को इनके निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास में जनसुनवाई की और कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। प्रत्येक फरियादी की समस्या को सुनना और उसका निस्तारण सुनिश्चित करना हमारी सरकार का मूलमंत्र है। मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, राजस्व, मनरेगा, ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण कर आमजन को राहत दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित भी रहे। जनसुनवाई के दौरान जयपुर निवासी रामसिंह राजोरिया ने मुख्यमंत्री को चावल के एक दाने पर उकेरी अयोध्या स्थित रामलला मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। शर्मा ने राजोरिया की माइक्रो आर्ट की प्रशंसा की। राजोरिया ने सूक्ष्मतम हस्तलिखित भगवत् गीता के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

# भारतीयता की हत्या करने वालों का डीएनए समाप्त कर दिया जायेगा : विजय

एजेंसी ➤ समस्तीपुर
www.dailypioneer.com

बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि जो भी भारतीयता को लज्जित और हत्या करने का प्रयास करेगा उसका डीएनए समाप्त कर दिया जायेगा। सिन्हा ने यहां परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस आतंकी हमले में शामिल दोषियों एवं साजिशकर्ताओं को बक्शा नहीं जायेगा। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर हमला बोला और कहा कि प्रदेश में अब जातीय जहर की राजनीति नहीं चलेगी बल्कि यहां विकास की राजनीति चल रही है। भाजपा नेता ने कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव नीयत समय पर होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता लोकतंत्र की रक्षा के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग ) के प्रति पूरी तरह से मन-मिजाज बना चुकी है। इस अवसर पर भाजपा के विधान पार्षद तरुण कुमार एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शशिकांत आनंद समेत अन्य नेता उपस्थित थे।

# बिहार के सात जिलों में जल्द बनेंगे 50 बेड वाले आयुष अस्पताल : मंगल

एजेंसी ➤ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य के सात जिलों में 50 बेड वाले आयुष अस्पताल जल्द बनेंगे, जिसके निर्माण के लिए 834 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गयी है। राज्य आयुष समिति (स्वास्थ्य विभाग) के तत्वावधान में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर के आयुष चिकित्सा पदाधिकारियों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। यह प्रशिक्षण सत्र 28 अप्रैल से एक मई तक चलेगा। पांडेय ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बेहतर सोच का यह परिणाम है कि आयुष मंत्रालय लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से आयुष चिकित्सा पद्धति को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मजबूती से स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया भी जारी है। 35 हजार 383 पदों पर नई नियुक्तियों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। अगले तीन से चार महीनों में इन नियुक्ति पदों पर प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। राज्य में आयुष शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती दी जा रही है। रिक्त शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति के लिये बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी गई है। पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में पब्लिक मैनेजमेंट कैडर की स्वीकृति से 20 हजार 16 नए पद सृजित हुए हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने ऐलान किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के सात जिलों (गोपालगंज, सिवान, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय, गया एवं मोतिहारी) में 50 बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों के निर्माण की योजना क्रियान्वित की जा रही है। वहीं राज्य आयुष समिति, आयुष आरोग्य मंदिर में पैथोलॉजी की जांच शुरु करने जा रही है। राज्य के सभी 38 जिलों में जिला संयुक्त औषधालय संचालित हो रहे हैं। राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालयों दरभंगा, बेगूसराय एवं राजकीय आरबीटीएस होमियोपैकथिक कॉलेज अस्पताल निर्माण कार्य के लिए 834 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिलों में मॉडल जिला अस्पतालों के निर्माण के तहत 10 बेड वाले आयुष पद्धति के अस्पताल भी होंगे।

# खेत में कीटनाशक के छिड़काव से युवक की मौत

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के बड़ौदा मेव थाना क्षेत्र में खेत में कीटनाशक के छिड़काव से अस्वस्थ हुए युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निभेड़ा गांव में समुंदर सिंह रविवार शाम को अपने खेत में फसल पर कीट नाशक दवा का छिड़काव कर रहा था। उसी दौरान दवा के कण सांस के साथ उसके शरीर में चले गये। घर लौटने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन उसे पहले लक्ष्मणगढ़ अस्पताल ले गए, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे अलवर के राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय में लाया गया जहां सुबह उपचार के दौरान समुंदर ने दम तोड़ दिया।



# तैराक सिरजन सिंह का खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चयन

**उदयपुर।** राजस्थान में महाराणा प्रताप खेलगांव उदयपुर के तैराक सिरजन सिंह का चयन 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के लिए हुआ है। जिला खेल अधिकारी एवं तैराकी प्रशिक्षक डॉ महेश पालीवाल ने बताया कि 11वीं कक्षा के मेधावी छात्र सिरजन सिंह देओल का चयन आगामी 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता देश के शीर्ष 16 अंडर-18 खिलाड़ियों के बीच आयोजित की जाती है। सिरजन की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से खेलगांव ही नहीं अपितु जिले में हर्ष की लहर है। डॉ पालीवाल ने बताया कि खेल मंत्रालय द्वारा सिरजन को 'खेलो इंडिया टैलेंट आइडेंटिफिकेशन स्कीम' के अंतर्गत भी चयनित किया गया है, जिसके अंतर्गत अब वे खेलो इंडिया के उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण केंद्र में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

# दिया कुमारी और सेवानिवृत्त मेजर जनरल जीडी बक्शी फिल्म प्रीमियर में हुए शामिल

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और सेवानिवृत्त मेजर जनरल जी डी बक्शी यहां 'द यंग टैंक कमांडर' फिल्म के प्रीमियर में शामिल हुए। यह डाक्यूमेंट्री फ़िल्म वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अद्भुत पराक्रम दिखाने वाले सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की वीर गाथा पर आधारित है। मां भारती के वीर सपूत अरुण खेत्रपाल 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अद्भुत पराक्रम दिखाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे और उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। सेकंड लेफ्टिनेंट खेत्रपाल की वीर गाथा पर आधारित 'द यंग टैंक कमांडर' फिल्म उनके जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालती है। फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरीके से देशभक्ति से भरा एक ध्येयनिष्ठ जीवन अपनी आख़री सांस तक लड़ते हुए दुश्मनों के टेंकों को मिट्टी में मिला देता है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल की जीवनी पर प्रेरणादायक फिल्म बनाने को लेकर जनरल बक्शी का आभार जताया। उन्होने कहा कि सैनिकों की कुर्बानी पर गर्व महसूस करवाती यह एक देशभक्ति और राष्ट्रवाद से भरी फिल्म है जो हम सब को प्रेरणा देगी। उन्होने कहा मैं भी एक सैनिक की बेटी हूं जनरल बक्शी की मेरे पिताजी पर भी फिल्म बनाने की योजना है। यह फिल्म न केवल एक योद्धा की कहानी है बल्कि युवाओं में देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना जगाने वाला एक सकारात्मक प्रयास है। इस अवसर पर खेत्रपाल के अद्वितीय साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित कर उपस्थित सभी लोगों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। उपमुख्यमंत्री ने इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल खेत्रपाल के साथी शहीद लांस दफादार नंद सिंह की पत्नी मोहन कंवर को सम्मानित कर उनके पैर छुए और आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

आयोजन में मेजर जनरल विजय सिंह, मेजर जनरल अनुज माथुर, कैप्टन भंवर सिंह आदि मौजूद थे।

# बीबीसी का देश में प्रसारण लाइसेंस कानूनों के अधीन है : चंद्रशेखर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने स्पष्ट किया कि ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का भारत में प्रसारण का लाइसेंस एक 'विशेषाधिकार' है जो देश के नियमों और कानूनों के अधीन है। चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लैटफार्म 'एक्स' पर अपन पोस्ट में कहा बीबीसीवर्ल्ड सहित सभी विदेशी चैनलों को यह जानना चाहिए कि भारत में प्रसारण का उनका लाइसेंस एक विशेषाधिकार है और यह भारत के नियमों और कानूनों के अधीन है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आप अपने पूर्वाग्रहों और पक्षपात को बढ़ावा देना शुरू करते हैं, तो संभावना है कि आप भारतीय दर्शकों/बाजार तक अपनी पहुंच खो देंगे। भाजपा नेता ने भारत सरकार द्वारा 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाने के बाद कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले की रिपोर्टिंग को लेकर बीबीसी को एक पत्र लिखकर इस बाबत कड़ी आलोचना की। उन्होंने बताया कि भारत ने अमेरिकी समाचार एजेंसी एपी (एसोसिएटेड प्रेस) और ब्रिटेन की समाचार एजेंसी रॉयटर्स को भी अपनी इन चिंताओं से अवगत करा दिया है।

# पश्चिमी चंपारण: ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार सास-बहू की मौत

एजेंसी ➤ बेतिया
www.dailypioneer.com




बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के चनपटिया थाना अंतर्गत कैथवलिया के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार सास-बहू की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कैथवलिया के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो महिलाओं की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र के नारायणापुर यादवटोली निवासी नन्कू बैठा की पत्नी उषा देवी (45) एवं विकास कुमार की पत्नी सुनीता देवी (20) के रुप में हुई है। दोनों आपस सास एवं बहू थीं जबकि बाइक चला रहा विकास कुमार बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद ट्रक चालक कुछ दूरी पर ट्रक छोड़कर भागने लगा। हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से डायल-112 की पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़ लिया। शव को पोस्टर्मांटम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, विकास कुमार की शादी दस दिन पूर्व हीं हुयी है। विकास की सास का चनपटिया के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। विकास कुमार अपनी पत्नी सुनीता देवी एवं मां उषा देवी को बाइक पर पीछे बैठा कर घर से लौरिया के रास्ते चनपटिया आ रहे थे। इसी दौरान कैथवलिया चौक से चनपटिया के रास्ते में गैस गोदाम एवं निर्माणाधीन पुल के समीप डायवर्सन पर दोनों पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे बालू लदे ट्रक ने उनके बाइक में ठोकर मार दी। पीछे बैठी दोनों महिलाओं ने ट्रक के पहिए से दबकर घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारह विवेक दीप ने बताया कि दोनों सास-बहू के शव को जीएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक एवं ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

# महिला एवं बाल विकास विभाग में अनियमितताओं को लेकर मीडिया प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास विभाग में कथित अनियमितताओं के विरोध में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से मुलाकात कर शिकायत सौंपी। मुलाकात के दौरान जिला के लगभग सभी प्रमुख मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं मीडिया प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र सोनपिपरे और पत्रकार शैलेश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर कोण्डागांव की प्रशासक स्वीटी दास के खिलाफ लगातार गंभीर शिकायतें मिल रही हैं। आरोप है कि एक मामले में प्रशासक ने एक नाबालिग गर्भवती बालिका को संरक्षण देने, न्याय के लिए कार्रवाई करने के बजाय आरोपी के साथ आरोपी के घर भेज दिया, अब नाबालिग बालिका एक बच्चे की मां बन चुकी है। वहीं एक अन्य हालिया प्रकरण में पति-पत्नी के विवाद में नियमों को दरकिनार कर किसी अन्य महिला से एक लाख रूपये मांगने और बार बार सेंटर में बुलाकर तीन से चार घंटे तक बैठाकर कर प्रताड़ित किया गया और करीब डेढ़ घंटे तक कमरे में बंद रखा गया।

**क्या सच में विभाग के कामकाज से अनजान हैं?**

इन्हीं घटनाओं को लेकर जिले के मीडिया प्रतिनिधि जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अवनी बिस्वाल से प्रतिक्रिया लेने पहुंचे थे, लेकिन आरोप है कि अधिकारी ने प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया। मीडिया प्रतिनिधियों का कहना है कि, सवाल है कि जिलाधिकारी क्या सच में विभाग के कामकाज से अनजान हैं? अब तक शिकायतों पर कोई स्पष्ट कार्रवाई क्यों नहीं हुई है? कहीं विभागीय कर्मचारियों को जिला अधिकारी का संरक्षण तो नहीं मिल रहा?

**कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे प्रेस प्रतिनिधि-** मीडिया प्रतिनिधियों ने इन सभी घटनाओं से आक्रोशित होकर मुख्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं मुख्य सचिव छ.ग. शासन हेतु कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को सामूहिक ज्ञापन सौंपा और विभागीय अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो वे चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# जनप्रतिनिधि सम्मेलन का भव्य आयोजन




पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांवे
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव जिले के स्थानीय फॉरेस्ट ऑक्शन हाल के सभागार में जनप्रतिनिधि सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय एक देश, एक चुनाव रहा, जिस पर जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने गंभीर विमर्श किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक लता उसेंडी एवं बस्तर संभाग प्रभारी दीपेश अरोरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**लता उसेंडी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा-** एक देश, एक चुनाव की अवधारणा देश को राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने और विकास कार्यों को गति देने का एक सशक्त माध्यम बन सकती है। बार-बार होने वाले चुनावों से समय और धन दोनों की हानि होती है। एक साथ चुनाव से प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और जनप्रतिनिधि विकास कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**दीपेश अरोरा ने अपने वक्तव्य में कहा-** लोकतंत्र को प्रभावी और सशक्त बनाने के लिए एक देश, एक चुनाव अत्यंत आवश्यक है। इससे चुनावी खर्चों में भारी कमी आएगी और जनप्रतिनिधियों को जनता के लिए काम करने का अधिक समय मिलेगा। इससे देश विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकेगा। सम्मेलन में जिले के विभिन्न पंचायत जनप्रतिनिधियों, पार्षदों तथा क्षेत्र के नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने एक देश, एक चुनाव के विचार का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सशक्त बनाने हेतु निरंतर संवाद बनाए रखने का संकल्प लिया। इसमें मुख्य रूप से सेवक राम नेताम, प्रेम सिंह नाग, नन्द लाल राठौर, नरपति पटेल, यशोदा कश्यप, रामदाई नाग, अनीता कोर्राम, दयाराम पटेल कुलवंत चहल, रामेश्वरी पोयाम, सुषमा खोपरागडे, हितेंद्र झा, सोनमणि पोयाम, धन्जू मरकाम, असलम खान,सखा कोर्राम आदि उपस्थित रहे।

# किरन्दुल अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन के पूर्व महिलाओं ने गंगावरण किया



**किरंदुल।** बंगीय कल्चरल एसोसिएशन द्वारा बंगाली कैम्प दुर्गा मंदिर परिसर मे अष्टम प्रहर व्यापी हरिनाम लीला संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन के एक दिन पूर्व आधिवास के अवसर पर मातृशक्तियों ने गंगावरण किया। इस दौरान सौकड़ों महिलाओं ने हरिनाम कीर्तन कर ढोल के थाप पर नाचते गाते बंगाली कैंप के तालाब से जल भरकर दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूजा पाठ किया। मंगलवार सुबह 6 बजे से हरिनाम संकीर्तन प्रारम्भ होगा।

## मोटर सायकल चोरी करने वाले एवं खरीदने वाले को किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** प्रार्थी असीम शाह ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 अप्रैल को वह अपनी मोटर सायकल को अपने दुकान के सामने रखा था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है कि रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अपराध 148/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार से द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ था कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था।

# लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे एवं सुदृढ़ पुलिसिंग व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव द्वारा आयोजित अपराध समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में एक उच्च स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी, एवं राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में जिले के समस्त थानों में दर्ज लंबित अपराध प्रकरणों, वारंट/समंस की तामिली, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही, एवं जन-जागरूकता अभियानों की समीक्षा की गई तथा निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किए गए।

**मुख्य निर्देश व बिंदु**

**लंबित अपराधों की त्वरित विवेचना :** पुलिस अधीक्षक द्वारा थानों में लंबित गंभीर अपराध प्रकरणों की केस डायरी का अवलोकन कर तत्काल विवेचना पूर्ण कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। पुराने लंबित मामलों हेतु विशेष जांच दल गठित कर एक सप्ताह के भीतर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश।

**वारंट एवं समंस तामिली अभियान :** लंबित समंस एवं वारंटो की तामिली शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु थाना प्रभारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश।

**जनसुनवाई और फरियादियों की संतुष्टि :** थानों में आने वाले फरियादियों से मित्रवत व्यवहार, उनकी शिकायतों पर तत्काल प्राथमिकता से कार्रवाई, एवं जनविश्वास कायम रखने हेतु संवेदनशीलता बनाए रखने के निर्देश।

**चलित थाना एवं गांव स्तर पर समाधान :** दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलित थाना के माध्यम से स्थानीय स्तर पर शिकायतों का निराकरण, साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग को प्रोत्साहित करने के निर्देश।

**विजिबल पुलिसिंग एवं संध्या पेट्रोलिंग :** सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में प्रतिदिन नियमित संध्या पेट्रोलिंग करने एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश। भीड़भाड़ वाले स्थानों, स्कूलों, बाजार, एटीएम आदि संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया।

**साइबर क्राइम एवं जन-जागरूकता :** साइबर अपराध, बैंक फ्रॉड, एटीएम धोखाधड़ी से बचाव हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं, पोस्टर एवं सूचना अभियान संचालित करने के निर्देश।

# किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्षा ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ≺ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल शहर के वार्ड नंबर 06 एवं वार्ड नंबर 08 में स्थित कल्वर्ट पुलिया एवं नाली जो कि जर्जर अवस्था में है जिस हेतु आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए एवं वार्डवासियों के मांग पर नगर पालिका अध्यक्षा रूबी शैलेन्द्र सिंह ने उपाध्यक्ष पार्षदगण एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में लगभग 30.54 लाख की लागत से जय प्रकाश के घर के पास एवं चंदर जायसवाल के दुकान के पास 02 नग कल्वर्ट पुलिया, नाली एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष बबलू सिद्दकी, पार्षदगण सीएमओ शशि भूषण महापात्र,उप अभियंता तीरथ राम सिंह एवं वार्डवासियों उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन मेंडपाल गांव बना हर घर जल प्रमाणित गांव

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले से लगभग 27 किलोमीटर दूर बसा छोटा-सा ग्राम मेंडपाल जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक मिसाल बन चुका है। कभी जहां गांव की महिलाएं किलोमीटरों दूर तालाब और हैंडपंप से पानी भरने के लिए जाती थीं, आज उसी गांव के हर घर में नल से स्वच्छ जल उपलब्ध है। यह परिवर्तन जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन और ग्रामवासियों की मजबूत जनभागीदारी का परिणाम है। पहले पानी की किल्लत न केवल महिलाओं की दिनचर्या को प्रभावित करती थी, बल्कि बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती थी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हुए इस परिवर्तन से न केवल महिलाओं को बड़ी राहत मिली है, बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया है। अब महिलाएं घर के अन्य कार्यों पर ध्यान दे पा रही हैं, बच्चे समय पर स्कूल पहुंच पा रहे हैं और बुजुर्गों को दूर-दराज पानी ढोने की कठिनाइयों से मुक्ति मिली है। ग्राम मेंडपाल में फूलमती, ललिता, सुनीता, सावित्री और केसरी जैसी महिलाएं जल वाहिनी के रूप में सक्रिय हैं। ये महिलाएं न केवल जल की गुणवत्ता की जांच करती हैं बल्कि स्वच्छता, जल संरक्षण और जल जनित बीमारियों से बचाव के प्रति गांव को निरंतर जागरूक भी कर रही हैं। जल जीवन मिशन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है, जिससे वे अब समाज के विकास में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। ग्राम मेंडपाल की एक विशेषता यह भी है कि जल आपूर्ति प्रणाली का संचालन और रखरखाव स्वयं ग्रामवासियों के द्वारा किया जा रहा है। हर महीने प्रत्येक घर से जल शुल्क एकत्र कर योजनाबद्ध ढंग से इस व्यवस्था को स्थायी बनाया गया है। इससे न केवल सिस्टम की मजबूती बनी है, बल्कि आत्मनिर्भरता और सामुदायिक स्वामित्व की भावना भी गहरी हुई है। ग्राम के सरपंच बताते हैं, पानी की टंकी स्थापित होने के बाद गांव में जल संकट का समाधान हुआ है। पहले पानी हैंडपंप से मिलता था, जो दूर था और गर्मी में जल स्तर गिरने के कारण समस्याएं और बढ़ जाती थीं।

# थाना उरंदाबेड़ा अंतर्गत सरपंच उपसरपंच, पटेल का लिया बैठक



पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

आम जनता एवं पुलिस के बीच मधुर संबंध स्थापित करने एवं जिले के सभी गांवों में पुलिस की सक्रिय और प्रभावी उपस्थिति एवं सूचना तंत्र को प्रभावी ढंग से विकसित करने के उद्देश्य से थाना उरंदाबेड़ा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के सरपंच उपरपंच पटेल का थाना परिसर में बैठक का आयोजन किया। थाना उरंदाबेड़ा में थाना प्रभारी अखिलेश धीवर और स्टाफ द्वारा मेल मिलाप बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना अंतर्गत सरपंच उपसरंच पटेल उपस्थित रहे। थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने सरपंचों से चर्चा करते हुए साइबर अपराध, बैंक फ्रॉड, नशा मुक्ति, बाल विवाह आदि के संबंध में तथा लड़ाई झगड़ा के संबंध में जानकारी लिया गया। उन्होंने कहा ऐसी घटना हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। साथ ही गांव में अवैध शराब, जुआ, सट्टा या अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक रहने की समझाइश भी दी गई। थाना प्रभारी ने मीटिंग में गांव की समस्या सुनी साथ ही गांव में चल रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर लोगों को साइबर क्राइम से बचने चिटफंड कंपनियों से सावधान रहने के साथ गांव में चल रहे गलत गतिविधियों के जानकारी पुलिस तक पहुंचाने में सहयोग करने की बात कही गई।

# सखी सेन्टर बना धन की उगाही का अड्डा

**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी के द्वारा 28 अप्रैल को प्रकाशित दैनिक भास्कर सामाचार पत्र के पृष्ठ क्रमांक 15 एवं पत्रिका सामाचार पत्र के शीर्षक में प्रकाशित सखी वन स्टॉप सेन्टर कोण्डागांव के केन्द्र प्रशासक पर केस निपटाने हेतु एक लाख रूपये की मांग की शिकायत एवं सखी सेन्टर को धन की उगाही का अड्डा बनाकर पीड़ित महिलाओं युवतियों एवं नाबालिक पीड़िता से अभद्रतापूर्वक व्यवहार करने तथा रूपयों की मांग की शिकायत को अत्यंत संवेदनशील एवं गंभीर मामला पाते हुए नाबालिक पीड़िताओं के उत्पीड़न, प्रताड़ना के संबंध में प्रकाशित तथ्यों के आधार पर स्वयं संज्ञान लेकर सामाचार पत्र में प्रकाशित तथ्यों की सत्यता की जांच कर समेकित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित करने एवं उक्त मामले के संबंध में पन्द्रह दिवस के भीतर कार्यवाही करते हुए विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को निर्देशित किया गया है।

## विधायक एवं कलेक्टर ने पर्यटन विकास को लेकर

# विधायक एवं कलेक्टर ने पर्यटन विकास को लेकर केरावाही और कोपेबेड़ा जलाशय का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोण्डागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी तथा कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने केरावाही और कोपेबेड़ा जलाशय का दौरा किया।

विधायक एवं कलेक्टर ने ग्राम केरावाही स्थित जलाशय का निरीक्षण करते हुए क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं का आकलन किया। उन्होंने वहां नौकायन सुविधा प्रारंभ करने, उद्यान निर्माण तथा पर्यटकों के लिए सुविधाओं के सुव्यवस्थित विकास हेतु जल संसाधन विभाग, वन विभाग और जिला पंचायत को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र पर्यटन गतिविधियां प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। पर्यटन गतिविधियों के संचालन हेतु ग्रामवासियों के समूहों को प्रशिक्षण दिलाने को कहा, जिससे ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके। इसके उपरांत विधायक उसेंडी और कलेक्टर पन्ना ने नगर पालिका परिषद कोंडागांव के अंतर्गत कोपेबेड़ा जलाशय पहुंचकर सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जलाशय में नगर से आने वाले गन्दे पानी को साफ करने के लिए एसटीपी स्थापित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई की सुविधा को देखते हुए जलाशय के गेटों की मरम्मत कराने के निर्देश जल संसाधन विभाग को दिए। उन्होंने जलाशय के गहरीकरण सहित सभी निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# पीलाम्बर तिवारी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आरोपी पीलाम्बर प्रसाद तिवारी पिता मुनाराम तिवारी उम्र 22 वर्ष निवासी करमरी थाना माकड़ी व जिला कोण्डागांव छ.ग. के द्वारा पीडिता के साथ, मैं तुमसे प्यार करता हूं तुमसे शादी करना चाहता हूं बोलकर शादी का प्रलोभन देकर, पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 147/2025 धारा 64(2)(ढ), 64(2)(ट), 351(3) भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण मे थाना कोण्डागांव के द्वारा टीम गठित कर फरार आरोपी पीलांबर प्रसाद तिवारी के संबंध में पता तलाश किया गया, जो कि अपने निवास में मिला, जिसे अभीरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर, आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार करना स्वीकार किया जिस पर आरोपी को 26 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायिक रिमांड प्राप्त कर आरोपी को जेल में भेजा जा रहा है।

# नपा भाटापारा में 2082.25 लाख का बजट पारित परिषद की विशेष सभा में रखा गया बजट

## विशेष सभा में वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में प्रस्ताव पारित

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com





नगर पालिका परिषद भाटापारा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विशेष सभा आमंत्रित कर बजट पर चर्चा हुई। साथ ही वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में प्रस्ताव पारित हुआ। नगर पालिका की दुकानों के आबंटन और किराया निर्धारण की प्रक्रिया व जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाने के लिए आवश्यक पहलुओं पर नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने ध्यान आकर्षित किया। विशेष सभा में रखे गए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। गौरतलब है कि तकरीबन दो महीने पहले हुए स्थानीय निकाय चुनाव के बाद नगर पालिका परिषद भाटापारा नई कार्यकारिणी आई है। नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष के रूप में भाजपा प्रत्याशी अश्वनी शर्मा समेत 24 पार्षद भाजपा से जीतकर आए हैं। अनेक कारणों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अब तक बजट पारित नहीं हो गया था। ऐसे में नगर पालिका परिषद की ओर से विशेष सभा आयोजित की गई। इस दौरान नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की पहल और उनके सुझावों के आधार पर नगर हित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों तैयार कर वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय विवरण (बजट) प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। 2082.25 लाख के बजट प्रस्ताव में नगर की आवश्यकताओं और विकास की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा गया है। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वन नेशन-वन इलेक्शन को दूरदर्शी विचार बताते हुए लोकतंत्र की सुदृढता की दिशा में एक सराहनीय पहल माना गया। बजट चर्चा के दौरान नपा अध्यक्ष शर्मा ने नगर पालिका की दुकानों के आबंटन और किराया निर्धारण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और संतुलित बनाने के सुझाव रखे, जिससे स्थानीय व्यापारियों को न्यायोचित लाभ मिल सके। उन्होंने जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाने के लिए आवश्यक पहलुओं पर सुझाव दिए। विशेष सभा की बैठक के माध्यम से यह प्रयास किया गया कि हर निर्णय नागरिकों की सुविधा और विकास की दिशा में हो। ख़ास बात यह रही कि विशेष सभा में रखे गए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए।

# नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने किया गया थाना भाटापारा ग्रामीण का आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com





पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा थाना भाटापारा ग्रामीण का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम उनके द्वारा थाना भाटापारा ग्रामीण में परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई। तत्पश्चात थाने में संधारित एमएलसी रजिस्टर, फैना रजिस्टर, गुण्डा/ निगरानी चेक रजिस्टर, सस्पेक्ट रजिस्टर, अल्फाबेटिक रजिस्टर, फरारी रजिस्टर, मुसाफिरी रजिस्टर आदि का सुक्ष्मता से अवलोकन कर पंजी का संघारण एवं इंद्राज करने के संबंध में जानकारी दी गई। बीट प्रभारियों को नियमित क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने बीट सिस्टम को दुरूस्त करने हिदायत दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मालखाना का निरीक्षण कर जप्ती माल का थाना में सही रखरखाव सहित संज्ञेय अपराध एवं असंज्ञेय मामलों के निकाल तथा थाना में जप्त माल एवं जप्त रकम का त्वरित निकाल करने के संबंध मे हिदायत दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी से थाने के रजिस्टर, थाने के अपराधियों एवं हिस्ट्रीशीटर के संबंध मे जानकारी ली गई। भावना गुप्ता द्वारा निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों को दुरुस्त करने को कहा गया। थाना परिसर की साफ-सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। वहीं अपराधिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि बदमाशों के गुंडा रजिस्टर खोलने के अलावा जिला बदर की कार्रवाई के लिए भी जिलाधीश को प्रतिवेदन भेजे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना भाटापारा ग्रामीण समस्त पुलिस स्टाफ को पूरी तत्परता एवं तन्मयता के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# ग्राम सोरम में महापौर का भव्य स्वागत सम्मान समारोह में उमड़ा जनसैलाब

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा ग्राम सोरम में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में महापौर जगदीश रामू रोहरा के प्रथम आगमन पर पारंपरिक रीति से भव्य स्वागत किया गया। समाज के सदस्यों ने फूल मालाओं से लादकर, पारंपरिक वेशभूषा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा झेरिया यादव समाज अपनी मेहनत, त्याग और एकजुटता के लिए जाना जाता है। मुझे गर्व है कि मैं इस समाज का हिस्सा बनकर आप सभी के बीच उपस्थित हूँ। समाज के युवाओं को आगे बढ़कर शिक्षा, रोजगार और सेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूना चाहिए। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों जैसे जगन्नीक यादव, भागवत यादव, रंजीत यादव, रमेश यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी समारोह को संबोधित किया और महापौर का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभावान सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेखा यादव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मनोज यादव ने प्रस्तुत किया। समारोह के पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी और समाजजन शामिल हुए। पूरा कार्यक्रम प्रेम, सौहार्द्र और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

# किसानों को अंधेरों में रख उद्योग धंधों को बिजली दें रही राज्य सरकार : इन्द्र साव

## अघोषित बिजली कटौती से हर वर्ग दुखी

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश सरकार किसानों को ना तो पानी दे पा रही है और ना ही बिजली दे पा रही है, सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को खुश करने में लगी हुई है। उक्त बाते विधायक इन्द्र साव ने प्रेस को जारी अपने वक्तव्य में कही। विधायक इन्द्र साव ने राज्य सरकार को जन विरोधी, किसान विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप छाया हुआ है वही किसान अपने खेतों में पानी के लिए व्याकुल है। कही पानी की गुंजाइश दिखती भी है तो बिजली वाले विद्युत कटौती कर उसे पूरा कर रहे है। क्षेत्र क्या पूरे प्रदेश में अंधाधुन बिजली कटौती से प्रदेश का प्रत्येक वर्ग परेशान है और ये राज्य सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को बिजली देने पर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है। विधायक साव ने कहा कि पूर्व की भूपेश सरकार के समय बिजली के रेट भी घरेलू और व्यवसाय दोनो में कम थे, लेकिन इस सरकार ने पूर्व सरकार की तरह बिजली बिल हाफ तो कर रखा है लेकिन उपभोक्ता की जेब ढीली कर बिजली बिल के रेट में भी वृद्धि कर दिया है, जिससे लोगो का बजट भी गड़बड़ा गया है। राज्य सरकार उसके बाद भी नियमित रूप से किसानों, छोटे व्यापारियों और घरेलू लोगों को बिजली उपलब्ध नहीं करा पा रही है। सरप्लस वाले इस राज्य में बिजली का इतना बुरा हाल है, जब कभी भी, बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती का खुला खेल सरकार खेल रही है। बिजली कटौती के चलते पीने के पानी सहित निस्तार के पानी के लिए भी त्राहि त्राहि मची हुई है, जो सरकार की करनी और कथनी को उजागर करता है।

# सरयूपारीण ब्राम्हण समाज ने किया अनुराग कश्यप के लिए निंदा प्रस्ताव पारित

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ी सरयूपारिण ब्राम्हण समाज के द्वारा रामजानकी मंदीर पास सामाजिक भवन में बैठक आहुत की गई। जिसमें 20 अप्रैल को हुए प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में व्यय हुए खर्चो का व्यौरा सामाजिक सदस्यो के मध्य रखा गया एवं सहयोग देने वाले कैटरिन, टेंट हाउस एवं अन्य लोगो का भुगतान किया। साथ ही समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे ने सभी को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई एवं आभार दिया तथा समाज में ऐसे घर जो इस बार छुट गए उन्हे जोड़ने के लिए पहल की बात कही। साथ ही सामाजिक लोगो की पहचान सुनिश्चित करने एवं एकता की ताकत को बनाए रखने के लिए सामाजिक ई-बुक निर्माण करने की बात कही जिससे समाज के प्रत्येक लोग संगठन में जुड़े और सामाजिक कुनबा मजबूत हो।

### फिल्म डारेक्टर अनुराग कश्यप का समाज में निंदा प्रस्ताव हुआ पारित

फिल्म डारेक्टर अनुराग कश्यप के द्वारा ब्राम्हणो के खिलाफ आपत्ति जनक ब्यान को लेकर सरयूपारिण ब्राम्हण समाज के लोगो में काफी रोष देखने को मिला। उपस्थित सदस्यो ने सभी एक स्वर में निंदा प्रस्ताव पारित किया एवं कानूनी आधार पर अनुराग कश्यप को गलत बयानबाजी के लिए कानूनन दंड देने एवं सार्वजनिक रूप से ब्राम्हण समाज से माफी मांगने की बात कही नही तो आक्रामक आंदोलन की चेतावनी दी।

# हिन्दू जागरण मंच नगरी ने आतंकवाद का पुतला फूंका

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रांत युवा प्रमुख हिन्दू जागरण मंच दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद या देश के गददार, राष्ट्र के दुश्मन का समूल नाश राष्ट्रहित में अतिआवश्यक हो चुका है। हिंदू जागरण मंच खंड नगरी सर्व समाज को लेकर जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में आतंकियों द्वारा निर्दोष निहत्थे पर्यटकों के ऊपर हमला कर अपने कायरता को जग जाहिर किया है जिसका हिंदू जागरण मंच खंड नगरी और सर्व समाज कड़ी शब्दों में निन्दा करता है। आतंकी एक विशेष समुदाय को लक्ष्य कर सनातन संस्कृति को मिटाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन कभी भी वह सफल नहीं हो पाएगा। भारत शांति चाहता है, युद्ध नहीं। उकसाने का प्रयास न करें। भारत में सर्वधर्म के मानने वाले लोग रहते है जिसका भारत सम्मान करता है। हिंदू जागरण मंच खंड नगरी ने दिवंगत आत्माओं को मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि में सरपंच अमृत नाग, हिंदू जागरण मंच खंड नगरी संयोजक करण सेन, सह संयोजक शिवांश साहू, ग्राम संयोजक हरलाल नाग, सह संयोजक खेलन कश्यप, घुनेश्वर मंडावी, मोहित जैन, रुपनरायण कश्यप, चम्मच यादव, नेहरू बिसेन, बबलू साहू, रमेश कश्यप, चंद्रभान साहू, सौरभ साहू, अनिल नाग, हेमनाथ बोरझरिया, जीवन साहू मौजूद रहे।

# एसपी के निर्देशन में सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र किया जा रहा निराकरण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिशा निर्देश में शुरू हुए राज्यव्यापी सुशासन तिहार में लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया है। पुलिस अधीक्षक धमतरी द्वारा थाना प्रभारियों को मीटिंग के दौरान भी सुशासन में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश दिये थे। जिले में पुलिस विभाग को अब सभी थानों को मिलाकर कुल 241 आवेदन मिले हैं। इनमें से कुल 93 आवेदन का निराकरण किया गया है। आवेदन में कुछ तो शिकायत है और कुछ मांग से संबंधित आवेदन है। 128 आवेदन दूसरे विभाग से संबंधित था जिसकों संबंधित विभाग को स्थानांतरित किया गया जिसमें मात्र 20 आवेदन ही लंबित हैं जिनका शीघ्र निराकरण किया जा रहा है।

# शहर में निकलेगी भव्य ब्रह्म गर्जना वाहन रैली भगवान परशुराम की पालकी शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज धमतरी द्वारा अपने आराध्य भगवान परशुराम जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाने तैयारी प्रारंभ हैं। उसी परिप्रेक्ष्य में इस बार भगवान परशुराम जी का त्रिदिवसीय प्राकट्य उत्सव मनाया जाना तय है। प्रथम दिन 29 अप्रैल को ब्राह्मण युवा मंच द्वारा ब्रह्म गर्जना वाहन रैली संध्या 5 बजे माँ रिसाई माता मंदिर से निकाली जायेगी। द्वितीय दिवस 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के दिन सुबह 10 बजे से अभिषेक, पूजन, हवन, आरती एवं प्रशाद वितरण किया जायेगा। वही महिलाओं द्वारा दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। पश्चात संध्या 6 बजे स्थानीय भगवान परशुराम चौक में 108 दीप प्रज्वलित किया जायेगा। वही अंतिम दिवस 2 मई को संध्या 5 बजे नगर के हृदय स्थल घडी चौक में सर्व समाज द्वारा भगवान परशुराम की महाआरती के पश्चात अष्टधातु से निर्मित भगवान परशुराम की मूर्ति की पालकी शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ निकलेगी जो सदर बाजार होते हुए माँ विंध्यवासिनी मंदिर में समाप्त होगी। युवा मंच अध्यक्ष शुभांक मिश्रा ने कार्यक्रम की वृस्तित जानकारी देकर सभी से विचार विमर्श कर आयोजन को सुनियोजित ढ़ंग से सफल बनाने विभिन्न दायित्वों का आबंटन युवा मंच के सदस्यों को दिया। वहीं युवा मंच के विक्रांत शर्मा, पीयूष पाण्डेय, आशुतोष शर्मा व दीपक पाण्डेय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विगत कई वर्षो से हम सभी समाजजन मिलकर कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाते हैं। इस वर्ष भी यह आयोजन ऐतिहासिक आयोजन होगा। ब्राह्मण समाज के अन्य युवा साथियों ने भी अपना विचार व्यक्त किया। ब्राह्मण युवा मंच द्वारा क्रमबद्ध सभी आयोजन में युवाओं तथा सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज धमतरी के हर घर से वरिष्ठजनों, माताओ, बहनों की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होकर धमतरी ब्राह्मण समाज जिला एवं तहसील के सँयुक्त आयोजन को सफ्ल बनाने अपील की गई हैं। बैठक में मुख्य रूप से रोहितास मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय, डिगेश शर्मा, राजेश त्रिपाठी, अविनाश दुबे, यश दुबे, रत्नेश मिश्रा, प्रतीक तिवारी, आदर्श राजा शर्मा, देवेन्द्र त्रिपाठी, निशु दुबे, दिव्य दुबे, निशांत शर्मा, अमन पाण्डेय, बब्बू मिश्रा, अभिषेक शर्मा, रितेश मिश्रा, प्रेम दीवान, प्रणव पाण्डेय एवं बड़ी संख्या में युवा मंच के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## खेतों में पानी नहीं पहुंचने के कारण लगातार किसानों को अकाल का सामना करना पड़ रहा था

# एकता की मिसाल श्रमदान से सिंचाई हेतु एक किलोमीटर लंबी नहर बनाने वाला स्वावलंबी गांव गोंडखपरी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



बात उन दिनों की है जब नहर से खेतों में पानी नहीं पहुंचने के कारण लगातार अकाल का सामना करना पड़ रहा था। लोग गरीबी, भुखमरी एवं पलायन जैसे समस्याओं से प्रत्येक वर्ष जूझ रहे थे। प्रतिवर्ष गंगरेल बांध का पानी नहर के माध्यम से गांव के लिए जाता जरूर था। लेकिन ऊपर के गांव वाले उस पानी को गोंडखपरी गांव के खेतों में आने से रोक देते थे। यह स्वाभाविक प्रक्रिया है जब तक ऊपर के खेतों में सिंचाई नहीं होगा तब तक नीचे के खेतों तक पानी आ ही नहीं सकता। जब पानी की जरूरत नहीं होती थी तब आखिरी में इस गांव में पानी आता था जिसका कोई भी औचित्य नहीं था। खेती किसानी के समय अन्य गांव वालों से पानी के लिए लड़ाई, झगड़ा आम बात हो गई थी। रात-रात भर नहर की रखवाली करने के बावजूद भी खेतों में पानी नहीं आने से प्रतिवर्ष अकाल जैसे स्थिति निर्मित हो गई थी। अनावश्यक दुश्मनी पड़ोसी गांव वालों से पानी के कारण हो गया था। उक्त जानकारी आर एन ध्रुव ने दी।

इस गांव में बरसात के पानी के ऊपर ही यहां की खेती किसानी निर्भर हो गई थी। ऐसी स्थिति में गांव के परसराम ध्रुव, भगवान सिंह ध्रुव, कुशाल सिंह ध्रुव, अस्थिर सिंह ध्रुव, हेम सिंह ध्रुव, दधिबल सिंह ध्रुव, रतन सिंह ध्रुव, विशाल सिंह ध्रुव, चिंताराम ध्रुव, घनाराम ध्रुव, सुंदर सिंह ध्रुव, चुरामन सिंह ध्रुव सभी मुखिया लोगों ने विचार किया कि क्यों ना हम खेतों में सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था स्वयं करें। इस हेतु सन 1975 में गांव में बैठक हुआ। तय हुआ कि लगभग एक किलोमीटर दूर दशरमा और गोंडखपरी के बीच में बहने वाला खोरसी नाला के पानी को लिफ्ट करके गांव के तालाब तक लाया जावे। चूंकि खोरसी नाला का बहाव बहुत नीचे से है। इसलिए वहां के पानी को गांव के तालाब तक एक किलोमीटर तय कर ऊंचाई तक लाना एक बहुत बड़ी चुनौती थी। दूसरा खोरसी नाला से तालाब तक गांव के किसानों की कृषि भूमि थी। सामाजिक एकता की मिसाल हमने इस गांव में देखा कि सभी किसानों ने अपनी जमीन नहर बनाने हेतु निःशुल्क दे दिए। गांव वालों का जुनून इतना की गांव भर के लोगों ने श्रमदान कर खोरसी नाला से गांव के तालाब तक लगभग एक किलोमीटर लंबी नहर बना लिए। इसके लिए शासन प्रशासन से बिल्कुल मदद नही लिए, न किसी इंजीनियर ने सहयोग किया, न ही किसी भी तरह कोई आर्किटेक्ट का सहयोग लिए। प्रत्येक घरों से चंदा, बरार कर सिंचाई हेतु मोटर पंप क्रय किए और गांव के खेतों में स्वयं के सिंचाई परियोजना से सिंचाई शुरू हो गया। उस दिन से आज तक मैंने कभी भी उस गांव में अकाल पड़ते नहीं देखा। बिना किसी सरकारी सहायता के गांव वालों के आपसी सूझबूझ से इतना बड़ी सिंचाई परियोजना का सफ्ल संचालन होते मैंने जीवन में पहली बार देखा है। जी हां मैं बात कर रहा हूं बलौदाबाजार जिला मुख्यालय से लगा हुआ स्वालंबन की मिसाल मेरा अपना गांव आदिवासी गोंड बाहुल्य गोंडखपरी का, जहां 99 प्रतिशत गोंड समाज के लोग रहते हैं। उस समय गांव में एक घर का नाई, एक घर का रावत, एक घर के केवट एवं एक घर का सतनामी समाज के लोग रहते थे। भले ही उनकी संख्या भाई बंटवारा के कारण बढ़ गया है। ब्राह्मण, धोबी और मेहर समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक कार्यों के लिए अभी भी बाहर से लाते थे। अन्य समाज के लोग यहां नहीं है। इस गांव की एकता को मैंने देखा की यहां के लोगों ने श्रमदान कर स्कूल बना लिए, श्रमदान करके कुआं खोद लिए, श्रमदान करके महामाया बनाए, श्रमदान से मनोरंजन भवन बनाए, महिलाएं महिला मंडल भवन श्रमदान से बनाए एवं श्रमदान करके थोड़ा-थोड़ा जमीन दान करके एक तालाब का भी निर्माण इन सबने किया है। इस गांव में सहकारिता का अद्भुत मिसाल देखने को मिलता है कि यदि कोई किसान खेती किसानी में पिछड़ गया तो गांव वाले उनकी मदद करते हैं। आसपास के गांव में अवारा पशुओं के डर से केवल साल में एक बार खरीफ के फसल ही लिए जाते हैं। लेकिन यह गांव ऐसा है कि यहां खरीफएवं रबी दोनों फसल लेकर दोहरा लाभ लेते हैं। इसका कारण है की यहां के गांव का सरहद के चारों तरफ श्रमदान से निर्मित सुरक्षा घेरा लगा हुआ है। गांव के सरहद में घुसने का केवल एक ही रास्ता है जिसके कारण अन्य गांव के मवेशी यहां के फसलों को नुकसान पहुंचा नहीं सकता।

# अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने महिलाओं एवं ऑटो संघ के साथियों से भेंट कर उनकी समस्याओं एवं मांगों को सुना



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नयागंज वार्ड की महिलाओं एवं ऑटो संघ के साथियों से भेंट कर उनकी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को सुना। बैठक के दौरान नागरिकों ने अपने वार्ड की मूलभूत सुविधाओं, ऑटो स्टैंड की व्यवस्था, यातायात संचालन, जल निकासी, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से प्रस्तुत किया। अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए उपस्थित नागरिकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण नगर पालिका परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा ताकि क्षेत्र में त्वरित सुधार कार्य प्रारंभ हो सके। बैठक में महिलाओं ने विशेष रूप से सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति और सार्वजनिक शौचालय की मांग उठाई, वहीं ऑटो संघ के प्रतिनिधियों ने पार्किंग स्थल के समुचित प्रबंधन एवं ऑटो चालकों के हित संरक्षण हेतु आवश्यक सुझाव दिए। शर्मा ने कहा कि नगर की प्रगति में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी के सहयोग से भाटापारा को एक आदर्श नगर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

# कलेक्टर ने की आवेदनों के निराकरण की समीक्षा, सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर शर्मा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com





सुशासन तिहार 2025 के तहत कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत देवरी में आयोजित शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं, मांगों और शिकायतों के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। 'गौरतलब है कि सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में, 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जिले के सभी पंचायत निकायों में समाधान पेटियां स्थापित की गई थीं, जिनमें नागरिकों द्वारा विभिन्न प्रकार के आवेदन डाले गए थे। समाधान शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम दीप्ति वर्मा, सरपंच सीमा सिवारे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। बैठक में लोक स्वास्थ यांत्रिकी, विद्युत, समाज कल्याण, खनिज, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य, शिक्षा, राजस्व, महिला एवं बाल विकास आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों ने क्रमवार ढंग से अपने-अपने विभागों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी दी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण समस्याएं होती है, उनका अधिकारी त्वरित समाधान कर जनता का विश्वास अर्जित कर सकते है। शर्मा ने बताया कि अगले चरण में 5 मई से 31 मई 2025 तक जिलेभर में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जनकल्याणकारी और हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में जिला, अनुभाग और विकासखंड स्तर के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि पहल को और अधिक जनोन्मुखी बनाया जा सके। कलेक्टर ने यह भी जानकारी दी कि कुछ समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन के अधिकारी भी शामिल होंगे और आवेदकों से सीधा संवाद कर समस्याओं का अवलोकन करेंगे। इसलिए सभी आवेदनों का समय रहते गुणवत्तापूर्ण निराकरण अनिवार्य है। शर्मा ने समाज कल्याण, विद्युत एवं खनिज विभाग द्वारा आवेदनों के निराकरण में अपेक्षित गुणवत्ता नहीं दिखाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित प्रकरणों के समाधान के निर्देश दिए। वहीं खाद्य विभाग द्वारा किए गए निराकरण पर संतोष व्यक्त किया और अन्य विभागों से भी इसी तरह की तत्परता की अपेक्षा जताई। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने स्वयं ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। एक ग्रामीण महिला द्वारा जॉब कार्ड बनाने और एक अन्य व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड जारी न होने की समस्या पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# जिला स्तरीय पर्यटन समिति में तौरेंगा जलाशय में नौकायान के लिए दी सहमति

## जिले में पर्यटन विकास समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com




जिले में पर्यटन विकास में गति लाने के उददेश्य से जिला स्तरीय पर्यटन समिति गठित की गई है। यह समिति पर्यटन विकास की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के साथ मिलकर काम करेगी। इसकी प्रथम बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रिखीराम यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि जिले के पर्यटन स्थलों को पर्यटकों की दृष्टि से साफ-सफाई एवं स्वच्छ बनाये रखने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए तथा ग्राम समिति गठित कर उस क्षेत्र में साफ-सफाई के लिए वन विभाग के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र में कार्य कराया जाए। जिससे कि पर्यटक अधिक से अधिक पर्यटन स्थलों में आ सके। साथ ही पर्यटकों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए सुगम रास्ता बनाया जाए। कलेक्टर बी.एस. उइके ने कहा कि जिले में पर्यटन को लेकर काफी विकास की संभावनाएं है। इसे जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के सहयोग से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जायेगा। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन ने अवगत कराया कि जल संसाधन विभाग द्वारा तौरेंगा जलाशय में बोटिंग संचालन के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। इस पर विकास पर्यटन विकास समिति द्वारा बोटिंग संचालन के लिए सहमति जताई गई। बैठक में अपर कलेक्टर नवीन भगत, राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडराजी सहित पर्यटन विकास समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# कोड़िया में सड़क सुरक्षा के तहत जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों एवं ग्रामीण जनों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य कार्य सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से किया गया। शाला के प्रभारी प्राचार्य भवानी सिंह देशमुख द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। उन्हें विभिन्न सामान्य जानकारी देते हुए कहा गया कि वह सड़क सुरक्षा नियमों का खुद पालन करना एवं अपने परिवारजनों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराये। शाला परिसर में सड़क सुरक्षा नियमों को विभिन्न बिंदुओं में लिखकर चस्पा किया गया है। सभी कार्यक्रमों के आयोजन की प्रभारी दानेश्वरी सिन्हा को दिया गया। शाला के पीटीआई सुनील डडसेना का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के व्याख्याता शीला चंद्रा डॉक्टर रूपमती साहू प्रीतम देवांगन वेदिका साहू डॉ सरोज साहू रीना पिलोदिया हर्षा महलवार प्रीति सलाम समीर भेलवा वीरेंद्र गजपाल टी एन साहू हिरेंद्र साहू एवम सुनीता साहू की सक्रिय सहभागिता रही।

# अश्लील हरकत के आरोप में मिलिंद जैन पर हुआ एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com




अश्लील हरकत के आरोप में तिल्दा-नेवरा पुलिस ने एक युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिन 26 अप्रेल को तिल्दा-नेवरा निवासी एक 17 वर्षीय नाबालिक बालिका सिंधी पंचायत भवन के सामने अपने बहनों के साथ मेमोस खा रहे थे, इसी दरम्यान आरोपी युवक मिलिंद जैन मौके पर कार से आये और पिडिता को देखकर कार को रोककर सिर से इशारा करते हुए कही और चलने को कहा, जिससे पिडिता भयभीत होकर अपने मामा को जोर से आवाज लगाया। आवाज सुनकर पिडिता के मामा मौके पर आकर कार के सामने खड़े होकर पिडिता नाबालिग से आवाज लगाने का कारण पूछा, पिडिता ने सारी घटना की जानकारी अपने मामा को दिया, तदुपरांत पिडिता के मामा व मिलिंद जैन के मध्य वाद विवाद हुआ। वहीं बताया जा रहा है कि पिडिता नाबालिग को इसके पूर्व मे भी आरोपी मिलिंद जैन जो उनके घर के समीप निवास करता है ,इनके द्वारा अश्लील इशारा किया गया था, जिसकी जानकारी पिडिता ने अपने माता पिता को भी दिया था। इस मामले की शिकायत पिडिता पक्ष के द्वारा तिल्दा-नेवरा थाना में दर्ज करायी गई है, पुलिस ने आरोपी मिलिंद जैन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बी एन एस 2023 धारा 79 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम धारा 12 के तहत कार्रवाई किया है।

# जनहित मुददों पर चर्चा के साथ संपन्न हुई मीडिया एसोसिएशन की मासिक बैठक



पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन की मासिक समीक्षा बैठक सिमगा ब्लॉक के ग्राम हथंबद में शाम 4 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई तथा समाचार प्रकाशन और पत्रकारों के हित से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला मिडिया प्रभारी अजय नेताम ने की। इस अवसर पर सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष थानेश्वर साहू, ब्लॉक महासिचव (तिल्दा) सौरभ यादव, सिमगा ब्लॉक उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, ब्लॉक संरक्षक रामेश्वर जांगड़े और सदस्य आरु वर्मा सहित कई पत्रकार साथी उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, पत्रकार सुरक्षा, निष्पक्ष रिपोटिंग और जनहित के मुददों को प्रभावी ढंग से उठाने पर विशेष जोर दिया गया। सभी सदस्यों ने सुझाव दिया कि पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए समय-समय पर जागरुकता कार्यक्रम और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएं।

# 08 मई को विश्व रेडक्रास दिवस पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन गरियाबंद में

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बी.एस. उइके के निर्देशानुसार भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा गरियाबंद के तत्वाधान में 08 मई को विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन गरियाबंद में किया जाएगा। रेडक्रॉस जिला शाखा गरियाबंद के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल, रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े एवं जिला संगठक रोमन लाल साहू द्वारा रेडक्रास के आजीवन संरक्षक एवं उप संरक्षक सदस्य व समस्त जिला शाखा रेडक्रॉस प्रभारी सदस्यों महाविद्यालयों के प्रभारी अधिकारीगणों जूनियर रेडक्रॉस के पदेन अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी ए.के.सारस्वत् के मार्गदर्शन में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की अपील की गई है ताकि आपका एक बूंद रक्त किसी के जीवन बचाने के काम आ सके। रेडक्रॉस का उद्देश्य मानव जीवन की सेवा है। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर वृहद रक्तदान के साथ ही रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा के निर्देशानुसार जिले के सभी महाविद्यालयों के यूथ रेडक्रॉस के कम से कम 10 वॉलेंटियर एवं समस्त हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी के माध्यम से कम से कम पांच वालेंटियरों की उपस्थिति आई.टी. एस.कॉलेज गरियाबंद जनपद पंचायत कार्यालय गरियाबंद के पीछे रेडक्रॉस के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता जिनकी थीम ''मानवता को जीवित रखना'' एकांकी, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन रेडक्रॉस के विषय से संबंधित लोकगीत, केवल बालिका के लिए रंगोली प्रतियोगिता के साथ रेड क्रॉस के उद्देश्य, सिद्धांत एवं यूथ एवं जूनियर रेडक्रॉस के कर्तव्य एवं प्राथमिक सहायता के लिए के लिए सी.पी.आर.पद्धति द्वारा लोगों की प्राथमिक चिकित्सा आदि के विषय में जानकारी दी जायेगी।

# प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती आवश्यकता है, केवल एक मंच और सही प्रोत्साहन की



पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ
www.dailypioneer.com

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। आवश्यकता है, केवल एक मंच और सही प्रोत्साहन की। आइए, हम सब मिलकर नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दें, उनका हौसला बढ़ाएँ और उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें। एक छोटी-सी सराहना, एक बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

उक्ताशय के उदगार बिलासपुर मंडल के तत्वावधान में रेलवे मनोरंजन सदन, मनेंद्रगढ़ में टैलेंट हंट शो के अवसर पर राजेश खोबरागड़े व्यक्त कर रहे थे. टैलेंट हट का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारियों, उनके बच्चों तथा परिवारजनों ने नाटक, नुक्कड़ नाटक, ड्रामा, संगीत, गीत, एकल एवं समूह नृत्य, मिमिक्री, रंगोली तथा पेंटिंग जैसी विविध प्रतियोगिताओं में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों और बड़ों ने समान उत्साह से अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए मंच को जीवंत कर दिया, जिससे आयोजन एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेलवे मनोरंजन सदन के उपाध्यक्ष राघवेंद्र वर्मा, सचिव राजेश सिंह, जगजाहिर लाल, ए. मुरली तथा युवराज पोर्ते का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डीएमओ मनेंद्रगढ़, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य एवं राजेश खोबरागड़े की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। समापन समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता जताई।

# एचआईवी संक्रमित युवक को दिया गया नया जीवन, डोगेश्वरी साहू व समर्थन संस्था ने कायम किया मिशाल

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



एचआईव्ही संक्रमित युवक जिसका इलाज दो साल पूर्व से चल रहा है जो अब स्वस्थ्य व सामान्य जीवन की ओर लौट रहा है, जिसका श्रेय समर्थन संस्था व समर्पित लिंक वर्कर को दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एच आई व्ही से संक्रमित युवक सामाजिक भेदभाव व कलंक के भय व मानसिक तनाव के चलते टूट चुका था, उन्होंने एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी लेना भी बंद कर दिया था। लिहाजा उनका यह निर्णय उनकी सेहत व मानसिक स्थिति दोनों पर असर डालना शुरू कर दिया था और वह शारीरिक रूप से कमजोर होता गया, उनकी आत्मविश्वास जवाब दे दिया था। इस विकट परिस्थिति में समर्पण संस्था के समर्पित लिंक वर्कर के निरंतर प्रयास व संवेदनशील काउंसलिंग ने पिडित में एक उर्जा का संचार किया। समर्थन संस्था के समर्पित लिंक वर्कर डागेश्वरी साहू ने न केवल संस्थागत जिम्मेदारी निभाई अपितु पीड़ित का एक मित्र के रूप में, अच्छा मार्गदर्शक और भावनात्मक सहारा देने में अहम भूमिका अदा किया। उन्होंने लगातार पीड़ित युवक से व्यक्तिगत मुलाकात कर उसकी विश्वास जीतने में सफल रहा, उसके जेहन में पनप रहे डर को दूर किया ।उनकी बार बार की काउंसलिंग, धैर्यपूर्वक संवाद व सहानुभूति से युवक में धीरे धीरे हिम्मत का संचार हुआ। तत्पश्चात लिंक वर्कर डागेश्वरी साहू ने पीड़ित युवक को दुबारा जोड़ने की पूरी प्रक्रिया को संभाला जिसके तहत पीड़ित युवक को नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र तक पहूंचाना, डाक्टरी परामर्श की ब्यवस्था करना व नियमित दवा वितरण सुनिश्चित करना इसके अलावा मानसिक रूप से प्रोत्साहित करना रहा है। जिसके प्रतिसाद स्वरूप पीड़ित युवक अब नियमित रूप से दवा का सेवन कर रहा है, उसका स्वास्थ्य में अब सुधार आ रहा है। इनमें सबसे अहम अब उनमें जीवन जीने की इच्छा जागृत हुआ है अब वह फिर से जीवन को पटरी पर लाने को संकल्पित है। इस संबंध में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समर्थन संस्था के तिल्दा-नेवरा व आरंग जोनल सुपरवाइजर ईश्वर प्रसाद वर्मा ने कहा कि यह घटनाक्रम से इस विचार को बल मिलता है कि अगर समय पर उचित मार्गदर्शन व सहयोग मिले जो जीवन को दोबारा पटरी पर लाया जा सकता है। हमें केवल संवेदनशीलता, धैर्य व सहानुभूति की आवश्यकता है।

## कच्चा पैदावार को भंडारण कर समय के साथ उसका क्रय विक्रय करने से उनके माली हालातों में सुधार आएगा : नेताम

# मां कुदरगढ़ी एग्रो प्राइवेट लिमिटेड कोल्ड स्टोरेज का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 07 बुद्धू टोला में मां कुदरगढ़ी एग्रो प्राइवेट लिमिटेड कोल्ड स्टोरेज का विधवत शुभारंभ रामानुजगंज विधायक एवं छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने फीता काटकर किया। कोल्ड स्टोर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राम विचार नेताम ने कहा कि किसान अपने श्रम से अन्न पैदा करते हैं पर उनको मेहनत के अनुसार उन्हें श्रमिक नहीं मिलता है, फिर किसान सबके लिए अन्न पैदा करते हैं। इस नगर पालिका क्षेत्र में मां कुदरगढ़ी एग्रो प्राइवेट लिमिटेड कोल्ड स्टोरेज खुलने से किसानों को अपने उगाए पैदावार से आमदनी का स्त्रोत बढ़ेगा। साथ ही कच्चा पैदावार को भंडारण कर समय के साथ उसका क्रय विक्रय करने से उनके माली हालातों में सुधार आएगा। आयोजित कार्यक्रम में कावटिया परिवार के बजरंग लाल अग्रवाल राजेंद्र अग्रवाल कन्हैयालाल अग्रवाल कुसुम अग्रवाल बाबूलाल अग्रवाल अनिल अग्रवाल सुनील अग्रवाल मनीष अग्रवाल डॉ.विकास अग्रवाल सहित नगर के गणमान्य नागरिकों में अमरीचंद गुप्ता सुभाष जायसवाल अजय गुप्ता गोपाल गुप्ता शंभू जयसवाल अरुण कुमार केशरी प्रमोद केशरी रामसेवक गुप्ता रमन अग्रवाल उषा गुप्ता सहित भारी संख्या में किसान वर्ग शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेष कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया।

### लगभग 9 हजार टन कि क्षमता वाला है कोल्ड स्टोरेज

कोल्ड स्टोरेज के मुख्य निदेशक सुनील कुमार अग्रवाल का कहना है कि अत्याधुनिक तकनीकी पर आधारित इस रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में यह पहला कोल्ड स्टोरेज का निर्माण हुआ है। जिसकी भंडारण क्षमता 9 हजार टन कि है। सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों का भंडारण होने से किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उद्घाटन के पूर्व विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात नारियल फोड़ा गया। अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में अपात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाए जाने पर स्पष्टीकरण नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत रौंदा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में अपात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाए जाने का मामला सामने आया है। जिला पंचायत कार्यालय, बेमेतरा के पत्र क्रमांक क/1376/ जि.पं./ PMAY-G/ शि./ 2025-26, 09.04.2025 के अनुसार ग्राम मोतेसरा की हितग्राही कल्याणी बाई/राधेश्याम और दुगदी बाई/सुकालू को वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवास की स्वीकृति प्रदान की गई थी। दोनों हितग्राहियों को प्रथम किश्त के रूप में 95,000.00 की राशि भी प्रदाय कर दी गई थी। शिकायत के आधार पर कराई गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि आवास मित्र द्वारा दोनों हितग्राहियों के नाम पर जियो टैगिंग कराई गई, जबकि वास्तविकता में कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया। इसके अतिरिक्त, कल्याणी बाई के आवास आईडी में मात्र 31 दिन तथा दुगदी बाई के आईडी में मात्र 1 दिन का मस्टर रोल भरकर अपूर्ण कार्य का भुगतान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोजगार सहायक भुनेश्वरी साहू की भी इस अनुचित कार्य में भूमिका संदिग्ध पाई गई है। आरोप है कि आवास मित्र के साथ मिलकर इन अपात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है। उक्त तथ्यों के आधार पर भुनेश्वरी साहू को पत्र जारी कर तत्काल स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि दो दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगी।

## संपादकीय

### चेर्नोबल त्रासदी महत्वपूर्ण सबक

**चेर्नोबल त्रासदी** नाभिकीय दुर्घटनाओं के बारे में महत्वपूर्ण सबक है। हर साल 26 अप्रैल को दुनिया 'अंतरराष्ट्रीय चेर्नोबल त्रासदी स्मृति दिवस' मनाते हुए मानव इतिहास में सबसे भयानक नाभिकीय विभीषिका के पीड़ितों का सम्मान करती है। यह केवल स्मृति दिवस न होकर नाभिकीय ऊर्जा की संभावित विभीषिकाओं के खिलाफ चेतावनी का आह्वान है क्योंकि गलती होने पर इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। 26 अप्रैल, 1986 को वर्तमान समय में यूक्रेन में स्थित चेर्नोबल नाभिकीय बिजलीघर के रिएक्टर नं. 4 में देर रात सुरक्षा परीक्षण में गलती होने पर विस्फोट हो गया था। इस विस्फोट से अधिकांश पश्चिमी सोवियत संघ में रेडियोएक्टिव विकिरण फैल गए थे जिससे बेलारूस, यूक्रेन और रूस के क्षेत्र प्रभावित हुए। इससे लगभग 8.4 मिलियन लोग उच्च स्तर के विकिरण से प्रभावित हुए जिससे उनके स्वास्थ्य, पर्यावरण और आजीविकाओं पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ा।

चेर्नोबल खासकर इसलिए भयानक था क्योंकि विभीषिका का आयाम बहुत बड़ा होने के साथ ही इस पर प्रतिक्रिया अनुपयुक्त तथा बहुत विलंबित थी। सोवियत सरकार ने विस्फोट के चार साल बाद 1990 तक अंतरराष्ट्रीय सहायता नहीं मांगी और केवल इसके भयानक नकारात्मक परिणाम आने पर ही वैश्विक सहायता की आवश्यकता स्वीकार की। इतिहास में केवल दो घटनायें-1945 में हिरोशिमा व नागासाकी में अणु बम विस्फोट तथा 1986 में चेर्नोबल औद्योगिक विभीषिका, दर्ज हैं जब नाभिकीय विस्फोटों से सीधे बड़े पैमाने पर लोग हताहत हुए थे। इनमें से पहली युद्ध के दौरान हुई, जबकि चेर्नोबल याद दिलाती थी कि नाभिकीय तकनीक के शांतिपूर्ण प्रयोग भी कठोर निगरानी और सुरक्षा प्रोटोकालों के अभाव में विनाशकारी सिद्ध हो सकते हैं। दोनों घटनाओं ने मानवता पर अमिट दाग छोड़े और हमें सिखाया कि नाभिकीय ऊर्जा न केवल तकनीकी चमत्कार है, बल्कि यह गंभीर जिम्मेदारी भी है।

इस विभीषिका की प्रतिक्रिया में संयुक्त राष्ट्रसंघ महासभा ने 1990 में प्रस्ताव 45-190 स्वीकार कर विस्फोट के परिणामों को कम करने के लिए वैश्विक आंदोलन शुरू किया। पिछले वर्षों में स्वास्थ्य, नाभिकीय सुरक्षा, पर्यावरण की बहाली, स्वच्छ खाद्य उत्पादन तथा शिक्षा संबंधी 230 से अधिक परियोजनायें शुरू की गई हैं। 2002 में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने अपने दृष्टिकोण में अंतर कर न केवल मानवनीय सहायता, बल्कि दीर्घकालीन टिकाऊ विकास पर भी ध्यान दिया। यूएनडीपी जैसी एजेंसियों ने बेलारूस, यूक्रेन और रूसी फेडरेशन में क्षेत्रीय बहाली प्रयास शुरू किए। 2009 में 'इंटरनेशनल चेर्नोबल रिसर्च एंड इन्फार्मेशन नेटवर्क'-इक्रिन की स्थापना ने यह विकास दृष्टिकोण और मजबूत किया। इस दिशा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कदम 2019 में नए सुरक्षित परिसर का निर्माण पूरा करना था। 2.2 बिलियन डालर के इस इंजीनियरिंग चमत्कार से विखंडित रिएक्टर को ढका गया। 45 देशों की वित्तीय सहायता वाली यह परियोजना सुरक्षा के मामले में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की असाधारण उपलब्धि है। 1986 के बाद से तकनीकी प्रगति ने नाभिकीय सुरक्षा को बहुत बेहतर बनाया है। आधुनिक रिएक्टर सुरक्षा व्यवस्थाओं और बेहतर सामग्री से लैस होते हैं तथा कोई गलती होने या आपातस्थिति में स्वयं बंद हो जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय नियामक संस्थानों ने अपनी निगरानी कठोर की है ताकि रिएक्टर डिजाइन, आपरेशन और कचरा प्रबंधन के सर्वोच्च मानक लागू हों। लेकिन इसके बावजूद सच्चाई यही है कि कोई भी व्यवस्था मानवीय गलती की संभावना, प्राकृतिक विभीषिकाओं या अनुमान से परे तकनीकी विफलताओं से मुक्त नहीं हो सकती है। जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा की खोज में लगी दुनिया में नाभिकीय ऊर्जा पुन: विकास पर चर्चा के केन्द्र में है। लेकिन कम -कार्बन ऊर्जा होने के साथ ही इसके काफी जोखिम भी हैं, अत: इसके प्रयोग में पारदर्शिता और वैश्विक सहयोग जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय चेर्नोबल विभीषिका स्मृति दिवस यह सुनिश्चित करने के लिए है कि हम कभी अतीत की गलतियां न दुहरायें। इससे हमें यह सबक भी मिला है कि महान शक्ति के साथ महान जिम्मेदारी भी आती है। हमें भविष्य में नाभिकीय ऊर्जा का प्रयोग जीवन और पृथ्वी ग्रह के प्रति पूरे सम्मान के साथ करना होगा।

# आतंकवाद: मानवता-विरोधी अपराध

पहलगाम में हुए भयानक आतंकी नरसंहार से स्पष्ट है कि सीमापार से आतंक का खतरा बना हुआ है, जम्मू कश्मीर में शांति स्थाई नहीं है तथा इसके खिलाफ तत्काल कठोर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया जरूरी है।





**रमाकांत चौधरी**
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं)

पहलगाम में हुए भयानक आतंकी नरसंहार से स्पष्ट है कि भारत में सीमापार से आतंक का खतरा लगातार बना हुआ है, जम्मू कश्मीर में शांति स्थाई नहीं है तथा इस आतंकवाद के खिलाफ तत्काल कठोर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया जरूरी है। देश में 26-11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद सबसे घातक आतंकी हमला जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बहुत सुंदर घास के मैदान में हुआ जो पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय था और जिसे भारत का 'मिनी स्विटजरलैंड' कहा जाता था। यह जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद हुई सबसे बड़ी आतंकी वारदात है। यहां आतंकियों के हृदय विदारक कृत्य ने निरपराध लोगों का जीवन असमय समाप्त कर दिया। इससे पूरा देश आहत है और पूरा समुदाय गुस्से और दु:ख से भर गया है। यह जघन्य एवं बर्बर हमला केवल पर्यटकों या व्यक्तियों के खिलाफ केन्द्रित नहीं था, बल्कि इसे पूरी मानवता पर हमले की तरह देखा जा रहा है।

इस हमले ने भारत में सामाजिक ढांचे की एकजुटता को तहस-नहस करने का प्रयास किया है। इसका कारण यह है कि आतंकियों ने चयनित रूप से उनकी धार्मिक पहचान सुनिश्चित करने के बाद ही उनको नजदीक से गोली मारी। आतंकियों ने धार्मिक पहचान सुनिश्चित करने के लिए अनेक प्रयास किए और केवल हिंदुओं को मारा। इसी कारण इसे हिंदुओं पर हमला भी कहा जा रहा है। ऐसा लगता है कि आतंकियों ने देश में एक भड़काऊ विमर्श तैयार करने का प्रयास किया जो वर्तमान समय में वक्फ विधेयक तथा औरंगजेब की भूमिका को लेकर हो रहे विमर्श का जवाब हो।

पहलगाम के बैंसरन में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई। इस हमले का संदेह 'द रेजिस्टेंस फोर्स'-टीआरएफ पर है जो पाकिस्तानी लश्करे तैयबा से अलग हुआ एक आतंकी समूह है। पहलगाम के निकट घास के मैदान में हुए यह हमला पाकिस्तान की संलिप्तता का संकेत करता है क्योंकि आतंकी पहले भी ऐसे ही हमले करते रहे हैं। इस हमले का समय सुनियोजित ढंग से जानबूझ कर टीआरएफ द्वारा चुना गया जो कश्मीर घाटी में सामान्य स्थिति बहाली का सबसे बड़ा दुश्मन है। यह हमला ऐसे समय किया गया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के जेद्दा में उच्च स्तरीय राजनयिक वार्ता के लिए गए थे। दोनों देशों के बीच इस द्विपक्षीय वार्ता का उद्देश्य परस्पर संबंधों को और ऊंचाई पर ले जाना था। भारत और सऊदी अरब के बीच बहुत पुराने आर्थिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संबंध हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी अरब की यह यात्रा अत्यन्त महत्वपूर्ण मानी जा रही थी। इसके साथ ही यह आतंकवादी हमला ऐसे समय हुआ जब अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जे.डी. वैंस भारत की चार-दिवसीय यात्रा पर थे।

वैंस की भारत यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों को और मजबूत कर द्विपक्षीय संबंधों को गति देने के लिए थी। उनकी यह यात्रा खासकर इसलिए भी महत्वपूर्ण थी कि अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों तथा टैरिफ लगाने की नीतियों के कारण पूरी दुनिया में उथलपुथल मची है। इस दृष्टिकोण से वैंस की भारत यात्रा विश्व मंच पर भारत के उभार और उसके बढ़ते कद का प्रमाण है। पहलगाम आतंकी हमला एक प्रकार से इतिहास का दुहराव था जिसका उद्देश्य भारत की छवि खराब करना था। वर्ष 2000 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के समय लश्करे तैयबा ने जम्मू कश्मीर के अनन्तनाग जिले के चिट्टीसिंहपुरा में सिखों का भयानक नरसंहार किया था। इसके साथ ही पहलगाम हिंसा को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दृष्टिकोण से भी जोड़ कर देखा जा रहा है जिसके चलते उन्होंने पाकिस्तान के 'कश्मीर राग' पर ध्यान देने से इनकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने अपने पिछले राष्ट्रपति कार्यकाल में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के भारत के फैसले का समर्थन किया था।

पहलगाम में आतंकी हमला पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर के बयान के ठीक एक सप्ताह बाद हुआ जिसमें उन्होंन भारत-विरोधी अत्यधिक भड़काऊ भावनायें व्यक्त करते हुए जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान की 'गले की नस' बताया था। वर्तमान समय में पाकिस्तान भूख, गरीबी, अतिवाद, आतंकवाद व आर्थिक बदहाली का शिकार है। वह इस समय एक दोराहे पर खड़ा है क्योंकि उसकी सेना कथित रूप से आंतरिक विद्रोह का सामना कर रही है। पहलगाम आतंकी हमले को मार्च में बलूच अलगाववादियों द्वारा जाफर एक्सप्रेस पर कब्जे से भी जोड़ कर देखा जा सकता है जिससे पाकिस्तानी सेना की अक्षमता स्पष्ट रूप से सामने आई थी। बलूच विद्रोह रोकने में इस्लामाबाद की अक्षमता चीन में गंभीर चिन्ता का विषय है जिसने पाकिस्तान में अनेक परियोजनाओं में भारी निवेश किया है। इनमें ऊर्जा, परिवहन और ढांचागत परियोजनायें शामिल हैं। पाकिस्तान आदिवासी समुदायों के साथ संबंध बनाने में विफल रहा है जिसके कारण सशस्त्र अलगाववादी गिरोहों को उभरने का मौका मिला है जिन्होंने सुरक्षा बलों के साथ ही चीनी हितों तथा आप्रवासी श्रमिकों पर निशाना लगाया है। पाकिस्तान में लोकतांत्रिक व आर्थिक अधिकार देने में विफलता के कारण जनता और सरकार के बीच अलगाव बढ़ रहा है। इससे जनता और खासकर नौजवानों में गुस्से की भावना भर गई है।

ऐसे में पर्यटकों पर इस प्रकार के नृशंस हमले से पाकिस्तान-आधारित आतंकी समूहों में निराशा और असहायता की स्थिति प्रकट होती है क्योंकि कश्मीर घाटी में उग्रवाद के चरम समय में भी इस प्रकार के हमले विरले ही हुए हैं। यह बर्बर हमला अमरनाथ यात्रा के ठीक पहले हुआ है जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू पर्यटक व तीर्थयात्री भाग लेते हैं। इस हमले के पीछे आतंकवादियों का उद्देश्य जम्मू कश्मीर के पर्यटन-आधारित अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाना है तथा यह समझदारी उलटना है कि 2019 में अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद से ही कश्मीर घाटी धीरे-धीरे सामान्य स्थिति बहाली की ओर बढ़ रही है तथा वहां स्थिति स्थिर हो गई है। घाटी में शांति बहाली तथा आतंकी हमलों में कमी के बाद लाखों पर्यटक वहां आ रहे थे। इससे क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भारी निवेश भी हो रहा था।

ट्यूलिप खिलने और भारी संख्या में पर्यटकों के आकर्षित होने से इस वर्ष श्रीनगर में बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पयर्टक आ रहे थे। बढ़ता पर्यटन सरकार की उपलब्धि है जिसका लाभ स्थानीय और कश्मीरी नौजवानों की बढ़ती आमदनी के रूप में सामने था। इसलिए पर्यटन पर हमला उग्रवादियों और कट्टरपंथी 'मौलानाओं' को पसंद है। ऐसे में सरकार की प्रतिक्रिया बहुआयामी होनी चाहिए जिससे बुरी सोच वालों को कठोर सबक दिया जा सके। हताहतों की संख्या के मामले में पहलगाम हमला 2019 में पुलवामा हमले के बाद सबसे बड़ा है। हालांकि, भारत द्वारा पहले की गई जवाबी कार्रवाइयों का असर अब भी है।

2016 की उरी सर्जिकल स्ट्राइक तथा 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक ने भारत की दंडात्मक कार्रवाइयों की नीव रखी। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने पूर्ण राजनयिक कार्रवाई करते हुए कठोर दृष्टिकोण अपनाया है। 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करना, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीसा बंद करना, उच्चायोग में संख्या घटा कर 30 करना तथा दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के सैनिक सलाहकारों को 'अवांछित व्यक्ति' घोषित करना इनमें शामिल हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत की सैनिक प्रतिक्रिया कश्मीर के उथलपुथल वाले इतिहास में एक और निर्णायक अध्याय तथा आतंकवाद से निपटने में ऐतिहासिक कदम हो सकती है। तेज तथा रणनीतिक प्रतिक्रिया से न केवल भावी हमले हतोत्साहित होंगे, बल्कि अपने नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने तथा कश्मीर घाटी में शांति बहाली के प्रति भारत की प्रतिबद्धता भी स्पष्ट होगी। अशांति के मूल कारणों को संबोधित कर तथा सुरक्षा उपायों को बढ़ा कर भारत यह सुनिश्चित कर सकता है कि पहलगाम जैसी जघन्य आतंकी घटनाओं पर पूर्ण विराम लगाया जाए। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि आतंकी घटनायें जम्मू कश्मीर में स्थायित्व व समृद्धि की ओर प्रगति में बाधा न डाल सकें। आतंकवाद को समाप्त करने के लिए कोफी अन्नान का यह लोकप्रिय कथन महत्वपूर्ण है कि 'आतंकवादी विभीषिका से निपटने का एकमात्र रास्ता इसके मूल कारणों को समाप्त करना तथा अडिग प्रतिबद्धता से इसके खिलाफ एकजुट होना है।'

# अर्थव्यवस्था में मूल्यों का समावेश

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, स्तम्भकार हैं)

> अर्थशास्त्र और आध्यात्मिकता का एक सुखद मिश्रण जो दोनों मूल्यों पर आधारित हों, आवश्यक है

पिछले दो दशकों में व्यापार और वाणिज्य के वैश्वीकरण तथा मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था की ओर रुझान बढ़ा है। अकादमिक अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इन कदमों से प्रतिस्पर्धात्मकता, दक्षता, बेहतर रोजगार के अवसर तथा अधिक धन और समृद्धि के सृजन में तेजी आएगी।

लेकिन हमें न केवल इन लाभों को ध्यान में रखना होगा, बल्कि वैश्वीकरण के समग्र परिणामों तथा बाजार की शक्तियों के मुक्त खेल को भी ध्यान में रखना होगा। जैसा कि सभी जानते हैं, वैश्वीकरण आर्थिक दर्शन या नीति का एक छोटा सा हिस्सा मात्र है तथा हमें उस सर्व-समावेशी विश्वदृष्टि या दर्शन को जानना चाहिए जिसका यह हिस्सा है। इसे पूर्ण संदर्भ में देखे बिना, कोई इसके बारे में गलत दृष्टिकोण रख सकता है।

जैसे, समाज को वैश्विक परिवार के रूप में देखे बिना व्यापार और व्यवसाय का वैश्वीकरण सामाजिक तनाव और आर्थिक संघर्ष को जन्म देगा और यही हम आज अनुभव कर रहे हैं।

इसके अलावा, अर्थशास्त्र में वैश्वीकरण एक बाहरी दृष्टिकोण है और यदि इसके अनुरूप कोई आंतरिक दृष्टिकोण नहीं है, तो यह भयंकर प्रतिस्पर्धा को जन्म देगा और आंतरिक संतुलनकारी शक्तियों के अभाव में, यह घोर भौतिकवाद और व्यावसायिकता को जन्म देगा, जिससे सहानुभूति, दया, करुणा, विश्व-बंधुत्व, सहयोग आदि के मूल्य कम हो जाएंगे या शून्य हो जाएंगे। इस प्रकार, यह न केवल वित्तीय बाजारों को अस्थिर करेगा बल्कि मानवीय संबंधों में भी वैमनस्य पैदा करेगा। इसके अलावा, यह एक ज्ञात तथ्य है कि पूंजी उन देशों से प्रवाहित होती है, जहां मुक्त बाजार अर्थव्यवस्थाएं हैं, दूसरे देशों में जहां सस्ते श्रम, उपलब्ध संसाधनों आदि का उपयोग करके लाभ कमाने की बेहतर संभावना है, जबकि श्रमिकों को उन जगहों पर जाना उतना आसान नहीं लगता जहां उनके लिए बेहतर संभावनाएं हैं क्योंकि श्रमिकों का परिवार के साथ भावनात्मक संबंध होता है और वे पारिवारिक परिस्थितियों से प्रभावित होते हैं। इस प्रकार, श्रम के विपरीत पूंजी की बेहतर गतिशीलता और लचीलेपन के कारण, अंतर्राष्ट्रीय पोर्टफोलियो निवेशकों को सबसे अधिक लाभ होगा, न कि श्रमिकों को। इस प्रकार, वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप पूंजी निवेश करने वालों को अनुपातहीन लाभ होगा और इससे लाभों का असमान वितरण और सामाजिक और आर्थिक अभाव पैदा होगा।



इसके अलावा, एक मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था में, विनिर्माण क्षेत्र में हर खिलाड़ी दूसरों को बाजार से बाहर निकालने की कोशिश करेगा और इस प्रकार प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और कठोर होगी और वित्तीय बाजार, जो स्वाभाविक रूप से अस्थिर हैं, अस्थिरता को बढ़ाएंगे। इस प्रकार, पूरी अर्थव्यवस्था कभी भी किसी तरह के संतुलन में नहीं लौटेगी। अस्थिरता की इस स्थिति में, व्यापारी और औद्योगिक वर्ग अपने लाभ को कम होने से रोकने के लिए सभी प्रकार के अनुचित साधनों को अपनाने की कोशिश करेंगे और इस प्रकार, पूरा माहौल खराब हो जाएगा, क्योंकि पोर्टफोलियो निवेशक जीवित रहने या पनपने के लिए राजनेताओं और नौकरशाहों को भी अपने साथ लेने की कोशिश करेंगे। इससे भ्रष्टाचार, काला धन और अन्य बुराइयाँ बढ़ेंगी। इस प्रकार, यह अजीब है कि हमारे नेता एक तरफ नैतिक मूल्यों की बात करते हैं और दूसरी तरफ वैश्वीकरण की, जबकि समाज को एक वैश्विक परिवार के रूप में वैश्विक आध्यात्मिक दृष्टिकोण को लोकप्रिय बनाने का कोई प्रयास नहीं करते हैं।

कोई भी देख सकता है कि आज प्रमुख आर्थिक शक्तियाँ बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली पर हावी हैं। वे अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप वैश्वीकरण को परिभाषित और पुनर्परिभाषित करते हैं। इससे हितों का टकराव और अस्थिरता पैदा होती है। फिर, किसी व्यवस्था के गुण-दोष का आकलन करने के लिए, किसी नीति के वैचारिक आधार पर भी जाना चाहिए और उसके परिणामों पर ध्यान देना चाहिए। हमें खुद से यह सवाल पूछना चाहिए कि हम मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था या राज्य-नियंत्रित अर्थव्यवस्था क्यों चाहते हैं। हमें अपने वांछित लक्ष्य के बारे में अपने दिमाग में स्पष्ट होना चाहिए और देखना चाहिए कि क्या अर्थव्यवस्था का कोई विशेष रूप हमें उस लक्ष्य की ओर ले जाता है। यदि हमारा लक्ष्य गरीबी और बड़ी आर्थिक असमानता को दूर करना है और आर्थिक न्याय और निष्पक्षता पर आधारित समाज बनाना है, तो हमें यह पता लगाना चाहिए कि वैश्वीकरण या राज्य-नियंत्रित अर्थव्यवस्था क्या इसे बेहतर कर सकती है।

इसका मूल्यांकन उन लोगों द्वारा किया जाना चाहिए जो तटस्थ हैं और जिनका किसी भी अर्थव्यवस्था के रूप में कोई निहित स्वार्थ नहीं है। इसलिए, यदि वर्तमान विश्व स्थिति में, हमें वैश्वीकरण चाहिए, तो हमारे पास एक वैश्विक खुला समाज होना चाहिए जिसमें कुछ क्षेत्रों में किसी प्रकार का राज्य नियंत्रण हो और जो लगातार सुधार और सुधार करने का प्रयास करता रहे। किसी भी मामले में, अर्थशास्त्र और आध्यात्मिकता का एक सुखद मिश्रण - जो दोनों मूल्यों पर आधारित हों - आवश्यक है और निर्णय लेने की प्रक्रिया में, तटस्थ संस्थाओं की भागीदारी लाभदायक होगी।

# साझी सांस्कृतिक विरासत : अतीत के उदाहरण जो उज्जवल भविष्य की ओर ले जा रहे हैं

भारत का सांस्कृतिक परिदृश्य विविध परंपराओं, भाषाओं, धर्मों और कला रूपों का मिश्रण है जो हजारों वर्षों से सह-अस्तित्व में हैं और विकसित हुए हैं। पीढ़ियों से चली आ रही यह साझा सांस्कृतिक विरासत गर्व के प्रतीक से कहीं ज्यादा है- यह भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश है। तेजी से बदलती दुनिया में, भारत एक ज्यादा समावेशी, टिकाऊ और सशक्त समाज बनाने के लिए अपने अतीत की प्रासंगिकता को फिर से खोज रहा है। भारत की विरासत के सबसे गहन पहलुओं में से एक यह विचार है सह-अस्तित्व। पूरे इतिहास में, भारत ने हिंदू धर्म और बौद्ध धर्म से लेकर इस्लाम, ईसाई धर्म, सिख धर्म, जैन धर्म और आदिवासी मान्यताओं तक कई पहचानों को अपनाया है। भक्ति और सूफी आंदोलन इस साझा आध्यात्मिक यात्रा के प्रमुख उदाहरण हैं। कबीर और गुरु नानक जैसे संतों ने धार्मिक और जातिगत विभाजनों से ऊपर उठकर एकता, करुणा और समानता का उपदेश दिया। इस साझा संस्कृति के भौतिक स्थान-अजमेर शरीफ, वाराणसी के घाट, तमिलनाडु के मंदिर और पंजाब के गुरुद्वारे- सदभाव के स्थल बने हुए हैं, जहाँ सभी पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं। ये सिर्फ स्मारक नहीं हैं; ये सांस्कृतिक संवाद के जीवंत प्रतीक हैं। भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली- आयुर्वेद, योग, वास्तु शास्त्र और टिकाऊ खेती का आधुनिक चुनौतियों के संदर्भ में पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है। कभी ग्रामीण या धार्मिक परिवेश तक सीमित रहने वाली प्रथाएँ अब स्वास्थ्य, जलवायु और माइंडफुलनेस पर वैश्विक बातचीत में प्रवेश कर रही हैं। उदाहरण के लिए, योग का वैश्विक आलिंगन, जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ मान्यता दी गई है, भारत की समग्र कल्याण की प्राचीन समझ में निहित है। इसी तरह, पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालियों जैसे कि बावड़ी, बावड़ी और टैंक सिंचाई को जलवायु-लचीले बुनियादी ढांचे के मॉडल के रूप में फिर से देखा जा रहा है। भारत की साझा विरासत इसके विविध कला रूपों में भी दिखाई देती है। मधुबनी, वारली और पट्टचित्र जैसे पारंपरिक शिल्प और कथक, भरतनाट्यम और बाउल संगीत जैसी प्रदर्शन कलाएँ सामूहिक स्मृति और क्षेत्रीय पहचान की कहानियाँ बताती हैं। हाल के वर्षों में, इन लुप्त होती कलाओं को पुनर्जीवित करने के लिए एक सचेत प्रयास किया गया है। सरकारी योजनाएँ, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और डिज़ाइन सहयोग कारीगर समुदायों में नई जान फूंक रहे हैं, जिनमें से कई ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर पड़े समूहों से संबंधित हैं। यह पुनरुद्धार न केवल संस्कृति को संरक्षित कर रहा है बल्कि आजीविका भी पैदा कर रहा है, खासकर ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के लिए। साझा सांस्कृतिक विरासत शांतिपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक सेतु के रूप में भी उभरी है। नेपाल, भूटान बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंध बौद्ध धर्म से लेकर भाषा और खान-पान तक साझा धार्मिक और सांस्कृतिक प्रथाओं में निहित हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के जीर्णोद्धार और दक्षिण एशिया में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों पर सहयोग जैसी पहल दर्शाती है कि कैसे साझा विरासत राजनीतिक सीमाओं को पार कर सकती है और आपसी सम्मान को बढ़ावा दे सकती है। ये प्रयास वैश्विक दक्षिण में एक सांस्कृतिक नेता के रूप में भारत की छवि को मजबूत करते हैं। भारतीय शिक्षा हमेशा से संस्कृति के संचार का माध्यम रही है। आज, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों, क्षेत्रीय इतिहास और स्थानीय भाषाओं को मुख्यधारा की शिक्षा में एकीकृत करने पर जोर देती है। यह नया फोकस सुनिश्चित करता है कि युवा भारतीय न केवल अपनी विरासत की सराहना करें बल्कि भविष्य के लिए इसे नया रूप देने और अनुकूलित करने के लिए भी सुसज्जित हों। कक्षाओं में कहानी सुनाने के सत्रों से लेकर शहरों में हेरिटेज वॉक तक, सांस्कृतिक शिक्षा को अनुभवात्मक और समावेशी बनाने के लिए एक बढ़ता हुआ आंदोलन है। जब बच्चे अपनी विरासत के बारे में इस तरह से सीखते हैं जो उनके रोजमर्रा के जीवन से जुड़ा होता है, तो इससे पहचान और अपनेपन की गहरी भावना पैदा होती है। भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत स्थिर नहीं है- यह एक जीवंत, सांस लेने वाली शक्ति है जो निरंतर विकसित और प्रेरित करती रहती है। आध्यात्मिक शिक्षाओं और प्राचीन विज्ञानों से लेकर कला रूपों और वास्तुकला तक, अतीत के ज्ञान को एक उज्जवल, अधिक दयालु भविष्य को आकार देने के लिए पुनर्व्याख्यायित किया जा रहा है।

**- रेशम फातिमा,** अंतर्राष्ट्रीय संबंध में परास्नातक, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय


इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी, लेखपाल एवं सहा. अभियंता ने ठेकेदार को लाभ पहचाने भारी अनियमितता बरतते हुए ठेकेदार को किया भुगतान

**मार्केट में जो टैंकर 16 लाख 5 हजार में वह 45 लाख में और ई रिक्शा जो 1 लाख 28100 में उसे 4 लाख 33 हजार में खरीद कर शासन को लगाई लाखों की चपत**

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका दल्लीराजहरा में 15 वें वित्त के टाइड ग्रांट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत वाहन/ उपस्कर क्रय किए जाने निम्न सामानों बेलिंग मशीन, पानी टैंकर, ई-कार्ट फार गार्बेज, मोबाइल टायलेट, इंसीनेटर यूनिट, नाला मेन, सक्शन मशीन ट्वीन बिन(स्टील), ट्राइसाइकिल, टोइंग ट्रेलर मशीन जेम पोर्टल से खरीदी हेतु 2 करोड़ 47 लाख की निविदा जारी की गई थी, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी, लेखपाल एवं सहा. अभियंता द्वारा ठेकेदार को लाभ पहचाने हेतु भारी अनियमितता बरतते हुए ठेकेदार को भुगतान किया गया है। जिसकी निम्न बिंदुओं पर जांच करवाना चाहते है। नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि सहायक. अभियंता द्वारा अपने चहते ठेकेदार को लाभ पहचाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी से साठ गांठ कर खुद को जेम पोर्टल का बायर बनाया गया और ठेकेदार के दिए नियम शर्तों को बिना सक्षम स्वीकृति लिए



अलग अलग सामानों हेतु एक समान नियम शर्तों की झड़ी लगाकर ठेकेदार को लाभ पहुंचाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बिना सामान आए ही लेखपाल के साथ मिलकर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। जिसके बाद समान नगर पालिका में पहुंचा है। जिसकी पुष्टि भंडार शाखा के पंजी से की जा सकती है। भुगतान की तारीख ओर स्टॉक पंजी की तारीख से मिलान किया जा सकता है।

नगर पालिका में वरिष्ठ अभियंता के रहते आए हुए सामानों की गुणवत्ता परीक्षण भी सहा. अभियंता द्वारा ही किया गया, जो कि इसके बायर भी है, वो इसलिए क्योंकि इनके द्वारा बिना सामान आए ही भुगतान किया जा चुका था। इस हेतु गुणवत्ता परीक्षण भी स्वयं ही इनके द्वारा किया गया। मनोज दुबे ने आगे बताया कि इन सब प्रक्रिया में इन अधिकारियों ने इतनी जल्द बाजी की गई कि बिल को न विधिवत रूप से किसी लिपिक के द्वारा बढ़ाया गया न ही बिल को भंडार शाखा से बढ़ाया गया है। इन भ्रष्ट अधिकारियों को ठेकेदार को बिना सामान आए भुगतान करने की इतनी जल्दी थी कि बिना पीआईसी/ परिषद से सक्षम स्वीकृति लिए बिना ही अग्रिम भुगतान कर दिया गया। जिस दिन नगर पालिका में समान आया उसी दिन स्वच्छता दीदियों द्वारा समान खराब होने की शिकायत सामूहिक रूप से नगर पालिका अध्यक्ष को की गई थी। तब सीएमओ ने दूसरा सामान मंगवाना का वादा कर इन्हीं कर्मचारियों पर दबाव बनवाकर उनसे ही इसको काम में लाने के लिए कहकर इसका उपयोग करवाया गया। मार्केट में जो टैंकर 16 लाख 5 हजार में मिलता है उसे नगर पालिका अधिकारी द्वारा 45 लाख में और ई रिक्शा जो 1 लाख 28100 में मार्केट में मिलता है उसे 4 लाख 33 हजार में खरीद कर शासन को लाखों की चपत लगाई गई है। शासन के भंडार नियम का वो केंद्र शासन के 15 वें वित्त के तहत आदेश का पालन नहीं किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर पूर्व में कोंडागांव नगर पालिका में आर्थिक अनियमितता बरतने पर शासन द्वारा इनको सस्पेंड किया गया है इनके द्वारा हाईकोर्ट से स्टे लेकर फिर से आर्थिक अनियमितता बरतते हुए शासन को लाखों की चपत लगाई गई है। अतः आपसे निवेदन है कि 15 वें वित्त आयोग के टाइड ग्रांट मद से हुए सामग्री सप्लाई कार्य में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर दोषी अधिकारियों से वसूली की कार्यवाही की जाए।

# पोलमी के बाद अब घोघरा कला में बकरी चोरी: बोलेरो सवार चोरों ने 17 बकरी-बकरा उड़ाए, गांव में दहशत

पायनियर संवाददाता ◄ पंडरिया
www.dailypioneer.com



ग्रामीण अंचलों में सक्रिय बकरी-बकरा चोर गिरोह ने एक बार फिर अपनी मौजूदगी का अहसास कराया है। बीती रात ग्राम घोघरा कला में हुई चोरी की घटना ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की रात लगभग 3 बजे बोलेरो गाड़ी में सवार अज्ञात चोरों ने ग्रामवासी जेठू यादव के घर का ताला तोड़कर वहां रखे 17 बकरी-बकरों को चुराकर फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, चोरी की घटना बेहद सुनियोजित ढंग से अंजाम दी गई। चोरों ने बड़ी चतुराई से पहले घर की निगरानी की और फिर ताला तोड़कर महज कुछ मिनटों में सभी मवेशियों को वाहन में लादकर भाग निकले। घटना की जानकारी सुबह होने पर गांव में हड़कंप मच गया। जेठू यादव ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार हो रही इस तरह की वारदातों के बावजूद पुलिस की गश्त और सतर्कता बेहद ढीली है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

### ग्रामीणों में रोष, सुरक्षा की मांग

चोरी की घटना से न सिर्फ पीड़ित परिवार बल्कि पूरे गांव में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पोलमी गांव में कुछ दिन पूर्व हुई बकरी चोरी की वारदात के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी, जिसका फायदा उठाकर चोर गिरोह ने अब घोघरा कला में भी वारदात कर दी। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध वाहनों पर निगरानी रखी जाए तथा चोर गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाती तो वे उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### पशुपालकों में फैली दहशत

लगातार हो रही मवेशियों की चोरी से पशुपालकों में दहशत का माहौल है। कई पशुपालक अपने मवेशियों की सुरक्षा के लिए अब रातभर पहरा देने को मजबूर हैं। गांव वालों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते चोरों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो ग्रामीणों को अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं कदम उठाने पड़ सकते हैं।

# सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सुशासन तिहार 2025 के तहत कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत देवरी में आयोजित शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं, मांगों और शिकायतों के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। गौरतलब है कि सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में, 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जिले के सभी पंचायत निकायों में समाधान पेटियां स्थापित की गई थीं, जिनमें नागरिकों द्वारा विभिन्न प्रकार के आवेदन डाले गए थे। समाधान शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम दीप्ति वर्मा, सरपंच सीमा सिवारे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। बैठक में लोक स्वास्थ यांत्रिकी, विद्युत, समाज कल्याण, खनिज, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य, शिक्षा, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों ने क्रमवार ढंग से अपने-अपने विभागों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी दी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण समस्याएं होती है, उनका अधिकारी त्वरित समाधान कर जनता का विश्वास अर्जित कर सकते है। शर्मा ने बताया कि अगले चरण में 5 मई से 31 मई 2025 तक जिलेभर में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जनकल्याणकारी और हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में जिला, अनुभाग और विकासखंड स्तर के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि पहल को और अधिक जनोन्मुखी बनाया जा सके। कलेक्टर ने यह भी जानकारी दी कि कुछ समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन के अधिकारी भी शामिल होंगे और आवेदकों से सीधा संवाद कर समस्याओं का अवलोकन करेंगे। इसलिए सभी आवेदनों का समय रहते गुणवत्तापूर्ण निराकरण अनिवार्य है। शर्मा ने समाज कल्याण, विद्युत एवं खनिज विभाग द्वारा आवेदनों के निराकरण में अपेक्षित गुणवत्ता नहीं दिखाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित प्रकरणों के समाधान के निर्देश दिए। वहीं खाद्य विभाग द्वारा किए गए निराकरण पर संतोष व्यक्त किया और अन्य विभागों से भी इसी तरह की तत्परता की अपेक्षा जताई। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने स्वयं ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। एक ग्रामीण महिला द्वारा जॉब कार्ड बनाने और एक अन्य व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड जारी न होने की समस्या पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# तोरण लाल साहू ने पहलगाम आतंकी हमले में मृत देश के सभी नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बैरसन घाटी में पर्यटकों पर हुआ नृशंस आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं संतापजनक है। हम घटना में मृत हुए सभी 27 भारतवासियों व 1 मित्रदेश नेपाल के नागरिक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। इस संबंध में नगर पालिका दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि यह हमला देश की एकता व अखंडता पर प्रहार करने का दुःसाहस है। सभी राजनीतिक दल व संस्थाओं को सारे मतभेदों से ऊपर उठकर इसकी भर्त्सना करनी चाहिए। सरकार सभी पीड़ितों व उनके परिवारों की सहायता की आवश्यक व्यवस्था कर रही है। इस नृसंश आतंकी हमले में आतंकियों ने धर्म पूछ पूछ कर गोलियां मारी है, जिसमे हमारे छत्तीसगढ़ के भी 1 नागरिक की मृत्यु हुई है जो अत्यंत दुःखद है। भारत सरकार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए, सिंधु जल समझौता तोड़ दिया, साथ ही पाकिस्तानियों के सभी वीसा तत्काल रदद करके 7 दिनों के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है। भारत मे स्थित उच्चायुक्तों को 48 घण्टे के अंदर भारत छोड़ने के निर्देश दिए हैं, और अपने सभी राजनयिकों को भारत वापस बुलाया है। इस कठोर कदम भारत सरकार के नीति व नियत को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि आतंकवाद के द्वारा किये गए इस कायराना करतूत से समस्त देश आक्रोशित है व किसी भी स्थिति में आम नागरिकों के ऊपर किये इस हमले का जवाब जरूर दिया जाएगा। तोरण लाल साहू ने पहलगाम (बैसरन घाटी) आतंकी हमले में मृत देश के सभी नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है तथा सभी घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना भी की है।

# वन नेशन वन इलेक्शन के लिए जुटे नगर के प्रबुद्धवर्ग



**डोंगरगांव नगर।** नगर में वन नेशन वन इलेक्शन विषय को लेकर एक संगोष्ठी आहुत किया गया। स्थानीय व्यापारी संघ के बैनरतले आयोजित संगोष्ठी में प्रमुख जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों तथा मीडियाकर्मियों ने अपने अपने विचार रखे। नगर के सभी प्रबुद्धवर्ग ने एक स्वर में देश में वन नेशन वन इलेक्शन पर जोर दिया। एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर अनेक वक्ताओं ने अपनी बात बेबाक तरीके से रखते हुए इसे समयानुकूल बताया। तो वहीं अनेक वक्ताओं ने वन नेशन वन इलेक्शन के क्रियान्वयन में कुछ विषयों व नियमों के समावेश की बात भी कही। वक्ताओं ने बताया कि सार्वभौमिक उपयोगिता है। संसद के निर्देश पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है, जो इस संबंध में अपनी रिपोर्ट संसद के समक्ष रखने वाली है। पूरे देश में इस संबंध में बहस छिड़ी हुई है। आगामी दिनों यह कानून संसद में रखा जा सकता है। संगोष्ठी में पुर्व जिपंअध्यक्ष दिनेश गाँधी, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, जिपं सभापति जागृति चुन्नी यदु व प्रशांत कोड़ापे, डोंगरगढ़ जपंअध्यक्ष लता सिन्हा, डोंगरगांव जपंअध्यक्ष रंजीता पड़ौती, डॉ. निरेन्द्र साहू, युवा व्यवसायी दीपक शर्मा, जैन समाज अध्यक्ष सतीश जैन, पत्रकार एवं समाजसेवी बालकृष्ण सिन्हा, पत्रकारगण प्रेम गोस्वामी व धन्य कुमार जैन ने अपने अपने विचार रखे। उक्त आयोजन में सुधि नागरिकगण उपस्थित थे।

# कलार समाज जिला कार्यकारिणी बैठक बीजाभाट में संपन्न



**बेमेतरा।** ग्राम बीजाभाट में कलार समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें जिले के सभी मंडल के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में जिला स्तर पर नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में निर्वाचित समाज के जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह के आयोजन पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र जायसवाल ने इस आयोजन में सभी मंडलेश्वरों एवं समाजजनों से सहयोग की अपील की। सभी मंडलेश्वरों ने अपने-अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में प्रांत से विशेष आमंत्रित सदस्य पुसऊ राम सिन्हा, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष डामन सिन्हा, प्रदेश युवा मंच उपाध्यक्ष देवलाल सिन्हा सहित बेरला मंडलेश्वर ईश्वर सिन्हा, साजा मंडलेश्वर टीकाराम डड़सेना, नवागढ़ मंडलेश्वर अजय सिन्हा, बेमेतरा मंडलेश्वर अशोक जायसवाल, सोमप्रकाश सिन्हा, केशरी सिन्हा, सचिव कामता सिन्हा, साजा सचिव मीनाराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष सहदेव सिन्हा, ललित सिन्हा, अशोक सिन्हा, सुरेश सिन्हा, बलिराम सिन्हा, कुलेश्वर जायसवाल, पूर्व जिला मंत्री एवं युवा अध्यक्ष बेरला मंडल मनोज सिन्हा, ग्राम प्रमुख, युवा प्रमुख सहित बड़ी संख्या में स्वजातीयजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला मंत्री मोहन सिन्हा ने किया।

# पीएम मोदी ने कही मन की बात: देशवासियों से कहा धरती को बचाना है तो मां के नाम एक पेड़ लगाना है

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के 121 वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मैं मन की बात कर रहा हूं, लेकिन मेरे मन में पीड़ा है मुझे दुख है, हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा न्याय जरूर होगा आतंकियों ने जो कायरता पूर्ण कार्य को अंजाम दिया है उसको हम छोड़ेंगे नहीं हर मोर्चे पर देंगे उनको शिकस्त।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई

पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश की एकता और 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

### पहलगाम आतंकी हमला

पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला आतंक के सरपरस्तों की हताशा और कायरता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में एक 1द्बद्वह्वद्ब्द्ब4 थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, तब दुश्मनों को यह रास नहीं आया।

### डॉ. के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि

पीएम मोदी ने देश के महान वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि दी, जिनका हाल ही में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि डॉ. कस्तूरीरंगन ने विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### पर्यावरण संरक्षण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ने पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण पर जोर देते हुए कहा प्रकृति की हरियाली के लिए पेड़ लगाना जरूरी है। पीएम मोदी ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने का आग्रह किया और कहा कि हर किसी को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मोंटी साहू महेश साहू पंचू साहू नीतू कोठारी नीलू राजपूत दोहाई वर्मा शेखर वर्मा युगल देवागन संतोष वर्मा राजू देवागन धर्मेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ ने सुनी मन की बाते।

# त्रै-वार्षिक सम्मेलन संयुक्त खदान मजदूर संघ के कार्यालय में संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






संयुक्त खदान मजदूर संघ दल्लीराजहरा का त्रै-वार्षिक सम्मेलन संयुक्त खदान मजदूर संघ के कार्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें दल्लीराजहरा की सभी खदानों के चुने हुए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में सदभावनापूर्ण वातावरण में सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुने गए, जिसके अंतर्गत सचिव कमलजीत सिंह मान, अध्यक्ष निवासलु, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम पटेल, संगठन सचिव राजेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, कार्यालय सचिव हंस कुमार को चुना गया। सम्मेलन के प्रथम सत्र में ध्वजारोहण के बाद खुला अधिवेशन हुआ, जिसमें कामरेड आर डी सी पी राव-महासचिव केंद्रीय एस के एम एस छत्तीसगढ़, कामरेड राजेश संधू-कार्यकारी अध्यक्ष केंद्रीय एसकेएमएस छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि तोरण लाल साहू-नगर पालिका अध्यक्ष दल्लीराजहरा, चमरू राम ठाकुर-पूर्व अध्यक्ष एसकेएमएस दल्लीराजहरा, दानीराम साहू अध्यक्ष श्रमिक कल्याण सहकारी समिति अतिथि गण मंच पर पदस्थ थे। वक्ताओं ने कहा कि हम सभी श्रमिक साथियों को आपस में एक जुट होकर अपने अधिकारों के प्रति संघर्ष करना होगा। संघर्ष करने से ही सफलता मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि मैं तो आप लोगों के बीच से ही आया हूं, आपके बीच ही काम करता रहा हूं, मैं आप लोगों के साथ हमेशा खड़ा हूं, इसलिए मेरा दायित्व है कि जहां कहीं भी मेरी जरूरत पड़ेगी मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलकर लड़ूंगा। सम्मेलन के द्वितीय सत्र में अध्यक्ष मंडली का गठन किया गया जिसमें दान सिंग चंद्राकर, कुलदीप सिंह, अनिल कुमार रजक, मसलेद्दीन, नरोत्तम सागर ने आगे की कार्रवाई का संचालन किया। सचिव प्रतिवेदन कामरेड कमलजीत सिंह मान द्वारा प्रस्तुत किया गया। उसके पश्चात सचिव प्रतिवेदन पर उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार रखे तथा अपने-अपने विभागों में होने वाली कठिनाइयां को भी रखा। सचिव द्वारा प्रतिनिधियों के सवालों का जवाब दिया गया, तथा अन्य समस्याओं के समाधान के लिए उच्य प्रबंधन से बात कर उनके समाधान किए जाने की बात कही। लौह अयस्क खदान समूह की विभिन्न खदानों से अपने-अपने विभागों से 126 प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लेकर प्रतिनिधियों का चयन किया। प्रतिनिधि सभा में 83 सदस्यों की कार्यकारिणी चुनी गई। इसी चुनी हुई कार्यकारिणी द्वारा पदाधिकारियों के चयन का प्रावधान होता है, जिसके द्वारा 28 पदाधिकारियो का चयन किया गया। सम्मेलन में दिवंगत साथियों एवं पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों के साथ अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त किया गया और 2 मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम का संचालन एस अंसारी ने किया। सम्मेलन को सफल बनाने में कुलदीप सिंह, राज किशोर मोहंती, अनिल कुमार रजक, मसलेउद्दीन, आर के बांदे, आर के सिन्हा, एस अंसारी, कोमल निर्मलकर, वेंकट रमन, कृष्णमूर्ति, राजकुमार शर्मा, विष्णु प्रसाद साहू, नरोत्तम सागर, देवेंद्र उईके, सोमित साहू , दिनेश कुमार चौधरी, उमेश पटेल, विजय देशमुख बाबूलाल बामलिया, गुरमीत सिंह, अखिलेश मसीह, ताराचंद, राधेश्याम साहू, विवेकानंद दत्त, सोहेल, माधव, राकेश शर्मा, जीवन साहू, शिवकुमार, विनय, विजय शर्मा, हेमंत साहू, मोहम्मद चांद, शेखर कावले, दिवाकर, नवीन साहू, सुंदर, रघुराव, मनिंदर राय चौधरी, आकाश, सुनील कुमार सिंह, यशपाल सिंह, नरेंद्र जनबंधु, अविनाश वर्मा, सुमन मेश्राम, अशोक मेश्राम, डी एल सोनवानी, रामगणेश, श्याम सुंदर, दशरथ साहू, विजय सिन्हा, चुरामन लाल, गुलाब सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा। इस सम्मेलन में कामरेड आर.डी.सी.पी.राव, महासचिव केंद्रीय एस.के.एम.एस, कामरेड राजेश संधू कार्यकारी अध्यक्ष केंद्रीय एस के एम एस, कामरेड जागेश्वर प्रसाद अध्यक्ष बचेली, कामरेड चमरूराम ठाकुर पूर्व अध्यक्ष एस के एम एस दल्ली राजहरा, भिलाई इस्पात संयंत्र की नंदिनी खदान के अध्यक्ष रोहित वर्मा एवं सचिव भागवत पटेल उपस्थित थे।

# पंडरिया में आईपीएल सटटेबाजी का बढ़ता जाल चौक-चौराहों पर खुलेआम खेल, प्रशासन मौन

पायनियर संवाददाता ◄ पंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा है, और इसके साथ ही सटटेबाजी का अवैध कारोबार भी चरम पर पहुंच गया है। नगर के प्रत्येक चौक-चौराहे से लेकर गली-मोहल्लों तक सटटेबाजी का जाल फैल चुका है। चिंता की बात यह है कि इसमें हर आयु और वर्ग के लोग शामिल होते जा रहे हैं। युवक तो पहले से सक्रिय थे, अब महिलाएं भी इस अवैध गतिविधि का हिस्सा बनती दिखाई दे रही हैं।

### गेंद, विकेट और ओवर पर लगाए जा रहे दांव

जैसे ही आईपीएल का कोई मैच शुरू होता है, खाईवाल सक्रिय हो जाते हैं। हर गेंद, हर ओवर और प्रत्येक विकेट पर सट्टे के दांव लगाए जा रहे हैं। कौन सा बल्लेबाज कितने रन बनाएगा, कितने ओवर में कितने रन आएंगे, या कौन गेंदबाज कितनी विकेट लेगा, इन सब बातों पर हजारों से लाखों रुपये तक का दांव खेला जा रहा है। मोबाइल फोन और व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए यह नेटवर्क तेजी से संचालित हो रहा है, जिससे पकड़ना भी चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है।

IPL 2025

### महिलाएं भी हो रही शामिल

चौंकाने वाली बात यह है कि अब सटटेबाजी की गिरफ्त में महिलाएं भी आती जा रही हैं। आर्थिक लाभ की लालच में महिलाएं न केवल दांव लगा रही हैं, बल्कि कुछ स्थानों पर सटटेबाजी संचालन में भी भूमिका निभा रही हैं। इससे सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है और परिवारों में कलह की स्थिति बनने लगी है।

### प्रशासन की निष्क्रियता पर उठ रहे सवाल

नगर में सटटा गतिविधियां खुलेआम हो रही हैं, इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई अब तक देखने को नहीं मिली है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस प्रशासन जानकार होने के बावजूद अनदेखी कर रहा है, जिससे सटटेबाजों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं।

### समाज पर पड़ रहा नकारात्मक प्रभाव

सटटेबाजी के इस फैलते जाल का सबसे बुरा असर युवाओं पर पड़ रहा है। पढ़ाई-लिखाई छोड़ युवा वर्ग सटटेबाजी में उलझता जा रहा है। कर्ज में डूबने, आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने और मानसिक तनाव जैसी गंभीर समस्याओं के मामले भी सामने आने लगे हैं। कई परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, तो कई युवाओं के भविष्य अंधकारमय होते जा रहे हैं।

### नगरवासियों ने उठाई मांग

स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नगर में सटटेबाजी पर तत्काल प्रभावी रोक लगाई जाए। गुप्त निगरानी के माध्यम से सटटेबाजों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि युवा पीढ़ी को इस गर्त में जाने से रोका जा सके।

# लायंस क्लब चांपा द्वारा सात दिवसीय नि:शुल्क एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल चिकित्सा शिविर का समापन

पायनियर संवाददाता ✓ चांपा
www.dailypioneer.com



लायंस क्लब चांपा द्वारा सात दिवसीय निःशुल्क एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर का आयोजन लायंस भवन चांपा में 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक किया गया है। जिसका उदघाटन समारोह लायंस स्कूल भवन चांपा में किया गया। इसमें लायन राजेश अग्रवाल, जोन चेयरमेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं मेल्विन जोन्स के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं मार्त्यापण कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि लायन राजेश अग्रवाल एवं लायंस पदाधिकारी का पुष्पहार से स्वागत किया गया। 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर में अनेक रोगों का ईलाज किया गया। जिसमें मोटापा, ब्लड प्रेसर, शुगर, पेट का रोग, मस्सा, बावासीर, सरवाईकल दर्द, पुराना दर्द, जोड़ो का दर्द, साईटिका, लकवा, घुटनों का दर्द, आँख, कान, नाक की बीमारी, दमा, लम्बाई बढ़ना, मानसिक परेशानी (डिप्रशन) आदि रोगों का ईलाज बिना दवाई के उपरोक्त प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा किया गया। सात दिनों तक नियमित उपचार किया गया। इस शिविर में ञ्रद्ध. गोरधन चौधरी एवं ञ्रद्ध. भोमराज चौधरी व उनके सहयोगी टीम जोधपुर (राजस्थान) द्वारा ईलाज किया गया। उक्त शिविर में 125 नागरिकों ने उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाया। मुख्य अतिथि लायन राजेश अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर पद्धति काफी पुरानी पद्धति है और इससे रोगों का उपचार काफी अच्छा होता है। इस अवसर पर उन्होंने लायंस क्लब चांपा को भी शिविर के आयोजन पर प्रसंशा की। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गनर्वन लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने भी शिविर के आयोजन पर लायंस क्लब चांपा को बधाई दी। गोरधन चौधरी एवं ञ्रद्ध. भोमराज चौधरी ने एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल, चिकित्सा शिविर के संबंध में लोगों को जानकारी दी एवं कहा कि इस शिविर में गंभीर से गंभीर बिमारियों का ईलाज भी संभव है। अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने गोरधन चौधरी एवं ञ्रद्ध. भोमराज चौधरी व उनके सहयोगी टीम को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। उक्त समापन समारोह में अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष सोनी, लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल (पीडीजी), जोन चेयरमेन लायन राजेश अग्रवाल, लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन विनोद अग्रवाल के अलावा अनेक गणमान्य नागरिक तथा शिक्षक / शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# श्री वृंदावन गौशाला पहुंचे अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के सदस्य





पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर में रचनात्मक, सेवा कार्यों एवं धर्म की रक्षा के लिए सदैव अग्रणी रहने वाली अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा के सदस्यों ने शहर के नंदेलीभाटा में स्थित श्री वृंदावन गौशाला में पहुंचकर गौ सेवा की, इस दौरान सदस्यों ने गौ सेवा के अंतर्गत फ्ल,सब्जी एवं गुड़ की दो अलग-अलग सवामणी लगाते हुए वृंदावन गौशाला में असहाय एवं निशक्त गौ माता को दवा एवं चारा खिलाया, तो वहीं श्री वृंदावन गौशाला में गौ सेवा के कार्य में लगे सेवकों को भी गौ माताओ की सेवा के लिए 2600/-रुपये की सेवा राशि भी प्रदान की, तथा इस अवसर पर महिला सदस्यों ने कहा कि गौ सेवा का कार्य सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है, एवं गौ माताओ को फल, फूल तथा गुड़ की सवामणी लगाकर उन्होंने एक प्रयास किया है, तथा उनकी शाखा सतत गौ सेवा के क्षेत्र में आगे भी काम करती रहेगी, इस दौरान अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा की अध्यक्ष सुमन अग्रवाल, सचिव सीमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संगीता केडिया, उषा अग्रवाल, आशा अग्रवाल, संगीता खेतान, राखी अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, रितु अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, मीना अग्रवाल एवं मीनल अंकित अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# खेलकूद से बच्चे स्वस्थ रहते हैं, उनमें सामाजिकता, सदभावना बढ़ती है : प्राचार्य नीरजा सिंह

पायनियर संवाददाता ✓ जनकपुर
www.dailypioneer.com



सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा सामने आती है, इन कार्यक्रमों से उनकी रचनात्मकता, संवेदनशीलता बढ़ती है साथ ही कहानी, कविता लेखन से विचारों का सम्प्रेषण में सुधार होता है. विगत दिवस वंदना शिशु शिक्षा निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल जनकपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव में अपना उद्बोधन देते हुए संस्था प्राचार्य नीरजा सिंह ने कहा कि खेलकूद से बच्चे स्वस्थ रहते हैं, उनमें सामाजिकता, सदभावना बढ़ती है जिससे उनका आपसी सौहार्द बढ़ता है व मस्तिष्क भी सक्रिय रहता है फलस्वरूप परीक्षा परिणाम भी बेहतर आता है वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम से उनकी रचनात्मकता, संवेदनशीलता का विकास होता है। इस अवसर पर बच्चों की साल भर की मेहनत के परिणाम रूपी मार्कशीट, सर्टिफिकेट, ट्रॉफी इत्यादि बच्चों को प्रदान की गई, शिक्षा के साथ साथ अन्य फील्ड, जैसे खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य विधाओं में भी रैंक हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं शाला में सबसे ज्यादा उपस्थिति वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया जिससे अन्य बच्चे भी प्रेरित होकर नियमित शाला आएं इस अवसर पर अनुशासन, खेलकूद, रंगोली,निबंध लेखन, कहानी,के साथ स्वरचित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस रंगारंग समारोह में विद्यालय के छात्र, छात्राओं, शिक्षक व अभिभावक व नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# पुलिस ने जब्त की अवैध शराब, आरोपी गिरफ्तार, लगातार चल रही सतत छापामार कारवाई

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा नशीले पदार्थो के कारोबारियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन कर कार्यवाही किया जा रहा है इसी तारतम्य में प्रधान आरक्षक फलेन्द्र मनहर को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम सोंठी वार्ड क्रमांक 04 निवासी मनोज कुमार सतनामी अपने घर के सामने अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है कि सूचना के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर उचित दिशा निर्देश प्राप्त कर हमराह पुलिस स्टाफ एवं गवाहन के मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया जो मनोज कुमार सतनामी पिता रम्मैया लाल उम्र 38 साल साकिन ग्राम सोठी वार्ड नंबर 04 थाना सक्ती का एक थैला के अंदर में 05 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जेरिकेन में 05 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब एवं एक लीटर वाली प्लास्टिक बाटल में 01 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब, जुमला 06 लीटर, कीमती 600 रूपये को रखे हुये रंगेहाथ पकड़ा गया। जिसे उक्त शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज/लायसेंस हो तो पेश करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई वैध दस्तावेज या लायसेंस नहीं होना लिखित में दिया जिससे उपरोक्त शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी मनोज कुमार सतनामी का कृत्य धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है, उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्रधान आर. फलेंद्र मनहर, आर. कुंवर बज्रसेन लहरे एवं म.आर रेखा कंवर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शक्ति न्यायालय में नोटरी के चार अतिरिक्त पद स्वीकृत करने उपमुख्यमंत्री को अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

न्यायालय में नोटरी के चार अतिरिक्त पद स्वीकृत करने संबंधी ज्ञापन शक्ति के अधिवक्ताओं द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को सौंपा गया, उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन था, जिसमें शक्ति के भी अधिवक्ता शामिल हुए, भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश के संयोजक जय प्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की तथा प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। इस दौरान शक्ति के अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता उदय वर्मा के साथ पहुंचे अधिवक्ताओं ने उपमुख्यमंत्री से शक्ति के न्यायालय में नोटरी के चार अतिरिक्त पद स्वीकृत करने संबंधी मांग पत्र दिया एवं इस दौरान अधिवक्ता चितरंजन पटेल भी मौजूद रहे तथा उपमुख्यमंत्री निवास में आयोजित इस दौरान प्रधानमंत्री के मन की बात का 21 वा संस्करण अधिवक्ताओं ने सुना तथा उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि अधिवक्ता समाज के बुद्धिजीवी वर्ग से होते हैं जिनका आजादी से अब तक देश को नई दिशा देने में अहम योगदान रहा है।

# छत्तीसगढ़ पेंशनर्स कल्याण संघ की बैठक संपन्न पेंशनर भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित



पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

सेवानिवृत्त जीवन केवल विश्राम का नहीं, अपितु सम्मान और गरिमा का समय है। आइए, हम मिलकर अपने अनुभव, परिश्रम और सेवा के प्रतिफल को एक सशक्त संगठन के माध्यम से आगे बढ़ाएं। पेंशनर भवन केवल एक इमारत नहीं, हमारी एकजुटता और आत्मसम्मान का प्रतीक होगा। उक्त बातें छत्तीसगढ़ पेंशनर्स कल्याण संघ, जिला एमसीबी की महत्वपूर्ण बैठक संघ के अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जी.पी. बुनकर ने कही। बैठक में संघ के सदस्यों ने संगठन की गतवर्षीय आय-व्यय रिपोर्ट, लेखा परीक्षण, संगठनात्मक गतिविधियों, तथा आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। विशेष रूप से पेंशनर भवन के निर्माण को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। पेंशनर्स की दीर्घकालिक आवश्यकता को देखते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मनेंद्रगढ़ विधायक एवं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिलकर पेंशनर भवन निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। इस महत्वपूर्ण विषय पर बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक का संचालन छत्तीसगढ़ पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद बुनकर ने किया। बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्यों में मनोहर लाल गुप्ता, आर.पी. नावेद, सतीश उपाध्याय, पुष्कर लाल तिवारी, भीमसेन सोनी, जवाहरलाल राजवाड़े, प्रशांत कुमार तिवारी, मुख्तार अली, सी.एल. नागवंशी, गणेश प्रसाद साहू, सेवानिवृत्त प्राचार्य जी.के. कुरचनिया, आर. कुमार, व्ही.पी. पटेल, गोपाल प्रसाद बुनकर सहित अन्य सदस्यगण शामिल रहे।

# गायत्री परिवार शक्ति की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के पुरस्कारों का वितरण

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 का जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह नगर पालिका अध्यक्ष सक्ती श्याम सुन्दर अग्रवाल एवं जिला पंचायत सदस्य आयुष शर्मा के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया, उदबोधन के क्रम में ब्लॉक समन्वयक भगत राम साहू, हीरानंद साहू, जगदीश साहू, प्रकाश देवांगन, शिवचरण यादव एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक राधेश्याम चंद्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति किसी देश, धर्म, जाति, सम्प्रदाय,वर्ग एवं समाज तक सीमित न रहकर संपूर्ण मानव जाति के विकास एवं कल्याण के लिए पथप्रदर्शन करती रही है, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के पाठ्यक्रम में ऋषियों, मनीषियों, महानदार्शनिकों, क्रांतिकारियों, लेखक कवियों के प्रेरणादायी जीवन के विभिन्न संदर्भो को समायोजित किया है। मुख्य अतिथि श्याम सुन्दर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि आयुष शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बच्चों के समाजिक, नैतिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही लाभदायक है आने वाले समय में यह परीक्षा सक्ती जिले के प्रत्येक विघालय एवं महाविद्यालय में होनी चाहिए। अतिथियों के करकमलों से कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रमाण पत्र, साहित्य तथा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया, तथा जिस विघालय ने 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित किया उस विधालय के प्रधान पाठक एवं प्राचार्य को भी मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है, कार्यक्रम का संचालन युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक महेश साहू ने किया तथा आभार व्यक्त गायत्री शक्तिपीठ सक्ती के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजकुमार पटेल ने किया। इस अवसर पर डभरा, जैजैपुर, मालखरौदा एवं सक्ती विकास खण्ड के छात्र- छात्रा, शिक्षक एवं उनके पालक/ अभिभावक तथा गायत्री परिवार के युवा मण्डल, महिला मंडल तथा प्रज्ञा मण्डल के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप चांपा ने रखरखाव हेतु दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ चांपा
www.dailypioneer.com



स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप चांपा ने सुबह मॉर्निंग वॉक करने वालो ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव को उद्यान की रखरखाव एवं जिम उपकरण को सुधारने, टॉयलेट, बाथरूम बनाने एवं वाटर फिल्टर लगाने उद्यान को हरा भरा रखने के लिए के लिए ज्ञापन सौपा गया। चांपा शहर का हृदय मात्र एक स्वामी विवेकानंद उद्यान है जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक सुबह शाम सैर करते हैं जिस उद्यान में ना तो पानी पीने की व्यवस्था है ना बाथरूम टॉयलेट की व्यवस्था है और जिम भी अभी पूरी तरह से खराब हो चुका है। चांपा शहर में मात्र एक ही उद्यान है। उद्यान की समस्या को लेकर स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप चांपा के प्रमुख राजेन्द्र जायसवाल व कृष्णकुमार देवांगन, लक्ष्मी देवांगन व हरि विश्वकर्मा व हरिश पाण्डेय पार्षद व्दारा उद्यान में आने वाली सभी व्यक्तियों का हस्ताक्षर कराकर ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रदीप नामदेव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चांपा द्वारा पूर्ण आश्वासन दिया गया और कहा मुझे कुछ समय दीजिए मैं गार्डन को हरा भरा कर दूंगा जिम उपकरण के लिए तत्काल टेंडर निकालने की बात कही बाकी सभी के लिए समय मांगा गया सब धीरे-धीरे ठीक कर दूंगा स्वामी विवेकानंद उद्यान चांपा में प्रतिदिन 5:30 से 6:00 तक भजन एवं 6:15 पर राष्ट्रगान स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप के द्वारा किया जाता है राष्ट्रगान उद्यान के सभी व्यक्तिओ व्दारा अपने अपने स्थान पर सावधान की स्थिति में खड़ा होकर राष्ट्रगान करते हैं। राष्ट्रगान प्रतिदिन किया जा रहा है यह अनवरत लगभग 3 वर्ष पूर्ण होने वाला है। ज्ञापन सौपने राजेन्द्र जायसवाल, कृष्ण कुमार देवांगन, हरीश पांडेय पार्षद, लक्ष्मी देवांगन हरिप्रसाद विश्वकर्मा का सहयोग रहा।

**कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई**

# फाउंडेशन फिएस्टा वार्षिक उत्सव संस्कार सेंट्रल स्कूल जैजैपुर में समपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



संस्कार सेन्टल स्कूल 'द फाउंडेशन फिएस्टा' वार्षिक उत्सव जैजैपुर ने अपने वार्षिक उत्सव भव्य आयोजन किया, जिसने पूरे क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की। कार्यक्रम का आयोजन संध्या समय में अत्यंत सुंदर और आकर्षक साज-सज्जा के साथ किया गया। जिसमें स्कूल प्रांगण को एलईडी लाइटिंग और भव्य मंच से सजाया गया था।इस गौरवपूर्ण अवसर पर सैकड़ो अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। संस्कार सेंट्रल स्कूल, जो कि एक प्रतिष्ठित सीबीएसई मान्यता प्राप्त संस्थान है ने न केवल भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया बल्कि सभी आगंतुकों के लिए स्वादिष्ट डिनर और स्नैक्स की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए क्षेत्र के गणमान्य अतिथि नरेंद्र चंद्रा (जिला शिक्षा अधिकारी, शक्ति) द्रौपदी किर्तन चंद्रा (जिलाध्यक्ष जिला पंचायत शक्ति), पुष्पा परदेसी खुटे (अध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर )उमा शंकर चंद्रा (पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर) राधेश्याम चंद्रा, उपाध्यक्ष पूर्व नगर पंचायत जैजैपुर दिलीप चंद्रा अनेक नेताद्वय उपस्थित रहे। अतिथियों ने मंच पर आकर अपने विचार व्यक्त किए और संस्कार सेंट्रल स्कूल के शिक्षा स्तर, अनुशासन तथा आयोजन की भव्यता की खुलकर सराहना की। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र चंद्रा ने अपने उद्बोधन में कहा, संस्कार सेंट्रल स्कूल ने जिस प्रकार का आयोजन प्रस्तुत किया है, वह निश्चित ही इस क्षेत्र के शिक्षा के स्तर और संस्कारों को दर्शाता है। यहाँ के विद्यार्थियों की अंग्रेज़ी में मंच संचालन क्षमता, उनका आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल अत्यंत प्रशंसनीय है। संस्कार सेंट्रल स्कूल का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने पूरे कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी भाषा में किया, जो स्कूल में दिए जाने वाले उच्च स्तरीय शिक्षा और आधुनिकता का परिचायक है। भरतनाट्यम का अदभुत प्रदर्शन, जिसमें आराध्या चंद्रा, ओजल और काव्या ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कक्षा 10 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पहलगाम हमला पर आधारित एक मार्मिक नाट्य अभिनय ने उपस्थित सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके अलावा, विभिन्न नृत्य, गायन, योग प्रदर्शन, कविता वाचन, और नाट्य मंचन जैसे कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। संस्कार सेंट्रल स्कूल की प्रगति आज केवल जैजैपुर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में इसकी विशिष्ट पहचान बन चुकी है। चाहे वह शैक्षणिक परिणाम हो, सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ हों या नैतिक शिक्षा - हर क्षेत्र में विद्यालय ने उत्कर्ष की ऊँचाइयाँ प्राप्त की हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विगत वर्षों में विभिन्न प्रतियोगिताओं और परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने अपने वक्तव्य में कहा, हम इस शानदार कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। यदि आयोजन के दौरान किसी को कोई असुविधा हुई हो, तो हम क्षमा प्रार्थी हैं। आपके अपार समर्थन से ही हम भविष्य में भी ऐसे भव्य आयोजन करते रहेंगे और संस्कार एवं शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छूते रहेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी घोषणा की कि आने वाले समय में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए और अधिक नवाचारात्मक गतिविधियों एवं आयोजनों की योजना बनाई गई है। अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेल, कला, संगीत और नैतिक शिक्षा के क्षेत्र में भी संस्कार सेंट्रल स्कूल नए मानक स्थापित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# सीरियाखोह में आरोग्य शिविर का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** एकल अभियान के तत्वावधान में ग्राम सीरियाखोह में एक विशेष आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आयुष, दंत एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों का परीक्षण और उपचार किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. पूर्णिमा सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल देते हुए दिनचर्या, संतुलित आहार, स्वच्छता और नशामुक्ति के महत्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निरोगी जीवन के लिए नियमित जांच और सतर्कता बरतने की भी सलाह दी। एकल अभियान की कार्यकर्ता सीमा सिंह ने भविष्य में भी दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में इस प्रकार के शिविर लगाकर सतत उपचार एवं जनजागरण अभियान को जारी रखने की बात कही। उन्होंने बताया कि एकल अभियान के माध्यम से समय-समय पर आरोग्य शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि स्वास्थ्य सेवाएं उन क्षेत्रों तक भी पहुँच सकें जहाँ सुविधाओं का अभाव है। इसके अतिरिक्त, एकल अभियान द्वारा 10 संचों में 300 विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से गाँवों के बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान किए जा रहे हैं।

# राजेश मूणत ने मनाया जन्मदिवस प्रदेशभर से मिली शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजेश मूणत ने अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने प्रातः अग्रसेन चौक स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। मूणत ने सभी शुभचिंतकों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, आप सभी के स्नेह, विश्वास और शुभकामनाओं के लिए हृदय से आभारी हूं। मेरा सदैव प्रयास रहेगा कि जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर कार्य करता रहूं। दिनभर उनके निवास पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। आम नागरिकों से लेकर भाजपा कार्यकर्ता, नेता, और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे।

**प्रमुख नेताओं की शुभकामनाएं**

**राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर लिखाः** रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना करता हूं।

**पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने एक्स पर लिखाः** भारतीय जनता पार्टी के नेता, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में रायपुर पश्चिम विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहे। रायपुर पश्चिम और भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ आपके मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़े, यही कामना है।

**उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने लिखाः** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु श्रीराम जी से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना करता हूं।

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लिखाः** रायपुर पश्चिम के जनप्रिय विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना करता हूं।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने लिखाः** भाजपा परिवार के सदस्य, पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक राजेश मूणत, आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुयशपूर्ण जीवन की कामना करता हूं। रायपुर महापौर मीनल चौबे ने भी विधायक राजेश मूणत को उनके निवास पर पहुंचकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने मूणत को स्वस्थ जीवन और जनसेवा के कार्यों में निरंतर मार्गदर्शन की कामना की। उन्होंने सोशल मीडिया पर मंच फेसबुक पर लिखा कि नेता, हम सभी के मार्गदर्शक, रायपुर पश्चिम के लोकप्रिय विधायक राजेश मूणत के जन्मदिन पर उनके निवास पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वे सदैव स्वस्थ रहें एवं जनसेवा व विकास के कार्यों में निरंतर हमारा मार्गदर्शन करते रहें, प्रभु श्रीराम से यही कामना है। मूणत को राज्य के विधायकों, सांसदों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# कलेक्टर उइके की पहल से तनय साहू को मिला अनुकंपा नियुक्ति, परिवार के भरण पोषण का मिला सहारा

## कलेक्टर बीएस उइके ने नियुक्ति पत्र सौंपकर दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो रहा है। इससे दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को शासकीय नौकरी का लाभ मिल रहा है। कलेक्टर बीएस उइके की तत्परता एवं संवेदनशीलता से जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए तेजी से कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर उइके ने तनय साहू को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश सौंपा। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपकर तनय को निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ग्राम पाण्डुका निवासी तनय को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी में भृत्य पद पर नियुक्ति दी गई है। शासन की पहल और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से तनय एवं उनके परिजनों ने खुशी जताते हुए राज्य शासन एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद तनय ने कहा कि राज्य शासन की नीति के तहत त्वरित पहल से नौकरी मिल गई है। जिससे आर्थिक समस्याओं को दूर करने एवं परिवार के पालन पोषण में सहायक होगा। अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थी ने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति मिलने से परिवार के भरण पोषण के लिए चिंतित परिजनों की समस्या दूर हो गई है। साथ ही परिवार के विकास का सहारा मिल गया है। उल्लेखनीय है कि शासन के प्रावधानों के तहत कलेक्टर उइके ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश जिलाधिकारियों दिये हैं। साथ ही प्रति सप्ताह समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों को समीक्षा भी कर रहे है। इसी के तहत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से निराकृत किया जा रहा है।

# डॉ. तृप्ति ताम्रकार ने पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में बी.लिब.आईएससी एवं एम.लिब.आईएससी की डिग्री प्राप्त की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



डॉ. तृप्ति ताम्रकार, सहायक लाइब्रेरियन, डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय नालंदा परिसर, रायपुर ने 2011 में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में बी.लिब. आईएससी एवं एम.लिब.आईएससी की डिग्री प्राप्त की, जिसमें पुस्तकालय और सूचना सेवाओं में विशेषज्ञता शामिल है। शिक्षा क्षेत्र के प्रति उनके झुकाव ने उन्हें और 2014 में कप्यूटर विज्ञान के मूल सिद्धांतों में विशेषज्ञता के साथ पीजीडीसीए तथा उसके पश्चात् 2021 में एम.ए. (हिन्दी) की डिग्री प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वे पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पेशेवर है, जो 2011 से लेकर अब तक रायपुर में विभिन्न शैक्षणिक पुस्तकालयों में कार्य कर सेवाएं प्रदान की हैं। डॉ तृप्ति ताम्रकार ने मैट्स यूनिवर्सिटी से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में अपनी पी.एच.डी. की उपाधि अर्जित की, जिसमें उन्होंने शोध निर्देशक डॉ. कल्पना चंद्राकर, प्राध्यापक, मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी सांइस, मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर के मार्गदर्शन में रायपुर जिला के सार्वजनिक पुस्तकालयों के उपयोगकर्ताओं का सूचना खोज व्यवहारः एक तुलनात्मक अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। एक मजबूत शैक्षणिक पृष्ठभूमि के साथ डॉ. ताम्रकार ने पुस्तकालय और सूचना विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, डॉ ताम्रकार ने तीन शोध पत्र और एक पुस्तक अध्याय प्रकाशित किए है। वर्तमान में डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय नालंदा परिसर, रायपुर में सहायक लाइब्रेरियन के रूप में सेवाएं दे रहे हैं जहाँ वे अनुसंधान और शैक्षणिक विकास में अग्रसर हैं।

# बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित क्लॉस में टॉप फाईव विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर की अग्रणी संस्था बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में रविवार 27 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर मेम्बर गिरीश सोनी, संदीप कुमार जैन, बालकृष्ण सिन्हा द्वारा अभिभावकों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में अपनी अपनी क्लॉस में टॉप फाईव में आने वाले छात्र छात्राओं को मेडल तथा मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव की उपस्थिति में घोषित कक्षावार परीक्षा परिणाम में बच्चे व पालकगण काफी उत्साहित नजर आये। स्कूल द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार क्लॉस नर्सरी में गीतांशी यादव, जिज्ञासा मेश्राम, प्रियांशी वारके, शशांक श्रीवास्तव, लिपक्षित हिरवानी, क्षितिज पाण्डेय् तथा लाव्याशं साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम, नक्श श्रीवास, अंश शर्मा व चैतन्य साहू ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा प्रिशा देवांगन ने तृतीय, क्लॉस एलकेजी सेक्शन ए में अर्पित देवांगन, हेतिका साहू, मान्या देवांगन, प्रियांशु मेश्राम, विवांशिका साहू तथा याचना रामटेके ने संयुक्त रूप से प्रथम, भावनेश मास्कर, प्रणव कुमार तथा विधि महोबिया ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा अवनि बोरकर व रियांश साहू ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लॉस एलकेजी सेक्शन बी में आशुतोष सोनी, भौमिक पटेल, भूमि साहू, काव्या सैनी, शिवांश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से प्रथम, एकांश, काव्या पटेल व साक्षी पटेल ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा गरिमा सिन्हा व पियांशु ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान, क्लॉस यूकेजी सेक्शन ए में आराध्या बोरकर, याचना साहू, दिव्यान्त नेताम, मयंक साहू व जान्हवी ने संयुक्त रूप से प्रथम, विधित अगवाल व लक्ष्य गवर्नर ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा हुमिशा हिरवानी व रूद्रांश साहू ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार क्लॉस यूकेजी सेक्शन बी में चित्रा सिन्हा, दिशा पंसारी, गीतांश साहू, मानवीय साहू व तृप्ति पटेल ने संयुक्त रूप से प्रथम, अनुश्का साहू व ख्याति देवांगन ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा शिवानी ने तृतीय स्थान, क्लॉस वन सेक्शन ए में आरूषी धनकर, अयांश धनकर, गगन साहू, नितीन राणा व शुभ अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रथम, हेजल साहू, कशिश साहू, निहित साहू व शाश्वत सिंग ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा जास्मीन साहू व पल्लवी साहू ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लॉस वन सेक्शन बी में अभिनव कुमार, गुंजीता पटेल, मानसी सिन्हा, नोशिका सिन्हा व साक्षी साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम, गगन लेंझारे, हेमराज पटेल व तेजस्वनी निषाद ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा काव्याशं साहू ने तृतीय स्थान, क्लॉस टू सेक्शन ए में चुनाक्ष साहू, घनिका गुनेन्द्र, लक्ष्य साहू व टिंकू देवांगन ने संयुक्त रूप से प्रथम, चंचल रावटे ने द्वितीय तथा तनीशा राजपूत ने तृतीय, क्लॉस टू सेक्शन बी में आरजू खान, अदिति सोनी, भव्याशं साहू व पुलकित साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम, आराध्या बघेल व दलेश्वर साहू ने द्वितीय तथा अरनाज अंसारी व सुरभि साहू ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान, क्लॉस टू सेक्शन सी में प्रिंस कौशिक, तारूणी करसेल व वंशिका ने संयुक्त रूप से प्रथम, रूहन बोरकर, शिवांगी सिन्हा व तक्षराज साहू ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा लावण्या निषाद, नवीन, निखिल साहू व साक्षी भूआर्य ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में क्लॉस थ्री सेक्शन ए में रघुवेन्द्र साहू ने प्रथम, प्रियांशु साहू ने द्वितीय व भावेश सिन्हा व युग साहू ने तृतीय, बी सेक्शन में टिया देवांगन ने प्रथम, धैर्य रामटेके व खुशबू साहू ने द्वितीय व रेणु नायक ने तृतीय, क्लॉस फोर सेक्शन ए में काव्या साहू ने प्रथम, सभ्य साहू ने द्वितीय तथा दिनिश गंधर्व व बिरेन्द्र साहू ने तृतीय, सेक्शन बी में अंशुमन श्रीवास्तव ने प्रथम, तान्या राजपूत व लव्य साहू ने द्वितीय तथा देवांशु गुनेन्द्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इसके क्लॉस सिक्स में आफरिन खान ने प्रथम, वैभवी ठाकुर ने द्वितीय व तेजस्व राजपूत ने तृतीय, क्लॉस सेवन में डिम्पल कोरे ने प्रथम, सत्यनारायण वर्मा ने द्वितीय व पुष्पेन्द्र सहारे ने तृतीय, क्लॉस नाईन में रोहन देवांगन ने प्रथम, शौर्य मेश्राम ने द्वितीय तथा हेमलता चंद्रवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों को स्कूल के सभी डायरेक्टरगणों, अभिभावकों व स्टॉफ ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# स्पर्श सीसीटीवी ने भारत में एसटीक्यूसी प्रमाणन के साथ नेतृत्व शुरू किया

- सरकार ने सभी सीसीटीवी उत्पादों के लिए एसटीक्यूसी किया अनिवार्य

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत की अग्रणी सीसीटीवी कैमरा और इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा समाधान निर्माता स्पर्श ने आज घोषणा की कि वह भारत की पहली कंपनी बन गई है जिसने अपने सबसे विस्तृत सीसीटीवी उत्पाद पोर्टफोलियो के लिए एसटीक्यूसी (स्टैंडर्डाइजेशन टेस्टिंग एंड क्वालिटी सर्टिफिकेशन) प्राप्त किया है। यह उपलब्धि उस समय हासिल की गई है जब भारत सरकार ने 9 अप्रैल 2025 से सभी आईपी सीसीटीवी कैमरों की बिक्री के लिए एसटीक्यूसी प्रमाणन अनिवार्य कर दिया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि स्पर्श की गुणवत्ता, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत की पहल के प्रति शुरुआती प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जहां नए नियम अब सभी सीसीटीवी कैमरों के लिए एसटीक्यूसी प्रमाणन को कानूनी रूप से आवश्यक बनाते हैं, वहीं स्पर्श का अग्रसक्रिय दृष्टिकोण इसे प्रमाणित समाधान प्रदान करने वाले पहले ब्रांड के रूप में स्थापित करता है, जिससे इसके ग्राहकों और भागीदारों को किसी भी प्रकार की रुकावट का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्पर्श सीसीटीवी के प्रबंध निदेशक संजीव सहगल ने कहा, स्पर्श को गर्व है कि वह विश्व की पहली सीसीटीवी निर्माता कंपनी है जिसने अपने व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो के लिए एसटीक्यूसी प्रमाणन प्राप्त किया। यह प्रमाणन हमारे स्वदेशी डिजाइन, सख्त निर्माण मानकों और उच्च गुणवत्ता वाले सुरक्षित निगरानी समाधानों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जैसे-जैसे उद्योग इस नए नियामक परिदृश्य के अनुसार ढल रहा है, स्पर्श पहले से ही प्रमाणित उत्पादों की सबसे बड़ी श्रृंखला के साथ तैयार है।

# सूर्या रोशनी ने लॉन्च किए नए बीएलडीसी फैन जबरदस्त कूलिंग के साथ अब और ज्यादा बिजली बचत



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांड्स में से एक, सूर्या रोशनी, जो लाइटिंग, फैंस, होम अप्लायंसेज, स्टील और पीवीसी पाइप्स में अपनी दमदार मौजूदगी रखता है, उसने अपने नए ब्रशलेस डायरेक्ट करंट फैन की रेंज लॉन्च कर दी है। ब्लिस ल्यूमिनो, एरिना साइलेंसियो, स्लीक एयर और ब्लिस स्टार, ये चार शानदार मॉडल भारतीय घरों में ठंडक के नए मापदंड तय करने आ गए हैं। भारत जैसे गर्म जलवायु वाले देश में पंखे सिर्फ एक ज़रूरत नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। देश का फैन मार्केट दुनिया में सबसे बड़ा है और अब इसमें जबरदस्त बदलाव हो रहा है, ऊर्जा बचत के नियमों, टेक्नोलॉजी में बदलाव और स्मार्ट होम अप्लायंसेज की बढ़ती मांग की वजह से। इसके अलावा, गांवों में बिजली की पहुंच बढ़ने से भी अच्छे और किफायती पंखों की मांग तेज़ी से बढ़ रही है। सूर्या रोशनी के लाइटिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल बिज़नेस के सीईओ जितेंद्र अग्रवाल ने कहा, फैन इंडस्ट्री एक नए दौर में कदम रख रही है, जहां एनर्जी एफिशिएंसी और सस्टेनेबिलिटी सबसे ज़रूरी हैं। हमारा नया बीएलडीसी फैन रेंज 'विकसित भारत' के विज़न को आगे बढ़ाते हुए ग्राहकों को परफॉर्मेंस, स्टाइल और बजट फ्रेंडली ऑप्शन एक साथ देता है। सूर्या रोशनी हमेशा क्वालिटी और इको-फ्रेंडली सॉल्यूशंस देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

# कलेक्टर उइके ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैम्प आयोजन कराने के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

## समर कैम्प के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों की दी जायेगी जानकारी

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर बीएस उइके ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक कर ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों के लिए समर कैम्प आयोजित करने के मार्गदर्शन दिये। उन्होंने कहा कि 01 मई से 15 जून तक विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों से उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। इसके लिए विद्यार्थियो के पालक एवं उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन भी काफी उपयोगी है। छात्र-छात्राओं में रचनात्मक गतिविधियों के अदान-प्रदान के लिए समर कैम्प का आयोजन किसी स्कूलों अथवा सामुदायिक स्थानों में किया जाये। इसमें कला क्षेत्र एवं रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को बुलाकर उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिलाये। साथ ही अपने आसपास के बड़े संस्थानों जैसे औद्योगिक संस्थान, हॉस्पिटल, डाकघर, बैंक, कलेक्ट्रेट, पुलिस कार्यालय, अन्य स्थलों का भ्रमण कराये। इसके अलावा समर कैम्प में चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्यु, खेलकूद, अपने गांव-शहर का ऐतिहासिक परिचय सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी से भी अवगत कराये। कलेक्टर ने कहा कि समर कैम्प के आयोजन से पहले शाला विकास समिति एवं पालक-शिक्षक समिति से सहमति ले लिया जाए। यह आयोजन पूर्णतः स्वैच्छिक रहेगा तथा समर कैम्प का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 9.30 के मध्य संचालित करने को कहा। इससे बच्चों का सर्वांगिण विकास होगा। उन्होंने कहा कि समर कैम्प के दौरान विभिन्न गतिविधियों में विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम कराकर सम्मानित किया जाए। इस दौरान अपर कलेक्टर नवीन भगत, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के सारस्वत, एडीपीओ साक्षर भारत बुद्धविलास सिंह, गौरव गरियाबंद के नोडल अधिकारी मनोज केला, सहित सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

**हनुमान तालाब के आस-पास की सफाई कर रोपे पौधे, चौपाल में सुनी ग्रामीणो की समस्याएं, सचिव व तकनीशिन को नोटिस**

# कलेक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने देवरीकला में चलाया स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने मोर गांव-मोर पानी महाभियान अंतर्गत विकासखंड कसडोल के ग्राम देवरीकला में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कर हनुमान तालाब के आस-पास की साफ-सफाई की और स्वच्छता का सन्देश दिये। इसके पश्चात तालाब के किनारे आम एवं नीम के पौधे रोपे। कलेक्टर ने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव कमलदास मानिकपुरी के द्वारा कार्यों में लापरवाही बरतने एवं हैण्डपंप तकनीशियन नीलकमल साहु के द्वारा गांव का नियमित दौरा नहीं करने पर कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता वैष्णव, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम आर आर दुबे, सरपंच बालेश्वर दास वैष्णव उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 8 अप्रैल से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है जो 31 मई तक चलेगा। प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण अंतर्गत निराकरण किया जा रहा है। इसके पश्चात तृतीय चरण में समाधान शिविर में आवेदनों के निराकरण का वाचन किया जाएगा। ग्राम पंचायत देवरीकला से कुल 430 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें 427 मांग एवं 3 शिकायत से सम्बधित है। उन्होंने सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के साथ ही जिले में मोर गांव, मोर पानी महाभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे है जिसमें प्रमुख रूप से जल संचयन और स्वच्छता अभियान है। जल संचयन अंतर्गत सभी नलकूपो के पास सोखता गड्ढा का निर्माण किया जा रहा है।अब तक जिले में लगभग 1700 सोखता गड्ढा का निर्माण पूरा कर लिया गया है। वर्षा जल संचय के लिए सभी पक्के मकान में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण किया जा रहा है। इन सब गतिविधियों में सबकी सहभागीता जरुरी है। आपसी समन्वय और सहभागिता से पंचायत में विकास कार्यो को आगे बढ़ाएं। कलेक्टर ने गांव में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए पीएचई के एसडीओ को जल जीवन मिशन के तहत नल जल की सुविधा शीघ्र बहाल करने तथा पावर पंप मरम्मत के लिए सरपंच एवं पंचायत सचिव को 15 वें वित की राशि का उपयोग करने कहा। उन्होंने ग्राम पंचायत में हैंडपम्प मरम्मत सम्बन्धी पंजी संधारण करने के निर्देश दिये। पेंशन राशि भुगतान की अद्यतन सूची ग्राम पंचायत में चस्पा करने तथा इसकी सूचना हेतु मुनादी कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने गांव में लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण के लिए सीएसपीडीसीएल के एसडीओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजस्व सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए तहसीलदार एवं पटवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शतप्रतिशत राजस्व विवादमुक्त गांव बनाएं। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न हो। उन्होंने शासकीय हाई स्कूल परिसर में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए जल निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणों को जल संचयन की शपथ दिलाई।

**केज कल्चर मछली पालन का किया निरीक्षण** -कलेक्टर सोनी ने गांव के पुराने खदान में निषाद राज मछुआ समिति द्वारा केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन का निरीक्षण किया। उन्होंने जलाशय में उतरने के लिए सीढ़ी निर्माण सहित व्यवस्थित रूप से मछली पालन करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मछली पालन विभाग के अधिकारियो को मछुआ समिति को आवश्यक सहयोग करने के भी निर्देश दिये। समिति द्वारा बताया गया कि वर्ष 2023 से इस खदान में केज कल्चर के माध्यम से 25 केज में मछली पालन किया जा रहा है। मछली पालन से 3 से 4 लाख रुपये सालाना मुनाफा प्राप्त हो रहा है।

# राजकुमार राव बने सन किंग के ब्रांड एम्बेसडर, भारत के हर कोने में फैलेगी रौशनी




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्व के अग्रणी सौर ऊर्जा और ऊर्जा दक्ष इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स ब्रांड सन किंग ने बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। यह साझेदारी भारतीय सिनेमा के एक चर्चित चेहरे और स्वच्छ ऊर्जा के भरोसेमंद नाम को एकजुट करती है, जो ऐसे व्यावहारिक समाधान में विश्वास रखते हैं जो वाकई में लोगों की ज़िंदगी बदलें। सन किंग के सोलर और एनर्जी-एफिशिएंट प्रोडक्ट्स जो भारत भर में लाखों लोग इस्तेमाल कर रहे हैं, उन घरों में रोशनी, ऊर्जा और आराम पहुंचाते हैं जहाँ बिजली की सुविधा या तो नहीं है या बहुत कम है। राजकुमार राव के जुड़ने से ब्रांड का लक्ष्य है और ज्यादा लोगों तक पहुंचना जो सस्ती, टिकाऊ और भरोसेमंद ऊर्जा चाहते हैं। स्त्री, न्यूटन, शाहिद और श्रीकांत जैसी फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी से मशहूर हुए राजकुमार राव को उनकी सच्चाई, संवेदनशीलता और आम लोगों से जुड़ाव के लिए जाना जाता है, जो कि सन किंग के मूल्यों से मेल खाता है। राजकुमार राव ने कहा, मैं हमेशा उस बदलाव में विश्वास करता हूं जो लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी को बेहतर बनाए। सन किंग के सोलर और इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट्स यही करते हैं, ये भरोसे और सुकून देते हैं उन घरों को जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत है।

# उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने क्षत्रिय राठौर समाज के भवन के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

## मंत्री ने विधायक मद 2024-25 से कुल 11 लाख रुपए की दी थी स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



नगर विधायक, वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने क्षत्रिय राठौर समाज के डीडीएम रोड स्थित सामाजिक सामुदायिक भवन का आंतरिक विकास ए सी, शेड समेत अन्य विकास कार्य लागत 11 लाख का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहा की ट्रिपल इंजन की सरकार में कोरबा शहर के हर विकास कार्यों को तेजी से और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जा रहे हैं। वार्डो के साथ शहर के सभी समाज के मांग अनुरूप कार्य भी कराए जा रहे हैं। क्षत्रिय राठौर समाज के लिए विधायक मद 2024-25 में कुल 11 लाख की राशि आप सभी की माँग पर जारी की गई थी, मंत्री देवांगन ने कहा कि बहुत हर्ष का विषय है कि समाज के सामुदायिक भवन का विकास कार्य का लाभ सभी को मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महापौर संजू देवी राजपूत ने भी समाज को संबोधित करते हुए बधाई एव शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य उर्वशी राठौर, प्रभादेवी राठौर, कोसबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश राठौर, सुजीत राठौर, ओपी राठौर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### कन्नौजिया राठौर समाज के भवन तक पहुँच मार्ग तक के 10 लाख की घोषणा

दादरखुर्द मैगजीन भाटा में कन्नौजिया राठौर समाज के सामुदायिक भवन में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मंत्री देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने समाज के भवन का लोकार्पण किया। मंत्री देवांगन द्वारा जिला खनिज न्यास मद से 25 लाख की स्वीकृति दी गई थी, जिसका कार्य तेज गति से जारी है, इसके अलावा समाज के भवन तक पहुँच मार्ग के निर्माण के लिए 10 लाख की घोषणा की। इस अवसर पर समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कन्हैया लाल राठौर, सीताराम राठौर, चेतन राठौर, पार्षद तरुण राठौर, सुभाष राठौर समेत अधिक संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

# सामान्य सम्मिलन बैठक एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव के समर्थन में आहुत

## सभापति ने बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक प्रबंध की जानकारी दी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सचिवालय द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर की विशेष सामान्य सम्मिलन की बैठक मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे शहीद स्मारक भवन रजबंधा मैदान जीई मार्ग रायपुर मे एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पर अनुमोदनार्थ आहुत की गयी है। सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने विशेष सम्मिलन की बैठक हेतु शहीद स्मारक भवन के हाल में आमंत्रित अति विशिष्टजनों, नगर निगम सत्ता पक्ष, प्रतिपक्ष के पार्षदगणों, प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों, दर्शकदीर्घा, नगर निगम अधिकारीगणों हेतु रखी गयी बैठक व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंध के सम्बन्ध में जानकारी दी। विशेष सामान्य सम्मिलन की बैठक नगर निगम मुख्यालय भवन के सामान्य सभा सभागार में आवश्यक कार्य चलने के कारण शहीद स्मारक भवन के हाल में आहुत की गयी है। एक राष्ट्र एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभा के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है। ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चो की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। बार-बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव से चुनावी खर्चों में कमी आएगी और सुरक्षा बलो, शिक्षको और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा एवं प्रशासनिक कार्य में गति आयेगी। बार-बार लगने वाले आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्यो परियोजनाएँ, शासकीय भर्तिया रूक जाती हैं। एक साथ चुनाव होने से बाधा दूर होगी और सरकारे अपने विकास कार्यो पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। एक साथ चुनाव राजनीतिक अस्थिरता को कम करने में मदद करेगा, जिससे नीति निर्माण में स्थिरता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा। एक साथ चुनाव से मतदाताओं में अधिक जागरूकता और उत्साह पैदा होगा, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र को सशक्त किया जा सकेगा। चुनाव आयोग व राजनीतिक दलो को बार-बार चुनाव प्रचार करने के लिए भारी धनराशि खर्च करनी पड़ती हैं। एक साथ चुनाव खर्च में कटौती होगी, जिससे धन का अधिक सदुपयोग हो सकेगा। एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है, जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत, पारदर्शी, और कुशल बना सकता है। इससे न केवल सरकार के कार्यों में निरंतरता आएगी, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी सुदृढ़ होगी।

# सोनाक्षी सिन्हा ने 'मेरी भव्या लाइफ' को अपनी आवाज दी : अपने हक की जमीन हासिल करनी है

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




जहां अनगिनत महिलाओं की कद्र आज भी उनकी काबिलियत से ज़्यादा उनके आकार के अनुसार की जाती है, वहीं सोनाक्षी सिन्हा सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सुर्खियों में आई हैं। कलर्स की आगामी पेशकश 'मेरी भव्या लाइफ' के साथ जुड़कर, जिसमें नवोदित प्रिशा धतवालिया मुख्य भूमिका में हैं, सोनाक्षी शारीरिक आकार के प्रति समाज के जुनून और इससे जुड़े सुंदरता के विषाक्त मानदंडों की नई कहानी लिख रही हैं। प्रिशा अभिनीत भव्या के साथ साइज़िज़्म और बॉडी पॉज़िटिविटी के बारे में एक स्पष्ट बातचीत करते हुए, सोनाक्षी ने उस पाखंड को उजागर किया जो महिलाओं से बड़े सपने देखने के लिए कहता है, लेकिन केवल तभी जब उनके कपड़ों का साइज़ डबल एक्सएल न हों। सोनाक्षी और प्रिशा ने चुपचाप दिए जाने वाले उस आघात को उजागर किया जो बचपन में ही शुरू हो जाता है, जब रिश्तेदारों की अनचाही टिप्पणियां चिंता का रूप ले लेती हैं, जिससे गहरे भावनात्मक घाव पीछे छूट जाते हैं। दबंग अभिनेत्री ने उस दोहरे मापदंड की पूरी तरह से आलोचना की, जिसका सामना महिलाओं को हर दिन करना पड़ता है। बचपन के तानों के आघात से लेकर ऑनलाइन ट्रोल के सदमों तक, उन्होंने हर तरह के अपमान का सामना किया है। उन्होंने खुलासा किया कि वह भव्या के सफर को ऐसी महिला के रूप में जी चुकी हैं, जो किसी और के सांचे में फिट होने के लिए अपनी रोशनी को कम करने या अपनी सच्चाई को छोटा करने के तैयार नहीं है।

# फुले मूवी को टैक्स फ्री करे सरकार और गांव-गांव में दिखाया जावे : डॉक्टर जन्मेजय सोना

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



बहुत दिनों से चर्चा में रही फुले मूवी आखिर पर्दे में लग गई। विदित हो कि फुले मूवी जो कि महात्मा ज्योतिबा फुले और भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष पर बनी है, उस पर कुछ सीन कर एक वर्ग विशेष का विरोध था जिस कारण सेंसर बोर्ड ने मूवी को पर्दे में नहीं लगाने दिया था और वर्तमान फिल्मांकित कुछ सीन को काट कर दिखाया जा रहा है। इस मूवी में ज्योतिबा फुले अपने पत्नी सावित्री बाई फुले के द्वारा हजारों वर्षो से शोषित वंचित दलित एवं महिलाओं के हक अधिकार, सामाजिक न्याय के लिए, महिलाओं के शिक्षा के लिए, देश में प्रचलित कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाते हुए समाज में एक क्रांति का काम किया था जिस कारण ज्योतिबा फुले को महात्मा की उपाधि से सम्मानित किया गया था। ऐसे मूवी को जन जन तक पहुंचाना चाहिए ताकि देश के करोड़ों नारी शक्ति और दलित शोषित वंचित वर्ग उनके उद्धारकर्ता का जीवन संघर्ष की कहानी की जानकारी मिलती। इसलिए सामाजिक चिंतक एवं अधिवक्ता डॉक्टर जन्मेजय सोना ने शासन से यह मूवी को टैक्स फ्री करने का मांग की है। इस अवसर अलग-अलग संगठन के सैकड़ों लोगों ने फुले मूवी का आनंद लिया।

# राजातालाब की सफाई शुरू



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

विगत दिनों रायपुर नगर निगम के आयुक्त विश्वदीप के समक्ष पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड 34 के पार्षद आकाश तिवारी ने ऐतिहासिक राजातालाब के नव स्वरूप के लिए पूरे राजातालाब में फैली जलकुंभी एवं पूरे तालाब के गहरीकरण सहित पूरे तल्ले से सफाई की मांग की थी उस कार्य के लिए आयुक्त विश्वदीप ने तत्काल निर्णय लिया एवं आज जलकुंभी हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया उक्त जलकुंभी हटाने के कार्य का पार्षद आकाश तिवारी ने राजातालाब पहुंच कर सफाई का जायजा लिया। पार्षद आकाश तिवारी ने वार्ड की समस्त जनता से ऐतिहासिक राजातालाब के सफाई में अपना पूरा सहयोग करने की अपील की है।

# ओप्पो ए5 प्रो 5जी : शानदार परफॉरमेंस और मज़बूत डिजाइन के साथ हुआ लॉन्च

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




ओप्पो इंडिया ने मजबूती के वादे को निभाते हुए ओप्पो ए5 प्रो 5जी के साथ स्मार्टफोन की दूरेबिलिटी में एक नई मिसाल कायम की है। यह फोन ओप्पो की दूरेबिलिटी वाली पहचान को एफ सीरीज़ से ए सीरीज तक आगे बढ़ाया है और स्मार्टफोन की ताकत को नए स्तर पर ले गया है। अब ओप्पो के सभी फ्लैगशिप, मिड-रेंज और ए5 प्रो डिवाइसेज़ में आईपी69 जैसी बेहतरीन रेटिंग मिलती है, जो की ये दर्शाता है की ब्रांड कैसे एक दूरेबल चैंपियन फॅमिली का पोर्टफोलियो अपने कंस्यूमर्स को प्रोवाइड कर रहे है । इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, ओप्पो अब ए5 प्रो 5जी के ज़रिए मजबूती को आम लोगों तक पहुंचा रहा है—ताकि ज़्यादा से ज़्यादा लोग एक दमदार स्मार्टफोन का अनुभव कर सकें। ओप्पो ए5 प्रो 5जी के 8जीबी+128जीबी वैरिएंट का मूल्य 17,999 रुपये और 8जीबी+256जीबी वैरिएंट का मूल्य 19,999 रुपये है। यह अमेजन, फिलिपकार्ट, ओप्पो स्टोर और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर दो रंगों मोचा ब्राउन और फेदर ब्लू में उपलब्ध है। इसकी ख़रीद पर एसबीआई, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, बीओबी फाइनेंशियल, फेडरल बैंक और डीबीएस के क्रेडिट कार्ड्स पर ग्राहकों को 1500 रुपये तक का कैशबैक और 6 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई दी जा रही है। साथ ही, इस बेहतरीन परफॉरमेंस वाले ड्यूरेबल पावरहाउस को खरीदना आसान बनाने के लिए ज़ीरो डाउन पेमेंट स्कीम भी उपलब्ध है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने विधिविधान के साथ संभाला पदभार, कार्यकर्ताओं में दिखा नया जोश





पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

भाजपा कार्यालय में आज एक भव्य और गरिमामय समारोह के बीच नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अपने पद का औपचारिक कार्यभार ग्रहण किया। पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच गोपाल मोदी ने संगठन की जिम्मेदारी संभालते हुए सबको एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर गोपाल साहू, जोगेश लांबा, नवीन पटेल, संदीप सहगल, ज्योति वर्मा, विकास अग्रवाल, मनीष मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने गोपाल मोदी का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें अपनी शुभकामनाएँ दीं।

**संगठन को मजबूत करने का संकल्प -** समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। नए नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। सभी ने आने वाले समय में भाजपा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने के लिए एकजुटता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का भरोसा जताया।

**भक्तिमय माहौल और जोश -** भाजपा कार्यालय पूरे समय भक्तिमय वातावरण और जोश से गूंजता रहा। कार्यकर्ताओं के चेहरों पर नए उत्साह की चमक साफदिखाई दी। कार्यक्रम का संचालन अनुशासन एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ, जिसने संगठनात्मक मजबूती का स्पष्ट संदेश दिया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के सहयोग से भाजपा को जिले में और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।

## दिवंगत पत्रकार स्व. रमेश पासवान और स्व. विजय सिंह की स्मृति में कोरबा प्रेस क्लब का आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर में 175 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ, 30 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com






कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य रहे अंचल के वरिष्ठ पत्रकार स्व. रमेश पासवान और स्व. विजय सिंह की स्मृति में रविवार को प्रेस क्लब, तिलक भवन टीपी नगर में स्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 175 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। सभी को विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उचित परामर्श के बाद निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रेस क्लब के सदस्यों और अन्य सेवाभावी लोगों ने रक्तदान किया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक को 30 यूनिट रक्त इस भीषण गर्मी के मौसम में रक्तदान कर प्रदाय किया गया। जिससे आपातकाल में जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकेगी।

**रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन चाचा रामसिंह ने सुनाई संस्मृतियां** - ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के टीम के साथ ही रेड क्रॉस समिति का सहयोग रहा। जिसके अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल यहां मौजूद थे। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने पत्रकार स्व. विजय सिंह की स्मृतियां सुनाई और उनके हाथ से लिखित एक लेख वह अपने साथ लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि 90 के दशक में विजय सिंह ने एक समाचार लिखा था। जिसकी हस्तलिपि आज भी उनके पास मौजूद है। रामसिंह ने बताया कि पासवान और सिंह दोनों ही जिले के बेजोड़ पत्रकार थे। जो हमेशा ही अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की बात करते थे। यह अच्छी बात है कि उन्हें प्रेस क्लब ने याद रखा है और उनकी स्मृति में प्रत्येक वर्ष स्वास्थ्य की दिशा में एक अच्छा काम हो रहा है। इससे लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कोरबा का प्रेस क्लब इसके लिए प्रदेश में पहचान रखता है। रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन राजेंद्र तिवारी ने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब का यह आयोजन बेहद सराहनीय है। हम देख रहे हैं की प्रेस क्लब, लगातार सामाजिक कार्यों में आगे बढ़ रहा है और समाज को एक कदम आगे बढ़कर कुछ देने का प्रयास है। शिविर में बतौर अतिथि पहुंचे चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन ने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब के साथियों को इस शिविर के लिए बेहद साधुवाद। जिन्होंने इस तरह के आयोजन को आयोजित किया और यह लगातार तीसरा साल है। जब वह इस तरह के आयोजन को कर रहे हैं, यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है।

**जितनी आवश्यकता है, उसके अनुपात में और अधिक होना चाहिए रक्तदान** - मेडिकल कॉलेज अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ रविकांत जटवार ने प्रेस क्लब के आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि मैने बचपन से प्रेस के लोगों को केवल सूचनाओं का आदान-प्रदान करते देखा है। लेकिन कोरबा के पत्रकार अलग हैं। वह एक कदम और आगे बढ़कर समाज को प्रेरित कर रहे हैं। सामाजिक सरोकार की तरफ एक नेक सोच रखते हैं। रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर जैसे आयोजन कर वह एक उदाहरण स्थापित कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेरे पास आज भी कई जरूरतमंद मरीज आते हैं। जितने रक्त की आपातकाल में जरूरत पड़ती है। उपलब्धता उससे कम है। इसलिए रक्तदान को अधिक से अधिक बढ़ावा मिलना चाहिए। एक-एक यूनिट ब्लड बेहद महत्वपूर्ण है। जो बेहद ही कठिन परिस्थितियों में किसी मरीज को चढ़ाया जाता है। जिससे उसकी जान बचती है। रक्तदान जैसे आयोजनों को और भी बड़े पैमाने पर करना चाहिए। ताकि जरूरत के मुताबिक रक्त हमारे पास उपलब्ध हो सके।

# उत्कल गौरव स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मधुसूदन दास की जयन्ती पर विशिष्टजनों ने किया सादर नमन



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

उत्कल गौरव स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मधुसूदन दास का जयन्ती पर महिला पुलिस थाना के समीप चौक के किनारे स्थित उनके मूर्ति स्थल के समक्ष सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जोन क्रमांक 4 के सहयोग से संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन रखा गया। पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने उत्कल गौरव स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मधुसूदन दास का समस्त राजधानी वासियों की ओर से जयन्ती पर मूर्ति स्थल में सादर नमन किया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में उत्कल गौरव स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मधुसूदन दास का जयन्ती पर मूर्ति स्थल पर पहुंचकर प्रमुख रूप से रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्य प्रतिनिधि संतोष संजना हियाल सहित बड़ी संख्या में नगर के विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों ने सादर नमन किया।

**पर्यावरण विभाग को लोगों के सेहत से कोई सरोकार नहीं धुआं और धुल से लोगों के सेहत पर पड़ रहा गहरा असर**

# अवैध ईंट भट्ठो की भरमार कार्यवाही करने खनिज व राजस्व विभाग पूरी तरह नाकाम





पायनियर संवाददाता < बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनकपुर परसापाली कपिस्दा में अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार धड़ल्ले से संचालित हो रहा है और खनिज राजस्व विभाग को हर महीने लाखों रुपए की राजस्व की हानी हो रही है पर अवैध ईंट भट्ठी संचालकों पर कार्रवाही नहीं होने से संचालकों के हौसले बुलंद हैं। बम्हनीडीह तहसील के इन गांवों में इन दिनों सैकड़ों अवैध लाल ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं जब की शासन ने कुम्हार जाति को मिले छूट का लाभ है पर यहां तो रसूखदार लोग लाल ईंट बना रहे है और लाल ईंट का अवैध निर्माण कर मोटी कमाई करने में जुटे हैं।शासन-प्रशासन द्वारा आए दिन खनिज विभाग को अवैध रूप से संचालित होने वाले ईंट भट्ठों पर कार्रवाही करने का दिशा-निर्देश दिया जाता है पर इन अवैध ईंट भट्ठो पर आज तक कोई कार्रवाही नहीं की गई है बताया जा रहा है की कनकपुर परसापाली कपिस्दा में इन दिनों ईंट भट्ठे का कारोबार बगैर विभागीय अनुमति व रायल्टी जमा किए धड़ल्ले से चल रहा है। इससे खनिज विभाग को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं अवैध ईंट भट्ठो पर्यावरण भी पुरी तरह से दूषित हो रहा है।

> जल्द ही टिम बना कर कनकपुर परसापाली कपिस्दा के अवैध ईंट भट्ठों पर कार्यवाही की जायेगी।
>
> **सुमीत बघेल**
> **एसडीएम चाम्पा**

## अवैध ईंट भट्ठो से पर्यावरण को हो रहा प्रदूषित जिम्मेदार अधिकारी बेसुध

अवैध ईट भट्ठों से न सिर्फ पर्यावरण को प्रदूषित हो रहा है बल्कि राजस्व एवं जंगल की लकड़ी, पानी, मिटटी, चोरी की बिजली का जमकर इस्तेमाल जमकर किया जा रहा है। इसके कारण लगातार भू जल स्तर गिरता जा रहा है। बताना लाजमी होगा कि बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र कनकपुर परसापाली कपिस्दा में अवैध ईंट भट्ठों का संचालन जोरो पर है जिन पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नही होने से अवैध ईट भट्ठा संचालकों के हौसले बुलंद है। राजस्व और खनिज विभाग के जिला स्तर तक के अधिकारियों की मिलीभगत के अंदेशों को नहीं नकारा जा सकता। क्योंकि धड़ल्ले से संचालित हो रहे ईंट भट्ठा के खिलाफकार्रवाई नहीं होने से अवैध ईट भट्ठों की संख्या बढ़ती जा रही है।

## कनकपुर परसापाली कपिस्दा के अवैध ईंट भटटो पर कार्यवाही नही होने से संचालकों के हौसले बुलंद

अवैध ईट भट्ठा संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के अभाव में इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। ईंट ठेकेदार और राजस्व, खनिज और जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा नियमों का खुलेआम धज्जियां उड़ाते अनगिनत ईट भट्ठे संचालित हो रहे हैं। इससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है साथ ही राजस्व को होने वाले आय का भी नुकसान हो रहा है। किसी अन्य विभाग की तो बात छोड़िए खनिज विभाग ने भी कोई ठोस कार्यवाही अब तक नहीं कर पाया है। ये लोग बड़े पैमाने पर ईंट का निर्माण कर शासकीय व निजी जमीन के खनन करने में लगे हुए हैं। वही जंगली लकड़ी और चोरी के कोयला से ईंट पकाने का भी आरोप ग्रामीण लगा रहे हैं ।

# जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने बाल विवाह रोकथाम दल गठित

CHILD MARRIAGE FREE BHARAT
बाल विवाह मुक्त भारत

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार बाल विवाह रोकथाम हेतु संयुक्त दल का गठन किया गया है। इस दल में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी सम्मिलित हैं। दल का उद्देश्य जिले में बाल विवाह की संभावनाओं को समाप्त करना और बाल अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। इसके लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में बाल विवाह के दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। बाल विवाह के कारण बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, इसलिए इसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार राज्य में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत की गई है, जिसमें जिले को भी बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिले तो तुरंत जिला स्तरीय या स्थानीय अधिकारियों को सूचित करें। बाल विवाह की सूचना के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या मोबाइल नंबर 7000296589 पर भी संपर्क किया जा सकता है। जिला स्तर पर गठित दल नियमित रूप से निगरानी करेगा और ग्राम पंचायतों में भी स्थानीय समितियों के माध्यम से कार्यवाही की जाएगी।

# जल जागृति अभियानः जनपदों में भू-जल संरक्षण और सर्वधन के लिए लगवाया गया रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों के जनपद पंचायत भवन में जल जागृति जशपुर अभियान के तहत् भू-जल संरक्षण और सर्वधन के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराया गया है। साथ ही श्रमदान करके कार्यालय परिसर और छत की साफ-सफाई भी किया गया है। कलेक्टर रोहित व्यास ने जल स्त्रोत को बढ़ाने के उददेश्य से सभी अधिकारियों को ''जल जागृति जशपुर अभियान'' के तहत् जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से श्रमदान से जल स्तर में वृद्धि करने हेतु जल के संरक्षण और संर्वधन के दिशा में सार्थक पहल करते हुए आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इसी परिपालन में जिले के सभी विकासखण्डों में जल संरक्षण हेतु निरंतर सार्थक पहल किया जा रहा है।

# तीन दिवसीय जीवन विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में अणुव्रत विश्व भारती समिति जीवन विज्ञान विभाग शाखा रायपुर के द्वारा तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि कमल जैन राष्ट्रीय सह संयोजक अणुव्रत विश्व भारती, ललिता बहन मुख्य प्रशिक्षक एवं मीना बहन योग प्रशिक्षक के साथ प्राचार्य नरहरि पटनायक, उप प्राचार्य नासिर खान, आईटीआई के प्राचार्य विजय प्रधान के साथ शाला संचालक डॉक्टर आभास अग्रवाल तथा समिति के सदस्य मुस्ताक हुसैन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक डॉक्टर आभास अग्रवाल के उदबोधन जीवन विज्ञान प्रशिक्षण की आवश्यकता विषय के साथ की गई। पश्चात मुख्य प्रशिक्षक ललिता बहन एवं मीना बहन के द्वारा जीवन विज्ञान गीत का गान किया गया संपूर्ण कार्यक्रम 12 खंड में विभाजित थे। जिसमें प्रार्थना, आसन, महाप्राण ध्वनि, कायोत्सर्ग, दीर्घ स्वास प्रेक्षा ज्ञान केंद्रो का ध्यान संकल्प,शरीर विज्ञान, नैतिक मूल्य एवं अहिंसा विषयों को लेकर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिए गए। कार्यक्रम में प्रतिभा पब्लिक स्कूल सरायपाली, बसना एवं आईटीआई सरायपाली तथा प्रतिभा कॉलेज आफ B.Ed एजुकेशन के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं लगभग 80 व्यक्ति शामिल थे। कार्यक्रम का प्रमुख उददेश्य प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर उनमें अनुशासन, धैर्य, दया ,प्रेम अहिंसा, आत्मविश्वास जैसे मानवीय मूल्यों को पोषित कर एक सुदृढ़ एवं खुशहाल राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करना है। जीवन में जीवन विज्ञान को अपनाकर कलात्मक विधि से जीवन को जीना है। संपूर्ण कार्यक्रम व्यवस्थित एवं अनुशासित विधि से संपादित हुआ, जिसमें तीन दिनों तक शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक अपनी उपस्थिति दी तथा विद्यार्थियों को जीवन विज्ञान का प्रशिक्षण देने हेतु संकल्प किया। प्राचार्य नरहरि पटनायक ने शाला में जीवन विज्ञान लागू करने हेतु आश्वासन दिए, कार्यक्रम के अंतिम दिवस में अणुव्रत विश्व भारती के राष्ट्रीय संयोजक रमेश छत्तीसगढ़ प्रभारी सुरेंद्र ओसवाल के साथ हंसा संचेती वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा जोड़कर शिक्षक शिक्षिकाओं के अनुभवों को साझा किया तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण में सभी प्रकार के सहयोग देने हेतु आश्वासन दिए। शाला की ओर से शिक्षक जुगल भोई ने उपस्थित सभी गणमान्य को धन्यवाद प्रेषित की कार्यक्रम को पूर्ण रूपेण सफल बनाने में शिक्षक नवीन कर, सुशील महापात्र, भोपाल नायक प्रबंधक हामिद, खान एवं चालक तथा परिचालक विभाग का सहयोग सराहनीय रहा।

# सुशासन तिहारः नगर पालिका लोरमी में नाली सफाई की त्वरित कार्रवाई से खुश हुए वार्डवासी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रदेशभर में मनाए जा रहे सुशासन तिहार का सकारात्मक असर जिले में दिखाई दे रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में जिले में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका लोरमी के वार्ड क्रमांक 03 में नाली की सफाई को लेकर प्राप्त आवेदन पर नगरीय प्रशासन ने तत्परता दिखाई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में विशेष सफाई अभियान चलाया गया और वार्ड क्रमांक 03 की नालियों की गहन सफाई कराई गई। सफाई कार्य के बाद वार्डवासियों ने संतोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार जताया तथा प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। गौरतलब है कि सुशासन तिहार के तहत जिले में प्राप्त आवेदनों का न केवल गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है, बल्कि आवेदकों को समाधान की सूचना भी समय पर प्रदान की जा रही है। इस पहल के तहत 05 मई से जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाएगा। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर पात्र नागरिकों को लाभान्वित भी किया जाएगा।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान झिरिया के संचालन हेतु आवेदन 09 मई तक

**मुंगेली।** लोरमी विकासखण्ड के ग्राम झिरिया में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 09 मई तक आवेदन मंगाए गए है। लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी अधिक जानकारी संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# जशपुर में बच्चों के लिए 1 मई से समर कैंप की होगी शुरुआत, सभी विकासखंड में आयोजित की जाएगी

- कला संस्कृति, खेल प्रतिस्पर्धा, शिक्षा सीखना समझना, एक्सपोजर विजिट कौशल उन्नयन, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन के सिखाए जाएंगे बच्चों को गुण

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में ग्रीष्म कालीन समर कैंप का आयोजन शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले के सभी विकास खंडों में किया जा रहा है। आगामी 1 मई से जशपुर जशपुर समर कैंप की शुरुआत की जा रही है। जहां बच्चों को कला एवं संस्कृति, खेल प्रतिस्पर्धा, शिक्षा सीखना समझना और संवारना, एक्सपोजर विजिट अभ्यास से अनुभव, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन आदि अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक विद्यार्थी आवेदन करने हेतु अपने विकास खंड के विकास खंड शिक्षा अधिकारी अपने स्कूल के प्राचार्य और प्रधान पाठक से सम्पर्क करके आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। समर कैंप में बच्चों को बैडमिंटन, स्विमिंग, टेबल टेनिस, तीरंदाजी, क्रिकेट, हांकी, वाटर स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग पर्वतारोहण, नृत्य, संगीत, चित्रकला, हस्तशिल्प, और नाटक में रूचि रखने वाले छात्रों की पहचान आदि शामिल हैं। इसी प्रकार कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग, स्पोकन इंग्लिश, कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, करियर काउंसलिंग, एस्ट्रोनॉमी एक्टिविटी बच्चों को एक्सपोजर विजिट कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला न्यायालय, संग्रहालय, पुस्तकालय, एस्ट्रोनॉमी लैब का भी भ्रमण कराया जाएगा। इसी तरह अन्य गतिविधियां में कौशल उन्नयन, सेंटर्स का भ्रमण, स्वच्छता अभियान, सर्च एंड रेस्क्यू प्रशिक्षण को भी समर कैंप में शामिल किया गया है।

# एसडीएम-तहसीलदार ने शासकीय कार्यालयों की उपस्थिति का लिया जायजा, 44 अनुपस्थित मिले

**सभी विकासखण्डों के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का किया गया निरीक्षण**

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर शासकीय कार्यालयों को सुव्यस्थित और समय बद्ध कार्यप्रणाली विकसित कर लोगों के बेहतर सुविधाएं प्रदान करने कार्यालयों में औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को बीईओ कार्यालय दुलदुला, कुनकुरी, बगीचा, जशपुर, मनोरा, पत्थलगांव का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें 44 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इन सभी कर्मचारियों को कलेक्टर के निर्देशानुसार कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। असंतोषजनक जवाब पाए जाने पर कर्मचारियों पर एक दिन का अवैतनिक करने की कार्रवाई की जाएगी। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बगीचा में एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जहां 06 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जशपुर में एसडीएम ओंकार यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां कुल 22 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। तहसीलदार प्रमोद कुमार पटेल ने कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुनकुरी में औचक निरीक्षण किया। जिसमें से 06 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। नायब तहसीलदार दुलदुला राहुल कौशिक द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुलदुला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में 10 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

**बगीचा क्षेत्रांतर्गत मामले में आरोपिया, दो नाबालिक बच्चियों को बहला फुसलाकर ले गई थी अपने साथ, लगवा दिया था लेबर काम में**

# ऑपरेशन मुस्कान से पुलिस ने तीन बच्चियों को सकुशल बरामद कर, लौटाई परिजनों की मुस्कान

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



गौरतलब है कि जशपुर पुलिस के द्वारा पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के नेतृत्व व दिशानिर्देश में ऑपरेशन मुस्कान के तहत, गुम बच्चियों की सकुशल बरामदगी हेतु लगातार अभियान चलाया जाता रहा है, इसी तारतम्य में जशपुर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बगीचा क्षेत्रांतर्गत दो नाबालिक बच्चियों व थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिक बच्ची को ढूंढ सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना बगीचा क्षेत्रांतर्गत थाना बगीचा क्षेत्र के एक गांव के प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी दो नाबालिक बेटियां, 17 अप्रैल को घर वालों को बिना बताए कहीं चली गई हैं, आस पड़ोस,रिश्तेदारों में पता साजी किए, कहीं पता नहीं चला। रिपोर्ट पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए, अपहरण की शंका पर थाना बगीचा में गुम इंसान दर्ज कर, बी एन एस की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गुम बच्चियों की पातासाजी हेतु जांच विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस को पुलिस को पता चला कि नाबालिक बच्चियों ने घर से जाने के एक दिन पूर्व, अपने पड़ोस से मोबाइल मांगकर किसी से बात की थी, पुलिस ने जब नाबालिक बच्चियों के द्वारा बात किए गए, मोबाइल नंबर के धारक के संबंध में पुलिस की साइबर सेल व टेक्निकल टीम की मदद से जानकारी निकाली, तो वह मोबाइल नंबर, पार्वती, निवासी ग्राम रेवापुर जिला अंबिकापुर ( छ. ग) का होना पाया गया। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के द्वारा संदेही की धरपकड़ व नाबालिक बच्चियों की बरामदगी हेतु पुलिस टीम गठित की गई।आरोपिया पार्वती बार बार अपना लोकेशन बदल रही थी। अंततः पुलिस ने 27 अप्रैल को ग्राम धौरपुर, थाना लुण्ड्रा, जिला अंबिकापुर से दोनों नाबालिक बच्चियों को सकुशल, आरोपिया पार्वती के कब्जे से बरामद कर लिया गया साथ ही आरोपिया पार्वती को हिरासत में लेकर वापस लाया गया। दोनों नाबालिक बच्चियों को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस की पूछताछ में नाबालिक बच्चियों ने बताया कि उनके घर में शराब के नशे में, परिजनों द्वारा आपस में हमेशा झगड़ा विवाद करते रहने के कारण, वे आरोपिया पार्वती से सम्पर्क कर, उसके कहने पर घर वालों को बिना बताए, उसके पास चले गए थे। आरोपिया पार्वती के द्वारा दोनों बच्चियों को नाबालिक जानते हुए, अपने पास छुपा कर रखा गया था व लेबर काम में लगा दिया गया था। बच्चियों के परिजनों के द्वारा उसके मोबाइल नंबर के जरिए संपर्क कर बच्चियों के संबंध में पूछने पर, झूठ बोलते हुए, नाबालिक बच्चियों को अपने पास नहीं आना बताती थी।

> महिला व बच्चों संबंधी अपराध को लेकर जशपुर पुलिस काफी संवेदनशील है, इसी के तहत ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है, इसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, दूसरे फरार आरोपी की तलाश जारी है।
>
> **-शशिमोहन सिंह,** एसएसपी जशपुर

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। जनदर्शन में कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आवेदकों के राजस्व संबंधी मामले, प्रधानमंत्री आवास योजना, आजीविका, कुआं निर्माण, उज्ज्वला कनेक्शन, कृषि संबंधित, दैनिक मानदेय प्रदाय कराने सहित विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। ज्ञात हो कि अब जनदर्शन के सभी आवेदनों को समय सीमा बैठक में भी रखा जाएगा। जहां से इसकी निगरानी की जाएगी एवं एक सप्ताह के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# 10 वर्ष में गंगासागर तालाब को सवारने खर्चे 70 लाख, अब फिर वहीं कहानी नगर में भाजपा की सरकार के आते ही 50 लाख की निविदा कर दी जारी

## पहले कांग्रेस तो अब ट्रिपल इंजन वाली नगर सरकार के लिए चारागाह बनने जा रही गंगासागर तालाब





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कभी प्रदेश में माडल तालाब के नाम से जाना जाने वाला ऐतिहासिक गंगासागर तालाब आज खुद का अस्तित्व तलाश रहा है। नगर के बीचोबीच बने ऐतेहासिक गंगासागर तालाब आज अपना अस्तित्व खो चुका है। साल दर साल इसके संवारने, सुंदरीकरण और साफ़ सफाई के नाम पर लाखों रुपये फूंक दिए गए। पूर्व की कांग्रेस सरकार के दौरान भी गंगासागर में लाखों रुपये खर्च किये गए, पूर्व अध्यक्ष के 10 साल के कार्यकाल के दौरान करीबन 70 लाख रुपये से अधिक की राशि गंगासागर तालाब में खर्च की गई। चुनाव के पूर्व भी गंगासागर तालाब के पानी को खाली करवा अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से जेसीबी से सफाई की गई थी। बावजूद आज भी गंगासागर तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा हैं। जिस तरह पूर्व की कांग्रेस की नगर सरकार के लिए गंगासागर तालाब चारागाह बना हुआ था, ठीक अब की भाजपा की नगर सरकार के लिए ये चारागाह बनता दिखाई दे रहा हैं। वर्तमान में गंगासागर तालाब में अलग अलग कार्यों जैसे शुद्ध पेयजल आपूर्ति संबंधी कार्य, अतिक्रमण एवं संरक्षण हेतु भौतिक अधोसरंचना विकास कार्य, गंदे पानी बहाव को रोकने सम्बंधी पर्यावरण संरक्षण के मूल उपाय कार्य सहित अन्य कार्यों हेतु 50 लाख से अधिक राशि की निविदा जारी किये गए है। जिसकी स्वीकृति जिला खनिज न्यास निधि से हुई है। अब गौर करने वाली बात है की मौजूदा नगर सरकार के कुछ पार्षद जो कभी विपक्ष में रहते हुए गंगासागर तालाब की बदहाली और भ्रष्टाचार एवं पैसों के दुरुप्रयोग का आरोप लगाया करते थे, आज उसी तर्ज पर ट्रिपल इंजन की सरकार के द्वारा पैसों का दुरुप्रयोग किया जा रहा है। न कोई प्लान, न कोई मैप, जिससे गंगासागर तालाब अपने खोए हुए अस्तित्व को पा सके। सिर्फ और सिर्फ विभिन्न मदो से राशि को खर्च किया जा रहा है । विगत कुछ वर्षों से दलदल और गंदगी इसकी पहचान बन गई है। नगरीय प्रशासन और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की अनदेखी ने तालाब पर ग्रहण लगा दिया है। लाखों खर्च करने के बाद भी इसकी चमक नहीं लौट पाई। वहीं समय के साथ माडल तालाब का तमगा बरकरार रखने जनप्रतिनिधि नाकाम साबित हुए। सिर्फ और सिर्फ पैसों की बंदरबाट की जाती रही।

### पांच वर्ष पहले जीर्णोद्धार के नाम पर खर्चे थे 50 लाख

वर्ष 2016 से 2018 तक गहरीकरण, बाउंड्रीवाल, बोर खनन, गेट निर्माण, रिटेनिंग वाल और साफ-सफाई के नाम पर 50 लाख से अधिक खर्च किए गए थे। इतना ही नहीं इसी दौरान करीब 39 लाख रुपये ड्रेनेज सिस्टम सुधारकर तालाब को उपयोगी बनाने खर्च किए थे। यह कार्य भी पांच वर्ष नहीं चल सका और फिर से इसमें काम किए जा रहे हैं। हैं। पुरातात्विक धरोहर वाले इस तालाब से लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। किनारे पर मां शीतला, शनि और भगवान परशुराम का मंदिर है। पास में ही चौपाटी है। 2019 में नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने नौका विहार की भी शुरुआत कराई थी। कश्मीर की तर्ज पर इस तालाब में सोफा सेट डिजाइन एवं गद्दा लगाकर नाव को तैयार कर तालाब में उतारा गया था। जिस पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे, इसके बाद इसे आगे चलाने के लिए एक समूह को दे दिया गया था, नौका में सवारी करने का आनंद लेने वाले लोगों को 20 से 50 रुपये शुल्क भी लिया जाता था। महज कुछ माह ही वह बंद हो गया। यह कहना गलत नहीं होगा कि 2016 के बाद से इसे संवारने के नाम पर लाखों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया है।

### कब-कब कितने रुपये किए गए खर्च

गंगासागर में 2016-17 में गंगासागर में तीन लाख खर्च कर विसर्जन कुंड का निर्माण किया गया था। 2016-17 में ही तालाब सफाई और गहरीकरण के नाम पर आठ लाख रुपये खर्च किय गए थे। 2017-18 में बाउंड्रीवाल, बोर खनन कार्य, गेट निर्माण कार्य, रिटेनिंग वाल निर्माण पर 15 लाख 99 हजार खर्च किये गए। यानी कि 2016 के बाद से बीते 10 साल में इस गंगासागर तालाब में लाखों रुपये फूंकने के बाद अब 50 लाख रुपये से अधिक और खर्च करने की तैयारी है। जिला खनिज न्यास निधि के राशि का दुरुपयोग करने की तैयारी है।

**भाजपा पार्षदों ने पैसो के बंदरबाट का लगाया था आरोप-** बता दे की नगर सरकार के दौरान जब अध्यक्ष विकास चोपड़ा थे, तब गंगासागर तालाब में खर्च सफाई और मेंटनेंस के नाम पर लाखों रुपये खर्च किये जाने पर भाजपा के पार्षदों ने पैसो के बंदरबाट और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था, वे पार्षद वर्तमान की नगर सरकार में उपाध्यक्ष और सभपाति है।

**हो रही गंदगी जा रहा केमिकल युक्त पानी-** लाखो राशि खर्च बाद भी आज गंगासागर तालाब की तस्वीर नही बदली है, आज भी गंगासागर तालाब में गंदगी फैली हुई है, तालाब में नाली का गंदा केमिकल युक्त पानी जा रहा है, विसर्जन कुंड कचरों से पटा हुआ है। इसे जनप्रतिनिधियों की उदासीनता कहे या नगरवासियों में जागरूकता का आभाव। बात जो भी हो लेकिन अगर निकाय में बैठे जिम्मेदार जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी तालाब को चारागाह न समझ यह तय कर सोचे कि गंगासागर तालाब को साफ सुथरा पहले की भांति मॉडल तालाब की पहचान कैसे दिलाई जाए, तो ज्यादा बेहतर होगा।

'आवश्यकता अनुसार कार्य कराए जाएंगे, फिर भी लगता है कि अनावश्यक रूप से खर्च किये जा रहे है, चूंकि टेंडर कॉल हो चुका है, निविदा आमंत्रित किया गया है, अगर लग रहा है कि बेवजह एड किया गया है, उसे टेक्निकल लोगों से पूछकर नही होने देंगे, गंगासागर को हम चारागाह नही बनने देंगे।'
- **कमलेश सोनी,** उपाध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, बालोद

पूर्व कलेक्टर से कार्य मांगा गया था, फिर भी मैं मांगा के फाइल को देखती हूं, देखकर को आपको बताऊंगी, गंगासागर चारागाह नही बनेगा।'
- **प्रतिभा चौधरी,** अध्यक्ष, नगरपालीका परिषद, बालोद

'गंदा पानी जो तालाब में आ रहा है, उसके लिए इस टेंडर में प्रावधान किया गया है, डीएमएफ से, उसको हम आगे बढ़ा रहे है, साफ सफाई से लेकर सौंदर्यीकरण के काम किये जायेंगे, मछुवारा समिति को बुलाया जाएगा, उनसे भी बातचीत की जाएगी।'
**-सौरभ शर्मा,** सीएमओ, नगरपालिका परिषद, बालोद

# एमबीबीएस फाईनल पार्ट-1 की विश्वविद्यालयीन परीक्षा में श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

एमबीबीएस फाईनल पार्ट-1 की परीक्षा में श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का बहुत ही अच्छा प्रदर्शन रहा। जहां विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 100% रहा। वहीं संस्था के तीन विद्यार्थियों ने अंकों के आधार पर विश्वविद्यालय की जारी सूची में प्रथम पन्द्रह स्थानों में स्थान बनाने में कामयाबी हासिल की। संस्था की कु. खुशी अग्रवाल ने 381 अंकों के साथ तीसरा, कु. अदिति शेष ने 366 अंकों के साथ आठवां एवं तेजस नायक ने 360 अंकों के साथ तेरहवां स्थान हासिल किया। बालाजी समूह के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, डायरेक्टर सी.ए. नितिन पटेल, डायरेक्टर डॉ. वीरेन्द्र पटेल, डीन डॉ. विष्णु दत्त, एकेडेमिक डीन डॉ. मानिक चटर्जी, चीफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. कुलदीप सिंह छाबरा, डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. दीपक जायसवाल एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी। तीनों विद्यार्थियों ने एक स्वर में कहा कि इस कॉलेज की पढ़ाई बहुत अच्छी है, यहां टीचिंग का एक बेहतर माहौल है। इसी कारण परिणाम अच्छे आते हैं। खुशी अग्रवाल एवं अदिति शेष, इसके पूर्व भी विश्वविद्यालय की परीक्षा में मेरिट लिस्ट में शामिल थी।

### खुशी अग्रवाल



संस्था की प्रथम मेधावी छात्रा कु. खुशी अग्रवाल ने कहा कि मैं अपने पढ़ाई का एक रिदम लगातार जारी रखी थी, परिणाम की चिंता छोड़कर मैंने मेहनत की और मुझे अंतिम परिणाम पर प्रसन्नता हैं। मैं डीन विष्णु दत्त, अपने सभी निष्ठावान शिक्षकों एवं मैनेजमेंट की आभारी हूँ जिन्होंने मुझे लगातार पढ़ने के लिये प्रेरित किया। मैं विशेष रूप से हमारे एकेडेमिक डीन डॉ. मानिक चटर्जी की आभारी हूँ जिन्होंने पढ़ने की एक नई दिशा के साथ अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की राह दिखाई। अंत मे मैं अपने अभिभावकों का हृदय से आभार मानती हूँ, जिन्होंने हर कदम पर मुझे सपोर्ट किया।

### अदिति शेष



श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज की दूसरी मेधावी छात्रा कु. अदिति शेष ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि मैं अपने कॉलेज और अपने अभिभावकों का नाम रौशन कर पाई। मैं डीन. डॉ. विष्णु दत्त और डॉ. मानिक चटर्जी के साथ सभी शिक्षकों का आभारी हूँ, जिन्होंने इस परिणाम को लाने में मेरी मदद की मैं विशेष रूप से बालाजी मैनेजमेंट का भी आभार मानती हूँ जिन्होने एक बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ पढ़ाई का उच्चस्तरीय वातावरण निर्मित किया।

### तेजस नायक



संस्था के तीसरे मेधावी छात्र तेजस नायक ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि मैं अपने कॉलेज और अपने अभिभावकों का नाम रौशन कर पाया। मैं डीन. डॉ. विष्णु दत्त और डॉ. मानिक चटर्जी के साथ सभी शिक्षकों का आभारी हूँ, तथा श्री बालाजी मैनेजमेंट का भी आभार मानता हूँ जिन्होंने यहां पर पढाई के लिए अनुकुल वातावरण बनाया है।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भगवान परशुराम जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भगवान परशुराम जी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई शुभकामनाएं दी है। डॉ. महंत ने कहा कि, भगवान परशुराम जिन्हें विष्णु जी का छठा अवतार कहा जाता है। परशुराम का तेज और शौर्य ही था कि उन्होंने कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन का वध करके अराजकता को समाप्त किया तथा नैतिकता और न्याय का साथ दिया। परशुराम पृथ्वी के पाप बोझ को नष्ट करने और सभी प्रकार की बुराई को दूर करने के लिए आए थे। इस दिन से हिंदू संस्कृति के स्वर्ण युग की शुरुआत हुई है और इसे पूरे भारत में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। डॉ. महंत ने कहा कि, भगवान परशुराम जी ने हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद की। परशुराम जयंती को हिंदुओं द्वारा समर्पण और उत्साह के साथ मनाया जाता है। मूल रूप से परशुराम का नाम राम था।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया डीकेएस अस्पताल का औचक निरीक्षण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रायपुर के डीकेएस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और मरीजों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं और व्यवहार के बारे में अपने अनुभव साझा किए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने पाया कि अस्पताल के कई वार्डों में एयर कंडीशनर (एसी) खराब हैं।

# बाल संरक्षण के लिए बनाई गई समन्वित कार्ययोजना



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य बाल संरक्षण समिति की कार्यकारिणी एवं आमसभा की बैठक महानदी भवन, मंत्रालय में संपन्न हुई। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव एवं समिति की अध्यक्ष शम्मी आबिदी ने बाल संरक्षण और कल्याण के लिए समन्वित कार्ययोजना पर जोर दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के साथ व्यापक समन्वय कर मिशन वात्सल्य योजना और किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया। मिशन वात्सल्य के तहत प्रदेश में संचालित 112 बाल देखरेख संस्थाओं में 2099 बच्चे निवासरत हैं, इनमें से 1307 बच्चे नियमित स्कूलों में पढ़ रहे हैं, 48 बच्चे ओपन स्कूल के जरिए शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और 36 बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 1888 बच्चों के आधार कार्ड, 1198 के बैंक खाते और 1042 के स्मार्ट कार्ड बनाए गए हैं। सचिव ने इन बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और कौशल प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बालको ने टाको के साथ पशु कल्याण कार्यक्रमों के तीन वर्ष किए पूरे, 5,000 से अधिक पशुओं को लाभ पहुंचा




पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

भारत की आईकॉनिक एल्यूमिनियम उत्पादक और वेदांता एल्यूमिनियम की इकाई भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) करुणा, देखभाल और सह-अस्तित्व की संस्कृति को बढ़ावा देकर पशु कल्याण हेतु अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की पहल द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) ने अपनी सेवा के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। मानव, पशु और पर्यावरण कल्याण के परस्पर संबंध पर जोर देने वाले 'वन हैल्थ' विजन में निहित, टाको एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है, जो आश्रय, अस्पताल, अकादमी, वन्यजीव संरक्षण, आपदा राहत और क्षेत्र विकास के अपने छह स्तंभों के माध्यम से देखभाल को बढ़ावा देता है। इस मिशन में एक ऑन-ग्राउंड पार्टनर के रूप में बालको ने इस विजन को कोरबा, छत्तीसगढ़ में यथार्थ प्रभाव में बदलने में मदद की है। पिछले तीन वर्षों में, पशु कल्याण में बालको की ढांचागत कोशिशों ने 5,000 से अधिक पशुओं पर सकारात्मक असर डाला है, जो इस उद्देश्य के लिए बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पशु कल्याण के लिए उठाए गए कदम जैसे कि जिला पशु चिकित्सा विभाग के साथ साझेदारी में 3,000 से अधिक रिफ्लेक्टिव कॉलर का वितरण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करता है। इन्हें चार पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों द्वारा मुमकिन बनाया गया, जिससे 2,500 से अधिक मवेशियों को लाभ हुआ, जिसमें कृमिनाशक, घाव की देखभाल और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिससे स्थानीय किसानों को प्रत्यक्ष मदद मिली जो अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं। इन प्रयासों के आधार पर बालको ने लक्षित स्वास्थ्य पहल के माध्यम से आवारा कुत्तों के कल्याण के लिए भी काम किया है। टाको के सहयोग से, रेबीज जैसी जूनोटिक बीमारियों को रोकने के उददेश्य से अभियान के तहत 300 से अधिक कुत्तों को टीका लगाया गया। इसके अलावा, अत्यधिक गर्मी की चुनौतियों को समझते हुए आवारा पशुओं के लिए वाटर बाउल चैलेंज शुरू किया गया, जिसमें अधिक भीड़-भाड़ वाले इलाकों में हाइड्रेशन बाउल रखे गए और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया।

कर्मचारियों और स्थानीय स्वयंसेवकों ने नियमित रूप से भोजन और पानी के कटोरे रखकर इस पहल का सक्रिय समर्थन किया। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन और वेदांता लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक, टाको की संस्थापक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में टाको की यात्रा व्यक्तिगत और उददेश्यपूर्ण रही है। इसके मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली विश्वास है: जानवरों को भी इंसानों की तरह ही सम्मान, देखभाल और सुरक्षा मिलनी चाहिए। एक विजन के रूप में शुरू हुआ यह अभियान यह एक ऐसे करुणामय समुदाय में विकसित हुआ है, जिसमें आश्रय, अस्पताल, शिक्षा कार्यक्रम और आपातकालीन सेवाएं शामिल हैं। यह देखना अविश्वसनीय रूप से उत्साहजनक है कि कैसे इस मिशन ने गर्मी की तपिश के दौरान पानी के कटोरे रखने से लेकर आवारा जानवरों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने तक, हर रोज़ दयालुता के कार्यों को बढ़ावा दिया है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम मानते हैं कि जागरूकता और सहानुभूति से सार्थक बदलाव आ सकता है। मवेशियों पर रिफ्लेक्टिव कॉलर लगाने से लेकर गर्मियों के दौरान पानी के कटोरे रखने को प्रोत्साहित करने तक, ये छोटे-छोटे प्रयास प्रतिदिन कई जानवरों की जान बचा रहे हैं और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403